✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



महिलाओं के लिए संचालित पिंक बस का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 104 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 9 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

### आशा एवं ममता कार्यकर्ता के बाद आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं पर नीतीश सरकार मेहरबान

# आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं का मानदेय बढ़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की नीतीश कुमार सरकार राज्य विधानसभा चुनाव के पहले सौगातों की झड़ी लगा रही है। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद आगे बढ़कर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय को बढ़ाने का एलान किया है। सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 7 हजार से बढ़ाकर 9 हजार किया जा रहा है। इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 4 हजार से बढ़ाकर साढ़े 4 हजार किया जा रहा है। उनके निर्देश पर विभाग इसका प्रस्ताव आगे बढ़ाएगा। मंगलवार को कैबिनेट में उस प्रस्ताव पर मुहर लग जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सोशल मीडिया पर कहा कि नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। इसके लिए समेकित बाल विकास परियोजना के तहत छह तरह की सेवाएं दी जा रही हैं जो आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाभुकों तक



पहुंचाई जाती हैं। इसमें आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि इनके योगदान को देखते हुए मानदेय राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इससे सभी सेविकाओं और सहायिकाओं का उत्साह बढ़ेगा और समेकित बाल विकास सेवाएं और बेहतर तरीके से चल सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फैसला बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण और जीवन स्तर सुधारने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इससे पहले वह आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के मानदेय में भी बढ़ोतरी की थी। साथ ही विधवा, वृद्धा और अन्य तमाम सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को बढ़ा चुके हैं। नीतीश सरकार ने इस महीने से हर महिला के खाते में 10 हजार रुपये भेजने का ऐलान किया है।

## बिहार सरकार का फैसला ऐतिहासिक : सुशील

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की नीतीश



सरकार ने आंगनबाड़ी सेविका और आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ही सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं जीवन स्तर में सुधार करने में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उनकी इसी भूमिका का सम्मान करते हुये सरकार ने उनके मानदेय में वृद्धि का निर्णय लिया है।

## आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का काम सराहनीय : वीरेन्द्र


**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की



आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय बढ़ाकर 9,000 तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय से बढ़ाकर 4,500 रूपये करने का फैसला लिया गया है। नीतीश सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए नवीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन समेकित बाल विकास परियोजना के माध्यम से किया जाता है। इसके माध्यम से 6 प्रकार की सेवायें प्रदान की जा रही हैं। इन सेवाओं को लाभुकों तक पहुंचाने कराने में आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं सहायिकाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## सेविकाओं और सहायिकाओं का मनोबल बढ़ेगा : अनिल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की



एनडीए सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि करने की घोषणा करना स्वागतयोग्य है। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नीतीश सरकार के इस फैसले से आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि इससे उनका मनोबल बढ़ेगा तथा समेकित बाल विकास सेवाएं और बेहतर होंगी।

## आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में शामिल करें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर में किसी व्यक्ति की पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में मान्यता दे दी है। कोर्ट ने सोमवार को अपने आदेश में कहा कि किसी मतदाता को शामिल करने या हटाने के उद्देश्य से उसकी पहचान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आधार कार्ड को स्वीकार किया जाएगा और संबंधित अधिकारी इसे सत्यापित कर सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण में आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में शामिल करने की अनुमति दे दी है। पीठ ने जोर देकर कहा कि आधार का इस्तेमाल सिर्फ पहचान के प्रमाण के रूप में किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि संबंधित अधिकारी अन्य दस्तावेजों की तरह मतदाताओं के आधार की प्रमाणिकता और वास्तविकता की पुष्टि कर सकते हैं। इस फैसले से आधार कार्ड चुनाव आयोग द्वारा मान्य अन्य 11 दस्तावेजों के समकक्ष हो जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में फर्जी आइपीएस गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना पुलिस ने फुलवारी शरीफ इलाके से एक फर्जी आइपीएस को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम असलम अहमद है जो हाजीपुर हरमैन कॉलोनी वार्ड नंबर-20 का रहने वाला है। एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा और पश्चिमी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले एक दो महीने से वह एक्टिव था। खासकर के मेल भेजकर अपने आसपास के इलाके में जमीन पैमाइश कर रहे अमीनो को धमकाता था। लगातार इसके खिलाफ शिकायत आ रही थी। इसी के आधार पर कार्रवाई हुई है।

### युवक ने फांसी लगा दी जान

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के नवादा क्षेत्र नाइट मोहल्ले में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पहले उनसे एक वीडियो भी बनाया। 12 सेकेंड के वीडियो में युवक कुछ बोलता नहीं है, बस रोए जा रहा है। उसके गले में फंदा है, जो सीलिंग पर लगे पंखे से बंधा है। मृतक की पहचान राकेश उर्फ भोला सिंह (25) के तौर पर हुई है। उसकी पॉकेट से एक सुसाइड नोट भी मिला है। राकेश ग्रेजुएशन पार्ट-2 का स्टूडेंट था।

### बिरौल थानाध्यक्ष विशाल सिंह निलंबित

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बिरौल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विशाल कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में एफआइआर दर्ज करने में गंभीर लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की गई है। इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी के कार्यालय से आदेश जारी किया गया है। थाने की जिम्मेदारी सीआई सदर इंस्पेक्टर चन्द्रमणि को सौंपी गई है।

### आलमनगर से अपहृत मासूम पूर्णिया से बरामद

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** आलमनगर थाना क्षेत्र के भागीपुर गांव से रविवार की शाम अपहृत दो साल के मासूम बच्चे को पुलिस ने पूर्णिया से बरामद कर लिया है। पुलिस ने तीन अपहर्ताओं को भी गिरफ्तार किया है, जिसमें दो मधेपुरा और एक खगड़िया जिले का रहने वाला है। एक कार एवं गिरफ्तार आरोपितों का मोबाइल जब्त किया गया है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार अपराधियों की जानकारी देने से इंकार किया है। एसपी संदीप सिंह ने बताया कि बच्चे का फिरौती के लिए अपहरण किया गया था। घटना में शामिल अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पूरे ऑपरेशन के बाद सभी बदमाशों के नाम और उसके अपराधिक इतिहास की जानकारी दी जाएगी।

## राकेश कुमार ने पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 के कार्यपालक निदेशक का ग्रहण किया पदभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र -1 के कार्यपालक निदेशक के रूप में राकेश कुमार ने पदभार ग्रहण किया। श्री कुमार ने हरकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (एचबीटीआई) कानपुर से वर्ष 1987 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद वर्ष 1989 में उन्होंने एनटीपीसी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर ट्रेनी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। वर्ष 1991 में वे पावरग्रिड से इंजीनियर के पद पर जुड़े। गौरतलब है कि पूर्व में श्री कुमार ने उत्तरी क्षेत्र-ऋ उत्तरी क्षेत्र - ऋऋ केन्द्रीय कार्यालय परिसंपत्ति प्रबंधन, क्वालिटी एश्योरेंस, नेशनल ट्रांसमिशन एसेट मैनेजमेंट सेंटर तथा



अंतर्राष्ट्रीय कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट, दुबई जैसे महत्वपूर्ण विभागों एवं परियोजनाओं में अपना योगदान दिया है। श्री कुमार ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं एवं इन्हें इस क्षेत्र में 36 वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त है।

## वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर नीतीश ने जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार एवं 'द टेलीग्राफ के संपादक संकर्षण ठाकुर के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि संकर्षण ठाकुर का निधन पत्रकारिता जगत के लिये अपूरणीय क्षति है। संकर्षण ठाकुर पत्रकारिता जगत के जाने-माने नाम थे। उन्होंने बिहार की राजनीति से संबंधित पुस्तकें लिखीं हैं जिनमें 'अकेला आदमी' तथा 'द ब्रदर्स बिहारी' प्रमुख हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में इनके महत्वपूर्ण योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## बिहार में 6500 पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति जल्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 6500 पदों पर पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति जल्द होगी। इससे संबंधित प्रस्ताव को शिक्षा विभाग ने सहमति दे दी है। इसके बाद शिक्षा विभाग द्वारा अगले सप्ताह पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति संबंधी अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग को भेजी जाएगी। हालांकि, पुस्तकालयाध्यक्ष के पदों संबंधी रिक्तियां बीते सप्ताह ही जिलों से आ गई थी लेकिन सरकार के स्तर से तत्कालीन अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ के विकास आयुक्त पद पर पदस्थापन और उनकी जगह डा. बी. राजेन्दर को अपर मुख्य सचिव के रूप में तैनाती के चलते अधियाचना संबंधी प्रस्ताव तैयार करने



में देरी हुई। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य मंत्रिमंडल से पहले ही माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालयाध्यक्षों के खाली पदों पर नियुक्ति हेतु प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद शिक्षा विभाग ने सभी जिलों से संबंधित पदों के बारे में आवश्यक जानकारी मांगी गई थी, जो आ चुकी है। 6500 पुस्तकालयाध्यक्षों के पदों की रिक्ति पर नई नियुक्ति होगी। जिलों से रिक्ति मिलने तथा रोस्टर क्लियर कराने के बाद बीपीएससी को रिक्ति भेजी जाएगी। रोस्टर क्लियर के बाद बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजने का निर्णय हो चुका है। विद्यालय सहायक की तर्ज पर ही पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति होगी। महत्वपूर्ण बात यह कि पुस्तकालयाध्यक्ष का पद जिला कैडर का होगा। इनका स्थानांतरण जिला में होगा। विशेष परिस्थिति में माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा अन्य जिलों में स्थानांतरण किया जा सकता है। सेवाकाल में मृत्यु होने पर आश्रित को लिपिक या परिचारी के पद पर नियुक्ति होगी। पुस्तकालयाध्यक्ष पद के लिए अभ्यर्थी को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना अनिवार्य है।

# दो छात्रों के टकराने से एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** सदर थाना क्षेत्र के सीवों गांव स्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय में सोमवार की सुबह खेलने के दौरान दो बच्चे आपस में टकरा गए। इसके चलते एक छात्र की मौत हो गई। मृत छात्र सीवों गांव निवासी रामाकांत राम का पुत्र अनीश कुमार बताया जाता है। वह विद्यालय में कक्षा तीन में पढ़ता था। विद्यालय की सहायका शिक्षिका पूनम देवी ने बताया कि विद्यालय खुलने के समय ही छात्र आ रहे थे। इसी दौरान एक कक्षा दो का छात्र और अनीश दोनों आपस में टकराए। इसके बाद अनीश गिर गया। तब हमलोग भी मौजूद थे। उसे उठाए, गोद में लेकर सहलाए, पानी पीलाए तब तक कोई दिक्कत नहीं थी। उसने हमलोगों से



बात भी की। हाल चाल पूछा गया तो बताया कि ठीक है। उसकी बहन जो इसी विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा है वह भी मौजूद थी। हमलोगों ने ही अनीश के घर पर सूचना भेजी। उसकी मां आई। तब उसे ले गई। इसके बाद हमलोगों को कुछ जानकारी नहीं हुई। फिर विद्यालय में प्रार्थना हुई और सभी शिक्षक पढ़ाने में व्यस्त हो गए। हालांकि सहायक शिक्षिका ने यह बताया कि कुछ देर बाद जब अनीश के बारे में जानकारी ली गई तो पता चला कि अस्पताल में उसकी मौत हो गई है। उधर सदर अस्पताल में बच्चे को लेकर जब स्वजन पहुंचे तो चिकित्सक ने उसे मृत बताया। इसके बाद स्वजन उसके शव को लेकर तुरंत वापस घर चले गए। इसके चलते उसकी मौत का स्पष्ट कारण नहीं पता चल सका। लेकिन आशंका जताई जा रही है कि दौड़ने के दौरान दोनों छात्र के सामने से टकराने पर अनीश की छाती में गंभीर चोट लग गई। इसके चलते वह गिरकर बेहोश हो गया और कुछ देर के बाद ही उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के बाद सीवों गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

## औरंगाबाद में 19 करोड़ की लागत से बनेगा अटल कला भवन : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट



चौधरी ने कहा कि औरंगाबाद जिला मुख्यालय में अटल कला भवन निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के कार्यान्वयन पर 1973.26 लाख यानि उन्नीस करोड़ तिहत्तर लाख छब्बीस हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। श्री चौधरी ने कहा कि अटल कला भवन का निर्माण होने से औरंगाबाद जिले में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय कलाकारों और युवाओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि औरंगाबाद में उच्चस्तरीय कला भवन की स्थापना से न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा बल्कि बिहार की कला-संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार जिले को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ कला संस्कृति को भी बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में औरंगाबाद में अटल कला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। यह परियोजना ना केवल जिले के स्थानीय कलाकारों और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देगी बल्कि जिले को सांस्कृतिक पर्यटन मानचित्र पर भी एक विशेष पहचान दिलाएगी।

# सीएम नीतीश ने 80 पिंक बसों को दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 1 अणे मार्ग से सुगम परिवहन हेतु महिलाओं के लिए द्वितीय चरण में 80 पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी 1065 बसों में ई-टिकटिंग सुविधा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बसों को रवाना करने के पूर्व बसों का निरीक्षण किया और उसमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा उठाया गया यह महत्वपूर्ण कदम है जिसके तहत द्वितीय चरण में 80 पिंक बसों का परिचालन शुरू किया गया है। इससे महिलाओं का सफर सुरक्षित और आरामदायक होगा और उन्हें आवागमन में काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार



रवि, राज्य परिवहन आयुक्त आशुतोष द्विवेदी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। बता दें कि नीतीश सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में चार प्रमुख शहर पटना, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया और भागलपुर में महिलाओं के लिए विशेष 'पिंक बस सेवा' शुरू करने की घोषणा की थी। योजना के पहले चरण में मई 2025 में 20 सीएनजी पिंक बसों की शुरुआत की गई थी जिनमें से आठ बसें पटना में संचालित की जा रही हैं। अब दूसरे चरण में 80 नई बसें जुड़ने से महिलाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन और भी सुलभ हो गया है। इन बसों की खासियत यह है कि ये पूरी तरह से महिलाओं को समर्पित हैं और इनमें अत्याधुनिक सुविधाएं दी गई हैं। प्रत्येक बस में 22 आरामदायक सीटें, सीट बेल्ट, सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, आपातकालीन पैनिक बटन, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, मेडिकल किट और सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन की सुविधा मौजूद है। साथ ही म्यूजिक सिस्टम भी लगाया गया है ताकि सफर को आरामदायक बनाया जा सके।

## आतंकी साजिश से जुड़े मामले में आठ जगह छापा, दो गिरफ्तार

**कटिहार(नबिटा ब्यूरो)।** आतंकी साजिश से जुड़े मामले में जम्मू-कश्मीर और पांच राज्यों में एनआइए ने सोमवार को रेड की है। इसमें बिहार में आठ जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआइए की टीम ने कटिहार के सेमापुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर, बालूघाट और सुखासन गांव में दबिश दी है। इनमें इलाके के रहने वाले इकबाल, नूर आलम, हाशिम, निजाम, इसराफिल और रिजबुल के घर भी टीम पहुंची। इकबाल को जांच एजेंसी ने हिरासत में लिया है। इकबाल और रिजबुल के खिलाफ जनवरी में केस दर्ज किया गया था। इधर, गुजरात के सूरत से एनआइए की टीम ने कटिहार के रहने वाले मुतालिब को गिरफ्तार किया है। मुतालिब के भाई इसराफिल ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि हमारे घर भी एनआइए की टीम पहुंची थी। टीम ने सूरत में काम कर रहे मेरे भाई को गिरफ्तार किया है। इकबाल के खिलाफ आर्म्स एक्ट में पहले भी केस हुआ था।

Estd.- 2014 Mob.: 8804820059

UNIQUE CENTRAL SCHOOL

N.C. to VIIth (C.B.S.E Curriculum)

Saraswati Lane, Kailuchak, Masaurhi (Patna)





An Affiliated Unit of Devsharan Singh Educational & Social Welfare Trust



डॉ नवल किशोर सिंह
निदेशक

# राष्ट्रहित और जनसेवा एनडीए की पहचान : डॉ. दिलीप जायसवाल

## बिहार को अब 'लालटेन' नहीं, बिजली और उद्योग चाहिए : विजय सिन्हा


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार एनडीए द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आज आयोजित संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी पांचों घटक दलों के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश और जुनून को देखते हुए एक स्वर में कहा कि हमारी जीत तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का विधानसभा संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन आज सहरसा, लालगंज, मखदुमपुर, पीरपैंती, बेनीपट्टी सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किया गया। एनडीए विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सहरसा में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया तो लालगंज में कृष्ण कुमार मन्टू और प्रेम रंजन पटेल, मखदुमपुर में उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा और अमरेंद्र प्रताप सिंह, पीरपैंती में इंजीनियर शैलेन्द्र और श्रेयसी सिंह, बेनीपट्टी में मंत्री मंगल पांडेय और रामकृपाल यादव तथा बायसी में मंत्री रेणु देवी और शाहनवाज हुसैन ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इसके अलावा तारकिशोर प्रसाद और मंत्री जनक राम बेलसंड में, पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे और हरिभूषण ठाकुर शेरघाटी में मिथिलेश तिवारी और प्रमोद चंद्रवंशी मनिहारी में तथा केदार गुप्ता और बलराम मंडल हसनपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया। सहरसा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता और अटूट विश्वास स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि आने वाले चुनाव में एनडीए सरकार भारी बहुमत के साथ पुनः सत्ता में आने वाली है। उन्होंने कहा कि एनडीए का लक्ष्य सभी युवकों को रोजगार और नौकरी देना है। इसके लिए न केवल बिहार में विभागों के रिक्त पदों को भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तो समारोह आयोजित कर नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे हैं। लगातार स्वरोजगार के लिए योजनाएं लाई जा रही हैं। हाल ही में महिलाओं को 10 हजार रुपये देने की घोषणा की गई है जिस पर काम शुरू हो गया है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि आज विपक्ष किसी भी तरह बिहार में फिर से जंगलराज लाने को लेकर तरह-तरह के सब्जबाग दिखा रहा है। उन्होंने कांग्रेस सहित राजद पर बिहारियों को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ये केवल बांटने की राजनीति करती हैं।

# 14 सितम्बर तक हर हाल में चावल आपूर्ति सुनिश्चित करें : डॉ प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने विभागीय समीक्षा में कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत समितियों को चावल (सीएमआर) की शत-प्रतिशत आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए विस्तारित अवधि 14 सितम्बर 2025 तक का समय दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो समितियां लापरवाही बरतेंगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और प्राथमिकी दर्ज कराने तक की नौबत आ सकती है। समीक्षा बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी दैनिक कार्ययोजना बनाकर बिहार राज्य खाद्य निगम को अवशेष चावल की आपूर्ति 14 सितम्बर तक हर हाल में कराएं। साथ ही सभी जिलों को यह भी कहा गया है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें, बल्कि शीघ्र आपूर्ति पूरी करें। यदि दो दिनों के भीतर आपूर्ति प्रारंभ नहीं होती है तो संबंधित समितियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार किसानों से खरीदे गए धान के समतुल्य चावल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विभागीय स्तर पर दैनिक अनुश्रवण और समीक्षा की जा रही है। प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक तथा सहयोग समितियों को जिलों की कार्ययोजना के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। वहीं राज्यस्तरीय सभी नोडल पदाधिकारियों को उन जिलों में भ्रमण कर वस्तुस्थिति की समीक्षा करने को कहा गया है जहां चावल की आपूर्ति अधिक मात्रा में अवशेष है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कुल 26.61 लाख मीट्रिक टन चावल आपूर्ति का लक्ष्य रखा गया था जिसके विरुद्ध अब तक 26.10 लाख मीट्रिक टन अर्थात 98.10 प्रतिशत आपूर्ति की जा चुकी है। अभी भी लगभग 50 हजार 423 मीट्रिक टन चावल बिहार राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति किया जाना शेष है। भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने राज्य सरकार के अनुरोध पर आपूर्ति की अवधि को 14 सितम्बर 2025 तक बढ़ा दिया है।

# बिहार को मिली 12,739 विशेष ट्रेनों की सौगात, संजय मयूख ने जताया आभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद संजय मयूख ने छठ पर्व के अवसर पर बिहार को 12,739 विशेष ट्रेनों की सौगात मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि छठ लोक आस्था का महान पर्व है, जिसमें देश-विदेश से लाखों लोग बिहार लौटते हैं। ऐसे में विशेष ट्रेनों की व्यवस्था यात्रियों के लिए बड़ी राहत है। संजय मयूख ने बताया कि इस बार 12,739 विशेष ट्रेनों में से 8,591 ट्रेनों को नोटिफाई भी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 2024 में जहां 7,500 ट्रेनें चलाई गई थीं, वहीं इस बार लगभग दोगुनी संख्या में ट्रेनें उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की पहल से देशभर में रेल कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ी है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक अब भारत रेल मार्ग से एक हो चुका है और घर-घर तक ट्रेन पहुंच चुकी है। इससे देश के एक छोर से दूसरे छोर तक की यात्रा पहले से कहीं अधिक आसान हो गई है। श्री मयूख ने केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पहल बिहार के लोगों को सुविधाजनक यात्रा का अवसर देने के साथ-साथ राज्य के विकास को भी गति देगी। उन्होंने सूर्य भगवान से प्रार्थना की कि केंद्र सरकार इसी प्रकार निरंतर काम करती रहे ताकि बिहार को निरंतर प्रगति और सुविधाएं मिलती रहे।

# पपीता क्षेत्र विस्तार से किसानों की आय बढ़ेगी : विजय कुमार सिन्हा

## बागवानी विकास मिशन से 22 जिलों में पपीता क्षेत्र विस्तार योजना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में किसानों की आय वृद्धि और बागवानी क्षेत्र को नई दिशा देने के उद्देश्य से 22 जिलों में पपीता क्षेत्र विस्तार योजना लागू की जाएगी। यह योजना एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2026-27 तक दो वर्षों की अवधि के लिए स्वीकृत की गई है। इस पर कुल 1 करोड़ 50 लाख 75 हजार रुपये व्यय का प्रावधान है। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 90 लाख 45 हजार रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि योजना केंद्र प्रायोजित है, जिसमें केंद्र और राज्य का अंशदान 40-40 प्रतिशत होगा। इसके अलावा राज्य योजना मद से 20 प्रतिशत अतिरिक्त टॉप-अप का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों को प्रति हेक्टेयर 75 हजार रुपये की इकाई लागत पर कुल 60 प्रतिशत अर्थात 45 हजार रुपये का अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। यह अनुदान दो किस्तों में दिया जाएगा— पहली किस्त के रूप में 27 हजार रुपये और दूसरी किस्त के रूप में 18 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर। श्री सिन्हा ने बताया कि पपीते की खेती के लिए 2.2 मीटर की दूरी पर पौधे लगाने की व्यवस्था की गई है, जिससे प्रति हेक्टेयर लगभग 2500 पौधों की आवश्यकता होगी। किसानों को योजना का लाभ न्यूनतम 0.25 एकड़ (0.1 हेक्टेयर) से अधिकतम 5 एकड़ (2 हेक्टेयर) तक मिलेगा। यह योजना भोजपुर, बक्सर, गोपालगंज, जहानाबाद, लखीसराय, मधेपुरा, बेगूसराय, भागलपुर, दरभंगा, गया, कटिहार, खगड़िया, मुजफ्फरपुर, नालंदा, पश्चिम चंपारण, पटना, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, सहरसा, समस्तीपुर, मधुबनी और वैशाली जिलों में लागू की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पपीता विकास योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य में उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि होगी और किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय सुधार होगा

# बिहार के 14 जिलों में क्षेत्रीय युवा सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) बिहार प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की और कहा कि भाजयुमो बिहार में 14 क्षेत्रीय युवा सम्मेलन का आयोजन करेगी जिसका उद्देश्य इंडी गठबंधन के झूठ का पर्दाफाश करना और युवाओं के बीच जनसंपर्क बढ़ाना है। भाजयुमो बिहार में 14 क्षेत्रीय युवा सम्मेलन का आयोजन करेगी जिसमें देशभर से पार्टी के वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे। क्षेत्रीय युवा सम्मेलन का शुभारंभ 10 सितंबर को गोपालगंज जिले से होगा जहां भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। क्षेत्रीय युवा सम्मेलन में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, सांसद अनुराग ठाकुर, बांसुरी स्वराज, डॉ संजय जायसवाल, राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा,मंत्री नितिन नवीन सहित अन्य नेतागण विभिन्न जिलों में आयोजित क्षेत्रीय युवा सम्मेलन में भाग लेंगे। भाजयुमो नमो युवा रन का भी आयोजन करेगी जिसके माध्यम से युवाओं को स्वस्थ बिहार, शिक्षित बिहार का संदेश देगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर के दिन पटना में रक्तदान शिविर का शुभारंभ होगा और अगले दिन सभी 52 संगठनात्मक जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा ने कहा कि भाजयुमो लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बिहार के युवाओं से संपर्क कर रही है। बिहार के युवाओं को अंधेरे की गर्त में जाने से बचाकर एनडीए सरकार उनका उज्ज्वल भविष्य गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार और केंद्र सरकार युवाओं के सपनों के साथ खड़ी है और आगामी विधानसभा में बिहार के युवा दो युवराज के भ्रम और झूठ को अस्वीकार कर पुनः राजग की डबल इंजन सरकार बनाने के लिए उत्साहित है। प्रेस वार्ता में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवम सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राहुल रंजन, राहुल देव, राहुल आनंद, मनीष चौहान शामिल हुए।

# भारत के 15वें उपराष्ट्रपति का चुनाव क्यों कराना पड़ रहा : कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद द्वारा उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को लेकर लगाए गए आरोपों को तथ्यहीन और अनर्गल बताया है। उन्होंने कहा कि रेड्डी सामाजिक न्याय की लड़ाई और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के सशक्त उम्मीदवार हैं। दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर रविशंकर प्रसाद से पांच सीधे सवाल पूछे जिनमें पहला सवाल है कि क्या भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष को देश ने टेलीविजन पर रिश्वत लेते नहीं देखा और क्या इसके लिए उन्हें सजा नहीं हुई? क्या भाजपा ने जिन नेताओं को पहले भ्रष्टाचारी कहा, बाद में उन्हें गले लगाकर अपनी 'वॉशिंग मशीन' में धोया नहीं—चाहे वह हेमन्त बिस्वा शर्मा हों या अजीत पवार? क्या बिहार सरकार में भाजपा कोटे का एक मंत्री नकली दवाई मामले में सजायाफ्ता नहीं है? क्या बिहार में भाजपा-जेडीयू सरकार पर 70 हजार करोड़ रुपये के गबन का आरोप नहीं है? भारत के 15वें उपराष्ट्रपति का चुनाव क्यों कराना पड़ रहा है? धनकड़ ने किन कारणों से इस्तीफा दिया जबकि उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था? राजेश राम और शकील अहमद ने कहा कि बी. सुदर्शन रेड्डी ने सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों से मुलाकात की है।

# साक्षरता दिवस पर डॉक्यूमेंट्री से चला जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार विद्यापीठ के अंतर्गत देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने मानव शृंखला बनाकर समाज में साक्षरता के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि साक्षरता व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय विकास की आधारशिला है। कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम 'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना' पर विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षुओं को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से डिजिटल लिटरेसी की प्रायोगिक समझ दी गई। महाविद्यालय ने यह स्पष्ट किया कि आज के समय में डिजिटल साक्षरता एक अमूल्य कौशल है जो हर नागरिक के लिए आवश्यक है। क्षरता के साथ-साथ समाज में व्याप्त अंधविश्वास और रूढ़िवादिता पर प्रहार करते हुए विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'भगवान भरोसे' का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और सामाजिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, सचिव डॉ. राणा अवधेश, निदेशक शिक्षा, संस्कृति और संग्रहालय डॉ. मृदुला प्रकाश, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा, संयुक्त सचिव अवधेश नारायण और शोध निदेशक डॉ. वाई एल दास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक विज्ञान विभाग की डॉ. प्रतिमा कुमारी, रिंपल कुमारी और चन्द्रकान्त आर्य ने किया। उन्होंने सभी को साक्षरता के महत्व, सामाजिक बदलाव की दिशा और अंधविश्वास से दूर रहने का संदेश दिया। प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि साक्षरता केवल अक्षर ज्ञान नहीं है, बल्कि यह समाज में जागरूकता, सोच में परिवर्तन और देश के विकास का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वे समाज के हर वर्ग तक साक्षरता का संदेश पहुंचाएं। समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे एक साक्षर और अंधविश्वास-मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देंगे।

# जैन समाज ने मनाया क्षमावाणी पर्व



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दिगम्बर जैन धर्मावलम्बियों का 28 अगस्त से चल रहा 10 दिवसीय महापर्व पर्यूषण की 6 सितम्बर को हुई समाप्ति के बाद क्षमावाणी पर्व के साथ दशलक्षण पर्व समाप्त होता है। दसलक्षण पर्व का प्रारम्भ क्षमा धर्म की पूजा से हुई और आज क्षमावाणी पर्व के साथ समाप्त हुई। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि पूरे विश्व में सिर्फ जैन धर्म हीं ऐसा है जो क्षमा को पर्व की तरह मनाता है। आज मीठापुर सहित मुरादपुर, कमलदह जैन मंदिर अन्य सभी दिगम्बर जैन मन्दिरों क्षमावाणी की पूजा की गई। मीठापुर एवं श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान का 108 कलशों से अभिषेक किया गया। भगवान महावीर ने कहा है कि क्षमा द्वारा क्रोध को शांत करें।

# डीडीयू मंडल एवं धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर निम्नलिखित ट्रेनों का 2 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 13349 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस 10.09.2025 से 03.13/03.15 बजे अंकोरहा स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी सं. 13350 पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस 10.09.2025 से 23.47/23.49 बजे अंकोरहा स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी सं. 12397 गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस 10.09.2025 से 16.28/16.30 बजे चंदौली मझवार स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# हिन्दी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 1 सितंबर 2025 से 26.09.2025 तक आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज 08.09.2025 को हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी विभागों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। प्रतिभागियों को अपनी इच्छानुसार प्रतियोगिता में किसी एक विषय पर बोलना था। हिंदी वाक् प्रतियोगिता हेतु 02 विषय पूर्व में ही निश्चित किए गए थे। इस प्रतियोगिता के अवसर पर बोलते हुए उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी ने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा-2025 के अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार के निमित्त विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इससे रेलकर्मियों को राजभाषा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है एवं रेल कार्यालय में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है।

# होटल मौर्या में राज्यस्तरीय बिपकॉन-2025 में 200 चिकित्सकों ने लिया भाग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इंडियन चेस्ट सोसाइटी की बिहार राज्य शाखा के तत्वावधान में रविवार को होटल मौर्या में राज्यस्तरीय सीएमई 'बिपकॉन-2025' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने शिरकत की। बिहार राज्य शाखा के सचिव डॉ. सुधीर कुमार ने बताया कि इस बार सीएमई की थीम 'पीजी मास्टर क्लास' रखी गई थी। कार्यक्रम के अंतर्गत एचआरसीटी लंग्स पर डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. बी.के. चौधरी एवं डॉ. अमृता स्वाती, ब्रोंकोस्कोपी पर डॉ. आशीष सिन्हा, टीबी पर डॉ. मनीष शंकर, अस्थमा पर डॉ. साकेत शर्मा, न्यूमोनिया पर डॉ. कुमार अभिषेक, नई शोध पर डॉ. दीपेन्द्र राय, आईएलडी पर डॉ. राहुल कुमार तथा डीएलसीओ पर डॉ. प्रवीण शाही ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये।

# पटना कॉलेज में वृक्षों की टैगिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना कॉलेज के इको क्लब के द्वारा पटना कॉलेज के वानस्पतिक सर्वे के पश्चात पेड़ों को टैगिंग कर उनके पहचाना देने का कार्य शुरू किया गया। इसके तहत सभी वृक्षों के ऊपर एक पट्टी लगाई जा रही है जिसमें वृक्ष के हिंदी, अंग्रेजी तथा बोलचाल के नाम, उनके वैज्ञानिक नाम के साथ एक क्यूआर कोड है जिसके स्कैन करने पर छात्रों को वृक्ष की औषधीय उपयोग, आईयूसीएन स्थिति, फल का समय, आदि सभी जानकारी प्राप्त होगी। इसका उद्घाटन प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार के द्वारा किया है। मौके पर उन्होंने बताया कि आज के समय में सभी विषय के छात्रों को अपने पर्यावरण की पूर्ण रूप से समझने की आवश्यकता है जिसके लिए सबसे पहले उनको अपने आसपास के पौधों की जानकारी होना चाहिए, इसी उद्देश्य से ये बोर्ड लगाए गए है। छात्रों को इसका लाभ उठाना चाहिए। मौके पर पूर्व प्राचार्य प्रो.संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रकृति को करीब से जानने का माध्यम वृक्ष है, इसलिए छात्रों को इसकी जानकारी हो यह महत्वपूर्ण है।

# सोनालीका ने अगस्त की अब तक की सर्वाधिक 10932 ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सोनालीका ट्रैक्टर्स भारतीय किसानों के लिए एक सच्चे साथी के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करते हुए वित्त वर्ष 2026 में आक्रामक रूप से आगे बढ़ रहा है और कंपनी ने एक नया ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने अगस्त की अब तक की सर्वाधिक 10,932 ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की है जिसमें घरेलू बाजार में 28 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि शामिल है जो स्थानीय कृषि आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी की गहरी समझ को दर्शाता है। किसान-केंद्रित हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर विकसित करने की सोनालीका की प्रतिबद्धता कंपनी की निरंतर सफलता सुनिश्चित करते हुए किसानों को पूर्ण संतुष्टि और कृषि विकास में गति प्रदान करते हैं। सोनालीका ट्रैक्टर्स ने तीन साल पहले अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर ट्रैक्टरों की कीमतें प्रदर्शित करने का एक अभूतपूर्व कदम उठाया था जो आज भी भारतीय कृषि में पारदर्शिता का प्रतीक बना हुआ है।

# वार्षिक दशहरा मेला संपन्न, अंतिम दिन लोगों ने की जमकर खरीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित वार्षिक दशहरा मेला - 2025 का समापन समारोह ज्ञान भवन में संपन्न हुआ। 4 सितम्बर से 8 सितम्बर तक आयोजित इस मेले में अफगानिस्तान, बिहार सहित अन्य राज्यों के सैकड़ों महिला उधमियों ने हिस्सा लिया। मेले के समापन के दिन पटनावासियों ने जमकर खरीदारी की। एमएसएमई, सिडबी, नाबार्ड, केवीआईसी और डब्लूसीडीसी के सहयोग से आयोजित इस मेले में कुल 225 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे जिनकी कुल बिक्री तीन करोड़ पंचानवे लाख छह हजार सात सौ रही। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम की आगत अतिथियों ने इस सफल आयोजन के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों ने इस मेले में स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों का अच्छा प्रदर्शन किया है। महिलाओं में हुनर है, बस जरुरत है उन्हें आगे बढ़ने की। आज महिलाएं उद्यम सहित अन्य सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं और सशक्त हो रही हैं। वहीं अपने संबोधन में बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा ने कहा कि इस मेले को लेकर लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया रही।

### डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध बालू खनन के विरूद्ध पदाधिकारी छापेमारी कर कार्रवाई करें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक किया गया जिसमें रोहतास जिला के जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स के सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में खनिज विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रोहतास जिला के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 34535.76 लाख रूपया का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें 1.04.2025 से 6.09.2025 तक कुल 5011.33 लाख रूपये की वसूली हुई है। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा विभाग से प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत वसूली हेतु निदेशित किया गया। खनिज विकास पदाधिकारी रोहतास द्वारा बताया गया कि रोहतास जिलान्तर्गत वर्तमान में 20 बालूघाटों में से कुल 9 बालूघाट संचालित है एवं कुल 3 बालूघाट यथा- रोहतास सोन ब्लॉक-8, 9ए, 9बी की पर्यावरणीय स्वीकृति (इसी) प्राप्त करने हेतु एसइआईएए, पटना में मामला प्रक्रियाधीन है। जिलान्तर्गत प्रत्यार्पित कुल 5 बालूघाटों यथा- रोहतास सोन ब्लॉक 01, 02, 06, 10, 15 एवं बंदोबस्ती राशि के किस्तों का भुगतान नहीं किये जाने के कारण कुल 2 बालूघाट यथा - रोहतास सोन ब्लॉक- 04 एवं 12 की पुनः ई-नीलामी हेतु कार्रवाई की जा रही है। एक बालूघाट सोन ब्लॉक-16 का मामला उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सीडब्लूआइसी नं. 9808/2025 में 5.08.2025 को पारित आदेश के अलोक में नीलामी पर रोक लगायी गयी है। अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के बिंदु पर खनिज विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 31.08.2025 तक कुल 950 छापेमारी करते हुए 41 प्राथमिकी दर्ज की गयी है जिसमें कुल 68 वाहनों को जब्त करते हुए 78.76 लाख रूपये जुर्माना के रूप में वसूली की गई है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को नियमित रूप से छापेमारी को बढ़ाने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। खनिज विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में रोहतास जिलान्तर्गत कुल 9 बालूघाटों के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति में वर्णित प्रावधानों के आलोक में 15.06.2025 से 15.10.2025 तक बालूघाटों पर बालू खनन पर्यावरणीय हित में जिलान्तर्गत बालू बंदोबस्तधारियों द्वारा बालूघाट पर वर्षा ऋतु मीटर दूरी (सेकेन्ड्री लोडिंग स्थल) तक बालू भंडारित है जिससे वर्षा ऋतु में सुगमता पूर्वक उचित मूल्य पर कार्य विभागों एवं आमजन को बालू उपलब्ध कराया जा रहा है। रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से रोहतास जिलान्तर्गत बालू एवं गिट्टी के भंडारण एवं बिक्री हेतु कुल 30 भंडारण अनुज्ञप्ति निर्गत है जिससे वर्षा ऋतु में कार्य विभाग / आमजन द्वारा बालू का क्रय किया जा सकता है।

## डीएम की पहल पर स्लम एरिया के 13 बच्चे-बच्चियों का नामांकन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** 'जब बेटी आगे बढ़ती है, तो दुनिया दस्तूर बदलती है' यह कहावत रोहतास जिले में चरितार्थ हुआ है। दरअसल जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह की पहल पर कोचस के स्लम एरिया के कुल 13 बच्चे-बच्चियां अब स्कूल की चौखट तक पहुंच गए हैं। ज्ञात हो कि दो दिन पहले जिलाधिकारी कोचस क्षेत्र में निरीक्षण पर थीं। इसी दौरान उन्होंने सड़क किनारे एक छोटी बच्ची को बर्तन धोते देखा। जिलाधिकारी ने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और बच्ची दुलारी कुमारी से बातचीत की। बच्ची की स्थिति जानने के बाद उन्होंने मौके पर ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को आदेश दिया कि सोमवार तक बच्ची का नामांकन विद्यालय में हर हाल में कराया जाए।

## महिलाओं के योगदान से ही विकसित बिहार सम्भव : विकास वैभव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** महिलाओं के बिना योगदान के 2047 तक विकसित भारत में विकसित बिहार बनाना सम्भव नहीं है। उक्त बातें पुलिस महानिरीक्षक पटना विकास वैभव ने कहा। वे कुदरा के गॉडशाइन फाउंडेशन में महिला उद्यमिता को संबोधित कर रहे थे। फाउंडेशन अभी तक तीन हजार महिला व लड़कियों को निशुल्क प्रशिक्षण देकर स्वालम्बी बना चुका है। अध्यक्षता फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रीना गोस्वामी ने की। विकास वैभव ने विदुषी गार्गी वाचक्नवी के साहस, धैर्य व विद्वतापूर्ण प्रश्नों का स्मरण कराते हुए कहा कि जिस भूमि ने प्राचीनतम काल में ऐसी विदुषियों को साक्षात देखा हो, उसका भविष्य भला उज्ज्वलतम क्यों न हो? बिहार के विकास के लिए यह अत्यंत सुखद है कि गार्गी अध्याय आज बिहार में संकल्पित एवं प्रबुद्ध महिलाओं का प्रमुख वैचारिक एवं सामाजिक मंच बन चुका है। इसमें सीधे ढाई लाख लोग जुड़ चुके हैं जिसमें बीस हजार महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत बिहार के 14 जिलों में वंचित विद्यार्थियों के हितार्थ संचालित 27 निःशुल्क पाठशालाओं में से 10 जिलों में चलने वाले 22 केन्द्र विदुषियों द्वारा गार्गी पाठशाला के रूप में संचालित हैं। गार्गी अध्याय द्वारा वंचित महिलाओं के लिए गार्गी कला कौशल केंद्रों एवं गार्गी कृत्या तथा गार्गी गृहिणी जैसे प्रयासों से स्वरोजगार के अवसर विकसित किए जा रहे हैं।

## समर्थ क्लिनिक की पहल डिहरी में निःशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर डिहरी कैनाल रोड स्थित समर्थ क्लिनिक एवं फिजियोथैरेपी रिहेबिलिटेशन सेंटर द्वारा रविवार को एकदिवसीय निःशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डिहरी एवं आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों मरीजों की जांच और इलाज निःशुल्क किया गया। समर्थ क्लिनिक के डॉ. प्रेम प्रकाश ने बताया कि आज भी समाज में बहुत से लोग फिजियोथैरेपी के महत्व से अनजान हैं। इसी वजह से छोटी-छोटी बीमारियां समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण गंभीर रूप ले लेती हैं। उन्होंने कहा फिजियोथैरेपी केवल इलाज ही नहीं बल्कि जीवनशैली सुधारने का एक प्रभावी तरीका है। इस निःशुल्क शिविर का उद्देश्य मरीजों का इलाज करने के साथ-साथ उन्हें जागरूक करना भी है। वहीं क्लिनिक की विशेषज्ञ डॉ. निकिता चौहान ने कहा कि महिलाओं में फिजियोथैरेपी को लेकर जागरूकता अभियान की आवश्यकता सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि घर के कामकाज के दौरान लगी चोट या दर्द को महिलाएं अक्सर नजरअंदाज कर देती हैं जिससे आगे चलकर उनकी बीमारी गंभीर हो जाती है।

## भू-समाधान पोर्टल पर एंट्री नहीं करने पर पदाधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में भू-समाधान पोर्टल के तहत भूमि विवाद की समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि पिछले बैठक की तुलना में बैठक में अपेक्षित प्रगति नहीं होने तथा 9.08.2025 से 6.09.2025 तक भू-सामाधान पोर्टल पर थानाध्यक्ष अमझोर, आयर कोठा, चुटिया, डालमियानगर, दरिहट, डिहरी मुफस्सिल, इन्द्रपुरी, यदुनाथपुर, बड्डी, बड़हरी, चेनारी, दरिगांव, धौड़ॉड, करवन्दिया, कोचस, सासाराम, सासाराम नगर थाना द्वारा एक भी आवेदन की इन्ट्री नहीं किये जाने के कारण जिला पदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा संबंधित अंचलाधिकारियों, थानाध्यक्षों को भू-सामाधान पोर्टल पर सभी लंबित मामलों को अपलोड करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष को निदेश दिया गया कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों की भू-समाधान पोर्टल पर इन्ट्री नहीं किये जाने पर संबंधित पदाधिकारी पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद की बैठक की कार्यवाही निश्चित रूप से भू- सामाधान पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे तथा अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिस थाना का इंट्री शून्य है वहां भूमि विवाद से संबंधित मामलों की बैठक में समीक्षा कर निश्चित रूप से भू-समाधान पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे तथा बैठक की कार्यवाही की एक प्रति गृह विभाग, पटना को भी भेजना सुनिश्चित करेंगे। सभी थानाध्यक्ष, भूमि विवाद से संबंधित बैठक का रोस्टर बनाकर प्रत्येक शनिवार को अंचल स्तर पर आयोजित बैठक में भाग लेने तथा उसकी प्रति संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को भी भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## नदी में डूबने से वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के बडीहा गांव के निकट सोन नदी में सोमवार को स्नान करने के क्रम में पैर फिसल जाने से गहरे पानी में एक वृद्ध व्यक्ति नदी में डूब गया। गांव के ही भाजपा नेता सह बीस सूत्री सदस्य आनंद पांडेय ने बताया कि पितृ पक्ष में सोन तटीय गांव के लोग अक्सर सोन नदी में स्नान कर पितरों की याद में जल देते हुए पिंडदान व पूजा पाठ करते हैं। इसी क्रम में उक्त गांव के नंदकुमार पांडेय 60 वर्ष सोन नदी में तेज बहाव के कारण गहरे पानी में डूब गए जिसकी सूचना थाने को दी गई है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए इंद्रपुरी थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने अंचलाधिकारी को दूरभाष पर मामले की जानकारी देते हुए दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंची। थानाध्यक्ष के अनुसार स्थानीय गोताखोर के माध्यम से नदी में डूबे व्यक्ति को खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

## कैमूर में आकाश आनंद का दौरा कल, तैयारी में जुटे बसपा कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** बहुजन समाज पार्टी के नेता विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि 10 सितंबर को भभुआ नगर पालिका मैदान में 12 बजे दिन में बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के आगमन को लेकर कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। इस क्रम में प्रदेश महासचिव बसपा सह जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ भभुआ में बैठक की। सर्वजन हिताय यात्रा सह जनसभा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया और कहा कि कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में दम खम लगाने की बात कही। कैमूर में आकाश आनंद के दौरा से युवाओं मे उत्साह है और इसको लेकर भभुआ विधानसभा क्षेत्र के हर गांव गांव में तैयारी जोर शोर से जारी है। लल्लू पटेल ने कहा कि इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बहुजन समाज सहित सर्व समाज के लोग शामिल होंगे। इस बैठक में पीतांबर कुमार, दीपक पटेल, राजवंश कुशवाहा, सुदर्शन चन्द्रवंशी, अभय पटेल, कमलेश गोंड, विजय चेरो, मनोज पासवान, जीतेन्द्र चेरो, रविंद्र यादव, प्रदीप कुशवाहा, सुहैल अंसारी, विजय मांझी, रवि कुमार गुप्ता, संजू पासवान, तूफानी पटेल, अमित पाण्डेय, ओम प्रकाश राम, भूषण पटेल, मनीष शर्मा, संजय शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास के नौ आरोपित समेत 35 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने हत्या के प्रयास के नौ समेत विभिन्न कांडों के 35 आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवाए को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में आर्म्स एक्ट, विविध, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि पुलिस दबिश के कारण विभिन्न थाना क्षेत्र के कांडों के आधे दर्जन आरोपितों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 575 लीटर देशी, 59 लीटर देशी मसालेदार व दो लीटर अंग्रेजी शराब, एक बाइक, एक कार, सोने की एक अंगूठी, एक जोड़ी चांदी का पायल व दो हजार नगद बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 78 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## फिजियोथेरेपी की भारत के अलावा विदेशों में मांग : सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण इंस्टिट्यूट ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के फिजियोथैरेपी विभाग के तत्वावधान में -'स्वस्थ वृद्धावस्था' विषय पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फिजियोथेरेपी का प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं को बुजुर्गों के साथ उनके जीवन शैली में सुधार कर उन्हें सहज बनाने पर फोकस किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के सचिव गोविंद नारायण सिंह एवं प्रतिकुलपति डॉ जगदीश सिंह ने उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में फिजियोथेरेपी एक महत्वपूर्ण विधा के रूप में जानी जा रही है। उम्र दराज होने के बाद लगभग सभी लोगों को इसकी आवश्यकता पड़ रही है। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपी बगैर औषधि का उपयोग किये कौशल पूर्ण तरीके से व्यक्ति को शारीरिक समस्याओं का समाधान करता है। चाहे वह हड्डी फ्रैक्चर का मरीज हो अथवा कोई अन्य शारीरिक दर्द की समस्याएं हों, सभी में कारगर साबित हो रहा है। इस अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग अध्यक्ष तथा विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण डीन डॉक्टर अंशुमान ने संबोधित करते हुए कहा कि फिजियोथेरेपी सेवा की भारत के अलावा विदेशों में काफी मांग है तथा इसके छात्र अपने सामर्थ्य और कौशल से स्वतंत्र रूप से कार्य करके काफी ख्याति अर्जित कर सकते हैं। इस अवसर पर संकाय के डीन डॉक्टर नीरज कुमार ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया एवं इस महत्वपूर्ण अवसर पर समय देने के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप, नारायण केयर के प्रभारी डा. अवनीश रंजन आदि ने भी संबोधित किया।

## राधा-शांता महाविद्यालय में स्थापना दिवस सह बाबू राधा प्रसाद सिंह जयंती समारोह संपन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तिलौथू (रोहतास)।** राधा-शांता महाविद्यालय तिलौथू में महाविद्यालय स्थापना दिवस सह बाबू राधा प्रसाद सिंह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पुरस्कार वितरण एवं अतिथि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. अशोक कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को शॉल एवं श्रीमद् भागवत गीता भेंटकर सम्मानित किया। सफल मंच संचालन उर्दू विभाग के अध्यक्ष गुलाम हैदर ने महाविद्यालय की दो छात्राओं के सहयोग से किया। विश्व विख्यात लेखिका बुशरा अंजुम ने अपने दो पुस्तक कुलपति को भेंट स्वरूप दिए। हालांकि समारोह उत्साहपूर्ण रहा, किंतु विद्यार्थियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर किसी ने चर्चा नहीं की जबकि कार्यक्रम में स्वयं विश्वविद्यालय के कुलपति उपस्थित थे।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/15 दिनांक- 08.09.2025

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2025**

**Offline MOP-UP कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2025/13 एवं 2025/14 दिनांक- 30.08.2025 के अनुसार ITICAT-2025 की Offline Mop-up Counselling में सम्मिलित होने के लिये Willingness submit करने की अंतिम तिथि 08.09.2025 निर्धारित है। **छात्रहित में ITICAT-2025 की Offline Mop-up Counselling के लिए Willingness submit करने एवं Offline Mop-up Counselling से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

| क्र. | कार्यक्रम | पूर्व निर्धारित तिथि | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| i. | Date for **Online Willingness** for attending MOP-UP Counselling | 02.09.2025 से 08.09.2025 | 02.09.2025 से 11.09.2025 |
| ii. | **Publication of Counselling Programme** | 10.09.2025 | 13.09.2025 |
| iii. | Starting **date of Offline Counselling** | 13.09.2025 | 16.09.2025 |

(2) पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/13 दिनांक- 30.08.2025 की अन्य शर्त्ते / नियम यथावत् रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक


## दरिहट एके जैन हाई स्कूल को मिला पीएम श्री का दर्जा

### दरिहट कन्या मध्य विद्यालय की कक्षा 6 से 8 तक होगी मर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड में दो उच्च माध्यमिक विद्यालयों को पीएम श्री का दर्जा मिला जिसमें अशोक कुमार जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय दरिहट व उच्च विद्यालय डालमियानगर शामिल है। बताते चलें कि पीएम श्री दर्जा मिलने वाले विद्यालय को अब केंद्रीय व नवोदय विद्यालय जैसे आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। यह भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य देश भर में 14,500 से अधिक स्कूलों के बुनियादी ढांचे और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। वहीं बिहार में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के तहत कुल 836 तथा रोहतास जिले में 30 स्कूलों को स्वीकृत किया गया है जिनमें कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई होगी। योजना के तहत चयनित इन स्कूलों को आदर्श स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा और डिजिटल क्लासरूम व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। वहीं एके जैन हाई स्कूल को पीएम श्री का दर्जा मिलने से दरिहट गांव निवासी अनिल सिंह, अशोक कुमार सिंह, विनोद सिंह, नागेंद्र सिंह, मिनी पांडे व मजहर हुसैन ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानाध्यापक को धन्यवाद दिया। विदित हो कि अकोढ़ीगोला प्रखंड में भी दो विद्यालयों को पीएम श्री का दर्जा मिला है जिसमें चौबे जवाहर उच्च विद्यालय, भीम करूप व उच्च विद्यालय, चाप शामिल हैं।

**क्या कहते हैं प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार**

डिहरी प्रखंड में दो विद्यालयों को सरकार ने पीएम श्री दर्जा दिया है। अब केंद्रीय विद्यालय तथा नवोदय विद्यालय जैसे सुविधा इस विद्यालय में उपलब्ध हो गई।

**क्या कहते हैं बीओ डॉ संजय कुमार सिंह**

यह योजना शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने कि सरकार एक नई नीति है। चयनित स्कूलों को आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। डिहरी प्रखंड में दो विद्यालय को पीएम श्री का दर्जा मिला है जिसमें दरिहट एके जैन हाई स्कूल एवं उच्च विद्यालय डालमियानगर शामिल है। पीएम श्री का दर्जा मिलने वाले विद्यालयों को केंद्रीय विद्यालय जैसे सुविधाएं उपलब्ध होगी। डिजिटल क्लासरूम, प्रयोगशालाएं और आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण शामिल है। इन चयनित पीएम श्री स्कूलों में कन्या मध्य विद्यालयों को कक्षा 6 से 8 तक मर्ज किया जाएगा। दरिहट हाई स्कूल का खाता भी खुल गया है।

## स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा गंगू मेहतर का इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा : मोहन राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा जिनके रग-रग में देश आजादी की लहू दौड़ता रहा वैसे वीर सपूत की वीरगाथा को इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में लिखा जाना चाहिए था जिस वीर सपूतों ने 1857 की लड़ाई में नाना साहेब की सेना में सूबेदार के पद पर रह कर अपने शागिर्दो के सहयोग से सैकड़ों अंग्रेजों को मौत के घाट उतार दिया हो उस महान वीर सपूत का इतिहास कहां गुम हो गया। मेहतर सेवा संघ बिहार के अध्यक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन राम, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के वरीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कृष्णा राम दानापुर (पटना), अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार ( झा), अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय सचिव राजकुमार राउत (मधेपुरा), वरीय समाजसेवी राजकुमार पूर्वे, वरीय समाजसेवी डॉ मोतीलाल राम, प्रभात कुमार राउत वरिष्ठ नेता जदयू, देवेंद्र प्रताप वरिष्ठ नेता ई कांग्रेस गया, त्रिलोकी राउत नेता राजद सीतामढ़ी, मेहतर सेवा संघ बिहार के उपाध्यक्ष सुधीर राउत, उपाध्यक्ष मंजू देवी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राम, कोषाध्यक्ष वीर बसंत लाल, महासचिव मुन्ना कुमार एवं सचिव अशोक कुमार रावत आदि लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा की पुण्यतिथि के अवसर पर शत- शत नमन किया। मोहन राम ने बताया कि गंगू मेहतर का जन्म एक गरीब सफाई मजदूर के परिवार में हुआ था, इनके पूर्वज कानपुर जिले के अकबरपुर गांव के रहने वाले थे। सामंतों द्वारा जुल्म व अत्याचार के कारण इनके पूर्वज कानपुर शहर के चुंगी इलाके में रहने लगे।


**कार्यालय- जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।**
**संयुक्त कृषि भवन, प्रथम तल, पिपराकलां, गढ़वा- 822114**
E-Mail Id- horticulturegarhwa2021@gmail.com

**अति अल्पकालीन उद्धरण सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा के अन्तर्गत विभागीय राज्यादेश सं0- 17 दिनांक 28.05.2025 के आलोक वित्तीय वर्ष 2025-26 में चल रहे राज्य उद्यान विकास योजना की उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत जिला-गढ़वा भाहर एवं उसके आस-पास के सटे हुए शहरों में बसे परिवार के घरों के निकट खाली पड़े छोटे भू-खण्ड, सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती हेतु बीज, फुलों फलों तथा साज-सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु पंजीकृत इच्छुक स्थानीय Service Provider/Nursery चयन के साथ समानों का दर निर्धारण हेतु दिनांक 18-09-2025 के अपराह्न 2:00 बजे तक दर हेतु उद्धरण मुहरबंद निविदा बंद लिफाफें में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत नामित जिला स्तरीय गठित चार सदस्यीय समिति के समक्ष उपस्थिति में जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा में खोला जायेगा।

**Technical Bid**

I. Bidder must be reputed manufacturer/Authorised Dealer/Firms/Agency/Govt.or Non-Govt. Organisation/ Companies. (Enclose supporting documents).
II. It should have at least one year experience in the field of gardening or land scaping or roof top/terrace ii horticulture. Supporting Work order/experience certificate issued from Govt. or Non Govt. Organisation should be attached with proposal in support of experience.
III. Registration Certificate and detailed information of nursery, firm/Company etc should be attached. The Agency must have a demonstration plot and after sale service centre in Jharkhand.
IV. The bidder should furnish a self-attested copy of PAN & GST registration with their application.
V. The bidder should furnish self-attested copy of GST return of atleast 02 (two) quarter of last 12 months.
VI. The average annual turnover of the bidder must not be less than Rs. 5.00 lakhs in any the last financial year. Details of the audited balance sheet certified by CA for the last financial year should be attached along with the application.
VII. ITR of Last Three Financial Years 2022-23, 2023-24 & 2024-25.
VIII. An undertaking (self-certificate) that the bidder hasn't been blacklisted by a central/state government institution and that there has been no litigation with any government department on account of similar services must be submitted.

**Financial Bid**

I. Urban Farming के तहत लगाये जाने वाले पौध सामग्रियों तथा अन्य उपादानों की सूची विस्तृत रूप से garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।
II. सूची में वर्णित सामग्रियों का बंद लिफाफे में Financial Bid किया जायेगा।
नोटः- विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा से सम्पर्क किया जा सकता है एवं मोबाईल नम्बर- 7906432739 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

PR.NO.361363 Agriculture(25-26):D — जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।

# पात्र परिवारों तक हर योजना का लाभ पहुंचाना प्रशासन की पहली प्राथमिकता : डीएम





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को डीआरडीए सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बीपीएल परिवारों को लाभान्वित करने में हो रही विलंबता को दूर करना और सभी पात्र लोगों तक योजनाओं को पहुंचाना था। डीएम ने बैठक में कहा कि सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएँ तभी सफल होंगी जब पात्र परिवारों तक उनका लाभ समय पर और पारदर्शी ढंग से पहुँचे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बीपीएल सूची में शामिल प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने पंचायत सचिवों को आदेश दिया कि वे अपने-अपने पंचायतों में "बैक ट्रेस" अभियान चलाकर ऐसे परिवारों की पहचान करें जो अब तक योजनाओं से वंचित हैं। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों, मुखिया, वार्ड सदस्य और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। बैठक में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत कबीर अन्त्येष्टि अनुदान योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्तता पेंशन सहित दिव्यांगजन सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाएं प्रमुख रहीं। मुख्य योजनाएं और लाभ प्रभारी सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा कोषांग) अमरनाथ कुमार ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत बीपीएल परिवारों के 60 से 79 वर्ष तक के वृद्धजनों को 1100 तथा 80 वर्ष से ऊपर वालों को 1500 प्रतिमाह पेंशन मिलता है।

विधवा पेंशन योजना में 40 से 79 वर्ष की विधवा महिलाओं को 1100 प्रतिमाह दिया जाता है। निशक्तता पेंशन योजना अंतर्गत 80% या उससे अधिक दिव्यांगता वाले 18 से 79 वर्ष तक के व्यक्तियों को 1100 प्रतिमाह पेंशन मिलता है। राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना के तहत मुख्य अर्जनकर्ता की मृत्यु पर आश्रित परिवार को एकमुश्त 20,000 की सहायता दी जाती है।

कबीर अन्त्येष्टि अनुदान योजना में गरीब परिवारों को अंतिम संस्कार हेतु 3,000 की मदद दी जाती है।

इसी प्रकार, प्रभारी सहायक निदेशक (दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग) रितेश कुमार ने दिव्यांगजन और बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना **"संबल"** के तहत कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण, बैट्री चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने की सुविधा शामिल है। परवरिश योजना के तहत अनाथ, बेसहारा एवं एचआईवी/कुष्ठ रोग से प्रभावित बच्चों को 1000 प्रतिमाह दिया जाता है। वहीं स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत असुरक्षित परिस्थितियों में जी रहे बच्चों को अधिकतम 4000 प्रतिमाह तक की सहायता प्रदान की जाती है। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ लेने में पात्र परिवारों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। सभी स्तरों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि कोई भी पात्र परिवार योजनाओं से वंचित न रहे। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, नवादा सदर अनुमंडल के पंचायत सचिव सहित सामाजिक सुरक्षा कोषांग और अन्य शाखाओं के अधिकारी-कर्मी मौजूद रहे। डीएम ने अंत में दोहराया कि शासन की संवेदनशीलता और प्रशासन की तत्परता तभी सफल होगी, जब सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोग इन योजनाओं से समय पर लाभान्वित हों।

## जिला पशुपालन पदाधिकारी ने राजकीय पशु चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार द्वारा राजकीय पशु चिकित्सालय बिहारशरीफ का औचक निरीक्षण किया गया। इस पशु चिकित्सालय में 24x7 पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई गई है जिसके अंतर्गत प्रातः 8:30 से अपराह्न 2:30 बजे तक वाह्य रोगी चिकित्सा और अपराह्न 2:30 बजे से पूर्वाह्न 8:30 बजे तकतक आपातकालीन पशु चिकित्सा सेवा की सुविधा उपलब्ध है। इस 24x7 पशु चिकित्सा सेवा के लिए एक पशु शल्य चिकित्सक एवं दो पशु चिकित्सक पदस्थापित हैं, जो रोस्टर के अनुसार कार्य करते हैं। औचक निरीक्षण के समय कई पशुपालक उपस्थित थे और उनके पशुओं की चिकित्सा और चिकित्सीय सलाह दिया जा रहा था। उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया गया और सभी कर्मी उपस्थित पाए गए। इस पशु चिकित्सालय में कोई भी समूह 'ग' कर्मी पदस्थापित नहीं था और पिछले माह सेवा प्रदाता कंपनी के द्वारा संविदा पर हुई नियुक्ति में एक कर्मी को पदस्थापित किया गया है। साथ ही रात्रि प्रहरी और अनुसेवक के कार्यों के लिए संविदा वाले दो कर्मचारियों को कार्यान्वित किया गया है। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी को समय का पालन और पशुपालकों की सुविधा का पूरा ख्याल रखने का निदेश दिया गया।

## जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ का जिला स्तरीय सम्मेलन

### नीतीश सरकार की उपलब्धियों पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व राजनीतिक गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) शिक्षा प्रकोष्ठ का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को शहर के चिकसौरा रोड स्थित एक पैलेस में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार बिहार के सर्वमान्य नेता हैं, जिन्हें पूरे देश में "विकास पुरुष" के नाम से जाना जाता है। उनके नेतृत्व में 19 वर्षों के शासनकाल में न्याय के साथ सभी जातियों और समुदायों का विकास हुआ है। जदयू प्रदेश प्रवक्ता प्रो. जितेंद्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने रोजगार वर्धन योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार की महिला को 10,000 की सहायता राशि दिए जाने की योजना का उल्लेख किया। विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने कहा कि बिहार का विकास मॉडल आज पूरे देश के लिए प्रेरणा बन गया है। बिहार सरकार के पिछड़ा आयोग के सदस्य जनार्दन प्रसाद सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार साफ-सुथरी छवि वाले नेता हैं और वे परिवारवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करते। जदयू जिला अध्यक्ष मो. अरशद ने विश्वास जताया कि 2025 विधानसभा चुनाव में नालंदा की सभी सीटों पर एनडीए की जीत होगी। युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास कुमार, पूर्व विधायक उषा सिन्हा और अन्य नेताओं ने भी मुख्यमंत्री की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। मंच संचालन प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार विद्यार्थी ने किया। सम्मेलन में पूर्व जिला अध्यक्ष बनारस प्रसाद सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष कुदन कुमार, थरथरी अध्यक्ष राजकुमार, करायपरसुराय अध्यक्ष अगम कुमार, जिला पार्षद उदयनंदन, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, नगर अध्यक्ष ललन प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। नेताओं ने सम्मेलन की सफलता के लिए जिला इकाई को बधाई दी और आगामी चुनाव में पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## नवादा जिला खेल सम्मान समारोह में सम्मानित हुए सैकड़ों खिलाड़ी




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सोमवार को नवादा में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैडमिंटन खिलाड़ी गुलशन कुमार ने किया। कार्यक्रम कि शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मेजर ध्यानचंद, मेवालाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस समरोह के मुख्यातिथि सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी एवं जमुई विधायक श्रेयसी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आनंद गौरव, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा डॉ सीमा शर्मा, क्रीड़ा भारती के नालंदा विभाग के कार्यनंद शर्मा उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि खेल जीवन का अनमोल हिस्सा है खेल हमें एक संतुलित और स्वस्थ जीवन को बनाए रखने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की है कि वे इस अवसर पर अपने परिवार और मित्रों के साथ खेल गतिविधियों में भाग लें और एक स्वस्थ एवं सक्रिय भारत के निर्माण की दिशा में एक कदम बढ़ाएं। कार्यक्रम में विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। डॉ. सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक व मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और अनुशासन की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों के हित में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। विशेषकर "खेलो इंडिया" कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति, खेल उपकरण एवं राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। विशिष्ट अतिथि श्रेयसी सिंह ने खिलाड़ियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और अटूट समर्पण को स्वीकार करते हुए, कहा कि उन्होंने न केवल अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है बल्कि वैश्विक मंच पर बिहार,भारतीय ध्वज का भी मान बढ़ाया है। महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव डॉ. सीमा शर्मा ने कहा कि भारत को मेंस एशिया कप हॉकी चैंपियन विजेता बनने पर बधाई दी । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए किए जा रहे कदम अभूतपूर्व हैं। जीविका दीदी को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, महामंत्री अरविन्द गुप्ता, गौरव शांडिल्य, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत सिन्हा, उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, मंत्री निशा राजवंशी, सोशल मीडिया संयोजक संदीप कुमार, जिला क्रिकेट संघ के सचिव मनीष आनंद, मनीष गोविंद, सत्यजीत, विक्रम यादव, अलखदेव यादव, शिवकुमार प्रसाद, श्रवण वर्णनवाल, रौशन आर्य व अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाजयुमो की कार्यसमिति की बैठक

**नवादा।** प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को अपने पार्टी कार्यालय में बैठक की गई। जिसमें सेवा पखवाड़ा के विभिन्न कार्यक्रमों जैसे स्वच्छता अभियान, रक्तदान, एक पेड़ मां के नाम, स्वास्थ्य शिविर, सांसद खेल-कूद प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन, एवं गांधी जयंती में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का निर्णय लिया गया साथ ही साथ 12 सितंबर को पटना के बाढ़ क्षेत्र में हो रहे युवा सम्मेलन में भाग लेने पर जोर दिया गया। सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग ठाकुर एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर उपस्थित भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजित शंकर, भाजपा उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, भाजपा महामंत्री गगन गौरव, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत सिन्हा, भाजयुमो महामंत्री रोहित कुमार, विकास चौधरी भाजयुमो उपाध्याय हिमांशु कुमार भाजयुमो जिला मंत्री साकेत कुमार प्रवक्ता उमंग राज बिट्टू एवं मंडल अध्यक्ष और कार्यसमिति सदस्य मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर निकली जागरुकता रैली

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में निकाली गई जागरूकता रैली में बच्चों ने शिक्षा एवं साक्षरता से संबंधित स्लोगन लगाए। पढ़ेंगे पढ़ाएंगे साक्षर समाज बनाएंगे, दीप से दीप जलाएंगे साक्षर भारत बनाएंगे, हम बच्चों का नारा है शिक्षा का अधिकार हमारा है, सबने यही ठाना है देश को साक्षर बनाना है। जागरूकता रैली विद्यालय परिसर से निकाली गई। विद्यालय के पोषक क्षेत्र में भ्रमण के बाद बच्चे विद्यालय पहुंचें। जागरूकता रैली में वरीय शिक्षक मो. अख्तर, शिक्षक मो. सोहराब कुरैशी, रेखा कुमारी, फरहत जहां, अजय कुमार विश्वकर्मा, अभिजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### राहुल वर्मा फिल्म प्रोडक्शन संस्थान का मना स्थापना दिवस

जी हां राहुल वर्मा फिल्म प्रोडक्शन का दस साल पुरा हुआ है सिर्फ इतना ही नहीं इस संस्थान ने 10 साल में बहुत कुछ पाया और नवादा ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी अपनी पहचान दिखाई है। अध्यक्ष राहुल वर्मा ने ऐलान किया की इस राहुल वर्मा फिल्म प्रोडक्शन द्वारा एक्टिंग, फिल्म मेकिंग, स्टोरी राइटिंग आदि की ट्रेनिंग फ्री में दी जायेगी और देश के अलग अलग जगहों फिल्मी महाराथों को बुलाकर वर्कशॉप भी दी जायेगी। इस संस्थान द्वारा लगभग 10 सालों से नवादा जिला में एक्टिंग फिल्म मेकिंग की ट्रेनिंग दी जाती है और इस संस्थान ने काफी कलाकारों को जन्म भी दिया और उन्होंने अपनी पहचान बनाई। नवादा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का जन्म भी इसी संस्था की देन है जिससे लगभग 84 देशों में नवादा को जाना जाता और प्लेटफॉर्म भी दिया जाता है। आज 10 साल पुरा होने पर फिल्म प्रोडक्शन की टीम और निर्देशक के द्वारा केक काटकर इस संस्थान के 10 साल के सफल सफर को मनाया। मौके पर टीम के अनुभवी मेंबर आर्यन, रौशन, नजरे आलम, राहुल रिलैक्स, अभिषेक, सौरव गिरी, मुरलीधर, बादशाह गोल्डेन, आर के रौशन, रंजन सिन्हा, आरवि, जिम्मी, स्नेहिल परी, मनोरंजन कुमार, स्नेहलता, अर्चना, रानी गुप्ता, अशोक वर्मा, राजकुमार वर्मा, विकाश कुमार और संस्था के निर्देशक आदि लोग मौजूद थे।

### भूमि विवाद में युवक की हत्या

**बिहारशरीफ।** चिकसौरा थाना क्षेत्र के चंदरविगहा गांव में रविवार की रात जमीनी विवाद को लेकर हुई कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। इस दौरान एक व्यक्ति की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान चंदरविगहा गांव निवासी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद के 56 वर्षीय पुत्र बिन्दा प्रसाद के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। हाल ही में सरकारी सर्वे कार्य के दौरान गोतिया पक्ष ने मृतक के हिस्से की जमीन अपने नाम दर्ज करा ली थी। इसी बात को लेकर तनाव और बढ़ गया था। रविवार की रात करीब आठ बजे इस विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर बहस हुई, जो देखते-ही-देखते गाली-गलौज और हाथापाई में बदल गई। आरोप है कि गोतिया पक्ष के लोगों ने मिलकर बिन्दा प्रसाद पर लाठी-डंडों और लात-घूसों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बिन्दा प्रसाद को परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चिकसौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिवार ने चार लोगों के खिलाफ नामजद आवेदन दिया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता संपन्न

नवबिहार टाइमस ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भारत विकास परिषद बिहार श्री शाखा की ओर से रविवार को आईएमए हॉल में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के कई विद्यालयों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर हसनपुर, राजगीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नालंदा विद्यापीठ पतासंग के छात्रों ने द्वितीय और गुरुकुल विद्यापीठ बिहारशरीफ ने तृतीय स्थान हासिल किया। परिषद के सचिव रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि विजेता दल प्रांतीय स्तर पर परिषद का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहां सफलता मिलने पर क्षेत्रीय और फिर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता का अवसर मिलेगा। विदित हो कि बिहारशरीफ के बच्चों ने पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर भी उपलब्धि दर्ज की है। निर्णायक मंडल में पटना से आए प्रसिद्ध कलाकार लोकेश सिंह, अनिल सिन्हा और एम.के. राजू शामिल थे। मंच संचालन परिषद के प्रांतीय वित्त सचिव प्रो. डॉ. रंजन आशुतोष शरण ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मधुलिका बिहारी ने की। इस अवसर पर परिषद के कोषाध्यक्ष डॉ. उदय देवराजन सहित कई पदाधिकारियों ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में परिषद के सदस्य अशोक कुमार जैन, विनोद कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, आशीष रंजन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


## सामाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी भीड़, राजबल्लभ ने विरोधियों पर साधा निशाना



नवबिहार टाइमस संवाददाता

**नवादा।** पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने सोमवार को आयोजित विशाल सामाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने विरोधियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, जबकि सच्चाई अदालत और जनता के सामने आएगी। राजबल्लभ प्रसाद ने कहा कि विरोधियों ने उनके बयान को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया है। "मैं स्पष्टवादी हूं, आदमी को आदमी और जानवर को जानवर कहता हूं। किसी भी महिला को मैं जानवर कैसे कह सकता हूं?" उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव की पत्नी का नाम आगे कर उन्हें बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि झूठ फैलाने वालों को जनता तो सबक सिखाएगी ही, साथ ही अदालत का भी सामना करना पड़ेगा। उन्होंने विनय यादव को चुनौती देते हुए कहा कि अगर ताकत आजमानी है तो गोवर्द्धन मंदिर समिति के दंगल में आमने-सामने कुश्ती लड़ी जाए। "जीत गए तो ग्यारह लाख का इनाम दूंगा, लेकिन अगर एक घंटे दब गए तो जिम्मेदारी उनकी होगी," उन्होंने व्यंग्य किया। बिना नाम लिए कौशल यादव पर भी हमला बोला और कहा कि उन पर हत्या, अपहरण और बालू घोटाले के कई मामले दर्ज हैं, बावजूद इसके वे बड़े नेताओं की पैरवी से बच जाते हैं। सम्मेलन में उमड़ी भारी भीड़ से उत्साहित राजबल्लभ प्रसाद ने मंच से सैकड़ों वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और पत्रकारों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विशेष रूप से पत्रकार साकेत बिहारी, वरुणेंद्र कुमार रमेश, अशोक प्रियदर्शी, रवीन्द्रनाथ भैया और मनमोहन कृष्ण को उन्होंने स्वयं सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी देवकी मांझी ने की जबकि संचालन प्रिंस तमन्ना ने किया। सम्मेलन को सदर विधायक विभा देवी, रजौली विधायक प्रकाशवीर, एमएलसी अशोक कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया और राजबल्लभ प्रसाद के योगदान की सराहना की।

## प्रशाखा पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर पुलिस पदाधिकारियों की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**बिहारशरीफ।** अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन मो. शफीक की अध्यक्षता में बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आगामी 10 सितंबर को आयोजित होने वाली सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के प्रतियोगिता परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सभी केंद्राधीक्षकों , प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया। विदित हो कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 10 सितंबर 2025 (बुधवार) को एकल पाली की परीक्षा मध्याह्न 12 बजे से 02:15 बजे अपराह्न तक आयोजित की जाएगी। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि आयोग के गाइडलाइन का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल आयोजन हेतु 30 स्टैटिक दंडाधिकारी, 7 जोनल दंडाधिकारी एवं 03 उड़नदस्ता दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये है। परीक्षा का आयोजन बिहार शरीफ जिला मुख्यालय के 15 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। इन परीक्षा केंद्रों पर में 9336 अभ्यर्थी शामिल होंगे। संपूर्ण परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के 500 गज परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परीक्षा के सफल आयोजन के मद्देनजर जिला मुख्यालय बिहार शरीफ में यातायात व्यवस्था सुगम बनाये रखने को लेकर अलग से दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है। स्वच्छ, निष्पक्ष,कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी,जैमर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## राजद की महिला विंग्स ने पूर्वमंत्री का किया पुतला दहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय में राजद की महिला विंग्स ने सोमवार को राजद पार्टी से निष्कासित पूर्वमंत्री राजबल्लभ यादव के खिलाफ सड़क पर उतरकर विरोध में नारे लगाए एवं पुतला दहन कर विरोध जताई।बता दें नवादा के राजद नेता व पूर्व राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने खुली मंच से तेजस्वी प्रसाद यादव की पत्नी राजश्री यादव पर अभद्र टिप्पणी किया।उन्होंने अपने भाषण में राजश्री को जर्सी गाय की संज्ञा दिया, जिसके बाद नवादा जिले में राजद द्वारा विभिन्न जगहों पर विरोध शुरू हो गया। राजद के बजरंगबली चौक स्थित रजौली प्रखंड कार्यालय से राष्ट्रीय जनता दल की महिला नेत्री डॉ. सुनीता यादव के अध्यक्षता में महिला विंग्स द्वारा विरोध रैली निकाली गई।इस क्रम में महिला विंग्स में शामिल सैकड़ों महिलाएं हाथों में झाड़ू लेकर रजौली बायपास चौक पर पैदल नारेबाजी करती हुई पूर्वमंत्री का पुतला दहन की। इस मौके पर राजद महिला जिला उपाध्यक्ष रेखा देवी एवं रजौली प्रमुख सरोज देवी भी उपस्थित रहीं। डॉ. सुनीता यादव ने कहा कि जो महिलाओं को सम्मान नहीं करता उसका पार्टी पक्षधर नहीं है।वहीं रजौली प्रमुख सरोज देवी समेत राजद नेत्रियों ने कहा कि राजबल्लभ प्रसाद जेल गए,लेकिन सुधरे नहीं है।वे और उनके परिवार हमेशा पार्टी विरोधी काम कर रहें हैं एवं हमेशा पार्टी व पार्टी के नेताओं पर कटाक्ष कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि पूर्व में जो आरोप उनपर लगा वह गलत नहीं था।साथ ही कही कि जिस तरह से हमारे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की धर्मपत्नी राजश्री यादव पर कटाक्ष कर उन्हें अपमानित किया गया,वह गलत है। महिला नेत्री डॉ. सुनीता यादव ने कहा जब से जेल वापस आए हैं और भाजपा के मंच पर गए हैं,वे भी भाजपाईयों की तरह हो गए।साथ ही कही कि महिलाओं पर गंदी नजर और महिला पर टिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं।वहीं जिला महिला उपाध्यक्ष रेखा देवी ने कहा पूर्व मंत्री हमेशा से महिलाओं को प्रति नजर खराब रहा है। इस मौके पर महिला प्रखंड अध्यक्ष संजू देवी, रीता देवी, पंचायत समिति सदस्य फुलवा देवी,सरिता देवी एवं रिया देवी समेत दर्जनों नेत्री एवं सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी।

## राजन नायक बने दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिला दवा विक्रेता संघ के चुनाव में राजन कुमार ने अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया है। इन्होंने अपने प्रतिद्वंदी रूपलता देवी को पराजित किया। इस चुनाव को लेकर कराए गए मतदान के बाद हुई मतगणना में राजन कुमार को 349 मत प्राप्त हुए। जबकि रूपलता देवी को 285 मत मिले। 99 मत रद्द हुए। वहीं सचिव पद पर योगेंद्र कुमार ने जीत दर्ज की। इन्हें 377 मत मिले। जबकि अंजू देवी को 335 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव पंकज कुमार चौरसिया ने जीता। इन्हें 358 मत मिले। जबकि पुष्पा कुमारी को 312 और भोला प्रसाद को 21 मत प्राप्त हुए। संगठन सचिव के पद पर परवेज अख्तर चुनाव जीते। इन्हें 381 मत मिले। संयुक्त सचिव का चुनाव मनोज कुमार मन्नु ने जीता। इन्हें 384 मत प्राप्त हुआ। सुष्मिता को 324 मत मिला। उपाध्यक्ष पद के लिए सेवानंद सिंह चुनाव जीते। इन्हें 382 मत मिला। मीना देवी को 325 मत मिला। इस चुनाव में कुल 733 मत पड़े। इस चुनाव को कराने के लिए पटना से पांच पर्यवेक्षक आए थे। जबकि शेखपुरा जिला से तीन पर्यवेक्षक आए थे। शेखपुरा से आए पर्यवेक्षक अभय कुमार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हो गया है।

## शिविर में भाभा रिसर्च सेंटर के इंजीनियर ने दी परमाणु ऊर्जा की गहराई से जानकारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** संयुक्त वार्षिक शिविर में आज सोमवार को भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर मुंबई के इंजीनियर रामकृष्ण ने परमाणु ऊर्जा जागरुकता व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने आधुनिक जीवन में ऊर्जा का महत्व, वैश्विक ऊर्जा मांग और चुनौतियां, परमाणु ऊर्जा,परमाणु ऊर्जा संयंत्र कैसे काम करता है, दुनिया भर में परमाणु ऊर्जा का वर्तमान हिस्सा, परमाणु ऊर्जा के लाभ तथा स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में परमाणु ऊर्जा की भूमिका आदि के बारे में बताया। साथ ही उन्होने एनपीसीआईएल भारत में परमाणु ऊर्जा का उपयोग कैसे कर रहा है और भारत में वर्तमान परमाणु ऊर्जा संयंत्र और भविष्य की योजनाएं क्या हैं। इस पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाती है। तथा पृष्ठभूमि विकिरण और परमाणु संयंत्र किस स्तर के विकिरण से जनता को लाभ पहुंचाते हैं एवं परमाणु क्षेत्र में करियर और अवसर आदि के बारे में भी जानकारी दी। इससे पहले जेपी ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन के परिसर में कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बाहरी के निर्देशन में चल रहे संयुक्त वार्षिक शिविर-14 में कैडेटों के बीच टग ऑफ वार प्रतियोगिता, इंटर सिंडिकेट क्विज प्रतियोगिता,फायरिंग प्रतियोगिता, ड्रिल प्रतियोगिता और वेपन ट्रेनिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के अलावा अन्य जिलों से आए दर्जनों विद्यालय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–20–25, दिनांक 03.09.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–20–25 के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अधीन टीटीसी अपराइट और डीए पर सिग्नल के प्रावधान के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.93,07,253/– **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 1,86,200/–, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 25.09.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/ वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-283/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पितृपक्ष मेला की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे डीएम-एसएसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से किये गए व्यवस्थाओं का जायजा लेने सोमवार को सुबह सुबह ही जिले के डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार ने बायपास विष्णुपथ से सीधे देवघाट होते हुए गया जी डैम तक एवं संक्रिर्ण गालियां होते हुए मंदिर प्रांगण, मंदिर परिसर, संवाद सदन से चांद चौरा मोड़ तक पैदल निकल पड़े। रास्ते में लगे विभिन्न प्रशासनिक शिविरों के निरीक्षण में कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि दूर दराज से आए सभी तीर्थ यात्रियों की सेवा पूरी ईमानदारी से करें। अपने शिविर के समीप किसी यात्री की कोई समस्या रहने पर उन्हें पूरी सहयोग करें। यदि आसपास तीर्थयात्री आते हैं तो उनसे जानकारी लेने का प्रयास करें यदि उनकी कोई समस्या आती है तो स्वयं समाधान करें अन्यथा नियंत्रण कक्ष को सूचित कर उनकी समस्या को निदान करवाये। इसके पश्चात वो विष्णुपद संवास सदन पास रुक-रुक कर भीड़ प्रबंधन करने लगे, यात्रियों से अपील किये की कतारबद्ध तरीके से मंदिर में जाये। इसके बाद वो संकीर्ण गलियों में भीड़ नियंत्रण हेतु किये गए व्यवस्थाओं को देखते हुए देवघाट पहुंचे। देवघाट, गया जी डैम, गजाधर घाट, शमशाम घाट, विष्णुपथ पहुंच कर विभिन्न स्नानगार, टॉयलेट एवं चेंजिंग रूम के सफाई व्यवस्था को देखा। साथ ही निर्देश दिया कि नियमित सफाई करवाते रहे। गंदगी जहां भी रहे तुरंत हटवाए एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाए। वापसी के दौरान देव घाट पर रुक कर यात्रियों के भीड़ को देखा, घाट से बाहर निकालने हेतु शमशान घाट के सहारे निकास करवाने का लगातार अनाउंसमेंट करवाते रहने का निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि यात्रियों के विभिन्न जानकारी लगातार माइक सिस्टम से करवाते रहें। पूजा करवा रहे विभिन्न पंडीजी को अपील किया है कि यात्रियों से पूजन सामग्री नदी में न प्रवाहित करवाये, घाट पर पर्याप्त पीट बनवाये गए हैं साथ में पर्याप्त डस्टबिन भी लगाए गए हैं उसी में तर्पण सामग्री को प्रवाहित करें। नदी को स्वच्छ रखने में आपका एवं हमारा कर्तव्य है कि इसे साफ रखें। ताकि अन्य यात्रियों को भी स्वच्छ एवं निर्मल पानी मिल सके। उन्होंने एसडीआरएफ के टीम को निर्देश दिया कि अर्ली मॉर्निंग से दोपहर 12:00 बजे तक लगातार नाव से घुमते रहे तथा पूरी अलर्ट में रहकर नजर रखें कि कहीं कोई हताहत नहीं हो, यदि कहीं हताहत होने की सूचना मिले या दिखे तो त्वरित गति से काम करें। इसके पूर्व वरीय जोनल दंडाधिकारी द्वारा नाव के माध्यम से डैम से विष्णुपथ एवं डैम से सीताकुंड तक भीड़ को देखा है, जिसपर डीएम ने निर्देश दिया कि घाट पर भीड़ को और कैसे बेहतर भीड़ प्रबंधन किया जाए, इसपर विचार करे जोनल अधिकारी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पितृपक्ष मेला के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी जोनल एवं सेक्टर पदाधिकारी को निर्देशित करें कि प्रत्येक दिन अपनी पाली वार संबंधित प्रतिनियुक्ति स्थान पर उपस्थित रहकर अपनी उपस्थिति का फोटो लेते हुए पितृपक्ष मेला व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।

# एनडीए ही विकास की राह पर ले जाएगा बिहार को : श्रवण कुमार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के ऐतिहासिक रंगलाल हाई स्कूल के मैदान में सोमवार को एनडीए का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में भावी प्रत्याशियों ने अपना दमखम दिखाते हुए टिकट की दावेदारी को लेकर जोर लगाया। हजारों की संख्या में जुटे समर्थकों की मौजूदगी से मैदान खचाखच भर गया। माहौल पूरी तरह राजनीतिक रंग में डूबा दिखा। कार्यक्रम में जदयू कोटे से मंत्री श्रवण कुमार और हम पार्टी के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों नेताओं ने एनडीए की एकजुटता और मजबूती पर जोर दिया। श्रवण कुमार ने कहा बिहार की जनता विकास चाहती है और विकास सिर्फ एनडीए कर सकती है। आने वाला चुनाव हमारे लिए जनसमर्थन की ताकत को दिखाने का मौका है। वहीं डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा एनडीए गठबंधन ही बिहार का भविष्य है। हम सब मिलकर गरीबों, किसानों और नौजवानों की आवाज को बुलंद करेंगे। सम्मेलन के दौरान कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। मंच से नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मजबूती से चुनाव की तैयारी करने का आह्वान किया। इस बीच भावी प्रत्याशियों ने भी समर्थकों की भीड़ के जरिए अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। समर्थकों के नारों और तालियों से पूरा मैदान गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह ने किया। उन्होंने कहा शेरघाटी में एनडीए का हर कार्यकर्ता एकजुट है और हम सभी मिलकर इस बार प्रचंड जीत दिलाएंगे। सम्मेलन में भाजपा, जदयू और हम पार्टी एलजेपी रामविलास व रालोसपा कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी ने यह साबित कर दिया कि शेरघाटी की राजनीति में एनडीए अभी भी मजबूत पकड़ बनाए हुए है।

# श्रम एवं समाज कल्याण विभाग में मनाया गया शिक्षक दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर श्रम एवं समाज कल्याण विभाग में शिक्षक दिवस इस वर्ष सादगी और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. आर. एस. जमुआर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभाग की प्रभारी डॉ. वंदना कुमारी, सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार और डॉ. अविनाश कुमार भी समारोह में मौजूद रहे। वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का शिक्षा-दर्शन आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक होते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों द्वारा वंदना गीत से हुआ, जिसे रिंकू कुमारी ने स्वर दिया। इसके बाद छात्रों ने अपने शिक्षकों को सम्मानित किया और आभार व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि वे गुरुजनों के मार्गदर्शन से समाज कल्याण की दिशा में योगदान देंगे। समारोह के अंत में केक काटकर शिक्षकों को सम्मान दिया गया। इस अवसर पर छात्र मनोज कुमार, सामवेद कुमार, रंजीत राज, रवि राज, अंबुज कुमार और अभिषेक कुमार भी उपस्थित थे।

## प्रतिनियुक्त प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के कर्तव्यों की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में पितृपक्ष मेला 2025 के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित संचालन हेतु सोमवार को एसएसपी और डीएम के द्वारा सभी सेक्टर में प्रतिनियुक्त प्रशासनीक एवं पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों के कर्तव्यों की जांच की गई तथा मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को और बेहतर करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात, जल व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्देश दिया गया।

# दार्शनिक योगदान को समझे बिना अधूरा है शिक्षा का उद्देश्य : डॉ अनूप पति तिवारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में सोमवार को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महान दार्शनिक और शिक्षाविद राधाकृष्णन के विचारों और योगदान से विद्यार्थियों को अवगत कराना तथा शिक्षकों और छात्रों में विचारशीलता और मूल्यपरक शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना था। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत भाषण से हुआ। मंच संचालन दर्शनशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ प्रियंका तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा का लक्ष्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने, नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का होना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ अनूप पति तिवारी ने राधाकृष्णन के दार्शनिक अवदान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने उनकी कृतियों, पुस्तकों और व्याख्यानों का उल्लेख करते हुए बताया कि राधाकृष्णन ने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म को पश्चिमी भौतिकतावादी चिंतन के समक्ष एक शांतिपूर्ण और श्रेष्ठ जीवन दृष्टि के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा यदि किसी को विवेकानन्द, टैगोर और गांधी को समझना है तो पहले राधाकृष्णन को पढ़ना चाहिए। डॉ तिवारी ने यह भी कहा कि राधाकृष्णन ने शिक्षा को केवल ज्ञान के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं माना, बल्कि उसे चरित्र निर्माण और नैतिक शिक्षा का माध्यम बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. जावेद अंजुम ने की जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ रामनारायण मिश्र ने दिया। अंत में विशेष सत्र आयोजित हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछे और डॉ अनूप पति तिवारी तथा प्रो. जावेद अंजुम ने उनके उत्तर दिए। छात्रों ने इस सत्र को प्रेरणादायक और लाभकारी बताया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पाली विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार, प्रो. कृष्णदेव प्रसाद वर्मा, डॉ वागेश कुमार, संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ उमेश राय, डॉ एकता वर्मा सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित थे। छात्रों में कुमार सौरभ, मो. तफसीर आलम, नंदनी कुमारी, आरती कुमारी, मधु कुमारी, सुबोध कुमार, नीतू कुमारी और रिंकी कुमारी प्रमुख रहे। सभी ने राधाकृष्णन के विचारों को आत्मसात कर समाज कल्याण में योगदान देने का संकल्प लिया।

# मतदाता सूची में प्राप्त दावा, आपत्तियों के निराकरण को लेकर राजनीतिक दल के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** सोमवार को मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में प्राप्त दावा, आपत्तियों के निराकरण से संबंधित 231 टेकारी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रखंड अध्यक्ष एवं सचिव के साथ अनुमंडल कार्यालय टेकारी में एक आवश्यक बैठक आहुत की गई है। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचित पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन के द्वारा की गई। बैठक में सहायक निर्वाचित पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी टिकारी योगेंद्र पासवान एवं सहायक निर्वाचित पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी कोंच विपुल भारद्वाज तथा जिला पार्षद टेकारी सुरेश यादव, नगर अध्यक्ष भाजपा मुकेश जैन, कम्युनिस्ट पार्टी से रवि कुमार एवं प्रखण्ड अध्यक्ष कांग्रेस कोंच प्रेम रंजन कुमार उपस्थित थे।

# जीबीएम कॉलेज में विश्व बंधुत्व दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में एनएसएस इकाई, सेहत केन्द्र एवं विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानाचार्या डॉ. सीमा पटेल की अध्यक्षता में 11 सितंबर को मनाये जाने वाले विश्व बंधुत्व दिवस के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।निर्दिष्ट विषय विश्व बंधुत्व में आज का भारत पर प्रतिभागी के रूप में छात्रा रिमझिम कुमारी, गीतांजलि, सिमरन कुमारी, साधना, नैना कुमारी, शिवानी सिंह, लक्ष्मी कुमारी, कोमल कुमारी एवं प्रियंका कुमारी ने अपने विचार रखे। निर्णायक मंडल के सदस्यों में विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी गया जी के विभाग संचालक एवं मिर्जा गालिब कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. अरुण कुमार प्रसाद व नगर संचालक संजय किशोर, जीबीएम कॉलेज की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ प्यारे मांझी थे।

# रोजगार शिविर में 75 नवयुवकों को मिला ऑन द स्पॉट नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** श्रम संसाधन विभाग अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गयाजी के उप निदेशक्क (नियोजन) रजिया इदरिसी एवं नियोजन पदाधिकारी आकृति कुमारी के कुशल निर्देशन में सोमवार को वजीरगंज के चौहान गली स्थित कौशल विकास केंद्र सक्षम स्किल्स डेवलपमेंट अकादमी में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया गया।इस रोजगार शिविर में पेरेग्रिन सेक्यूरिटी गार्डिग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के लिये 163 नवयुवकों का साक्षात्कार लिया गया,जिसमें 75 प्रतिभागियों को ऑन द स्पॉट नियुक्ति पत्र दिया गया। कंपनी के ऑपरेशन मैनेजर बी.पी. सिंह एवं सहायक मैनेजर (प्रशिक्षण) आर के चौधरी ने बताया कि सभी चयनित युवकों को प्रशिक्षण के लिये पटना बुलाया गया है जिन्हें प्रशिक्षण के बाद भारत के विभिन्न संस्थानों में योगदान के लिये भेजा जाएगा। इस मौके पर जिला कौशल प्रबंधक (बीएसडीएम) देवेंद्र कुमार राय, सक्षम स्किल्स डेवलपमेंट अकादमी के सेंटर ऑनर संतोष कुमार सहित सेंटर कोर्डिनेटर दीपू कुमार ,जितेंद्र कुमार, अनीषा कुमारी, सुमन कुमारी, बीएसडीसी सेंटर कॉर्डिनेटर कुंदन कुमार सहित साक्षात्कार के लिये पहुंचे सभी 163 युवक मौजूद थे।

# अहियापुर सहित पांच गांवों में विधायक डॉ. अनिल कुमार ने किया सड़क का शिलान्यास




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच प्रखंड क्षेत्र के अहियापुर, अल्पा, सियाडीह मठिया, बेदौली और बिजहारा मठिया गांव में सोमवार को विधायक डॉ. अनिल कुमार ने सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़क और बिजली की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और लोगों ने विधायक का स्वागत किया।

# मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व और कार्यों पर आधारित पुस्तक 'विकास पुरुष' का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान परिषद सभागार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के व्यक्तित्व और कार्यों पर आधारित पुस्तक 'विकास पुरुष' का लोकार्पण बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विधान परिषद उपसभापति प्रो राम वचन राय ने किया। प्रख्यात लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने बताया कि इस पुस्तक के माध्यम से उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संघर्ष, दृष्टिकोण और विकासोन्मुख सोच को शब्दों में पिरोने का प्रयास किया है। विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री को विकास कार्यों को प्रारंभिक दौर से देखता आ रहा हूं। इन्होंने विकास कार्य को प्राथमिकता दी है। लेखक मुरली जी ने इस पुस्तक के माध्यम से नीतीश सरकार की छवि को बहुत ही करीने से प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया है। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा- बिहार का गौरवशाली इतिहास है। नीतीश जी ने बिहार में बसावट तक कनेक्टिविटी कर बिहार को विकसित राज्य बना दिया है। मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने विकास पुरुष पुस्तक में उन सारे विकासात्मक तथ्यों को भी उजागर किया है जो नई पीढ़ी को जानना बहुत जरूरी है। विशिष्ट अतिथि प्रो. नवल किशोर यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के विकास कार्य ही उनकी पहचान है। नीतीश जी खुद में ही इतिहास पुरुष बन चुके हैं। बिहार धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नन्दन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कार्य बोल रहा है। इन्होंने इतना कार्य किया है कि पूरी दुनिया इनकी मुरीद है। पूर्व मंत्री श्याम रजक ने अपने सम्बोधन में कहा कि नीतीश जी ने बिहार के विकास में खुद को पूरी तरह झोंक दिया आज उसी का नतीजा है कि बिहार अलग पहचान कायम कर चुका है।

# पितृपक्ष में गयाजी के उत्तर तथा दक्षिण दिशा के सड़कों की ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ हो : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, प्रद्युम्न दुबे, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, दीपू लाल भैया, केशों मेहरबार आदि ने कहा कि गयाजी का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला का आज तीसरा सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा किए गए इंतजामात में शहर के उत्तर दिशा का मुख्य मार्ग पंचायती अखाड़ा- रामशीला तीनमुहानि से कंडी तक तथा दक्षिण दिशा में बाइपास तीन चारमुहानी तथा कई बेदियां जिसके पास व्यस्त सड़क है वहां ट्रैफिक की सुदृढ़ व्यवस्था नहीं होने से घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। नेताओं ने कहा कि पितृपक्ष मेला में हजारों पुलिस बल की तैनाती के बाद भी ट्रैफिक जाम होना समझ से परे है, गयाजी-पटना रोड में किरानी घाट, पंचायती अखाड़ा, रामशीला बेदी, बागेश्वरी मोड़, बाल उद्यान तक दर्जनों ट्रैफिक पुलिस, एन सी सी, स्काउट गाइड के कैडेट का सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक पूरी जिम्मेवारियों के साथ ड्यूटी करने से जाम की समस्या का समाधान होगा।

# मोरहर नदी में मिला कंकाल, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** आमस-शेरघाटी बॉर्डर स्थित मोरहर नदी में रविवार के देर रात एक कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार कुछ स्थानीय लोग नदी किनारे घूमने गए थे, तभी उन्होंने पानी में कंकाल फंसा देखा। इसकी सूचना तुरंत शेरघाटी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कंकाल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक स्तर पर कंकाल पूरी तरह हड्डियों में बदल चुका है जिससे मृतक की पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

# जनसुराज ने किया सभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के कोंची गांव के रेडक्रास मैदान में बिहार बदलाव सभा कार्यक्रम के तहत गुरूआ विधान सभा क्षेत्र से टिकट के प्रबल दावेदार रविरंजन दांगी द्वारा विशाल सभा का आयोजन किया गया। सभा में करीब दस हजार से अधिक जन समुदाय ने शिरकत किया।


## कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, कार्यालय पत्रांक 992 दिनांक 29.08.2025, PR.No. 360938Agriculture(25-26)D के द्वारा झारखण्ड मिलेट मिशन योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन से सम्बन्धित प्रकाशित विज्ञापन में आवेदन तिथि 30 अगस्त 2025 के स्थान पर अगले आदेश तक योजना के पोर्टल https://jhmm.jharkhand.gov.in पर आवेदन/पंजीकरण जारी है, समझा जाए। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

किसान बन्धु वांछित कागजातों के साथ अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र में जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 361266 (Agriculture)25-26*D


# डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड स्थित बिजहारा गांव में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की शुरुआत हो गई है। सोमवार सुबह घर-घर कचरा संग्रह की सेवा आरंभ की गई। वार्ड नंबर 3 में अर्जुन पासवान और वार्ड नंबर 4 में बलिंद्र पासवान रिक्शा से प्रतिदिन सुबह घरों से कचरा एकत्र करेंगे। ग्रामीणों को दो अलग डिब्बों में कचरा रखने का निर्देश दिया गया है। हरे डिब्बे में जैविक अपशिष्ट यानी गीला कचरा और नीले डिब्बे में प्लास्टिक, कागज जैसा सूखा कचरा रखा जाएगा। एकत्रित कचरे को अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों तक पहुंचाया जाएगा जहां इसका उचित तरीके से निपटान किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता महताब अंसारी के अनुसार यह पहल गांव को स्वच्छ रखने के साथ-साथ अपशिष्ट प्रबंधन की जागरूकता बढ़ाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग समय पर कचरा संग्रह वाहन को कचरा सौंपें। इस अभियान का उद्देश्य गांवों को शहरों की तरह स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना है। साथ ही कचरे का संसाधन के रूप में उपयोग कर ग्रामीण स्वच्छता को नई दिशा देना है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) नितेश यादव, उम्र–36 वर्ष, पिता–बबुई यादव, सा0–तरवाडीह, थाना–मैगरा, जिला–गया, राज्य–बिहार आपको सूचित किया जाता है कि आप भंडरिया थाना कांड सं0–88/2020, दिनांक–08.12.2020 धारा–385, 387, 120(b) भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा दिनांक–07.08.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–21.08.2025 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–23.09.2025 तक माननीय न्यायालय, में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–23.09.2025 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 361241 Police(25-26)*D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(लापता लड़का नन्देश्वर सिंह उम्र– करीब 13 वर्ष)**



रमकंडा थाना कांड सं0–06/24 दिनांक–14.02.2024, धारा–302, 201, 34, भा0द0वि0 में लापता लड़का नन्देश्वर सिंह, उम्र–करीब–13 वर्ष, पिता–नाथु सिंह, ग्राम–मंगराही, थाना–रमकंडा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाला है। उक्त लापता लड़का के पिता एवं कांड के वादी नाथु सिंह के द्वारा बताया गया कि करीब चार–पॉच माह पूर्व वादी द्वारा अपना लड़का नन्देश्वर सिंह को दशहरा के दुसरे दिन सुबह करीब 06:00 बजे गाय बैल चराने के लिए बोले थो, जिसके बाद नन्देश्वर सिंह घर से कहीं चला गया था। जब शाम तक नन्देश्वर घर नहीं आया तो वादी एवं वादी के परिजनों द्वारा लड़का को आस–पास में एवं रिश्तेदार आदि के यहॉ काफी खोजबीन किया गया, परन्तु उक्त लड़का नन्देश्वर का कुछ पता नहीं चल पाया। इसी बीच दिनांक–07.02.2024 को वादी का छोटा लड़का बबलु सिंह घटनास्थल के आस पास में स्थित बैर के पेड़ के पास बैर खाने के लिए गया था, उसी समय बबलु सिंह अपने भाई नन्देश्वर सिंह का टी शर्ट का टुकड़ा एवं शरीर के कुछ हडडी एवं खोपड़ी देखकर घर गया और अपने माता–पिता को बताया। उसके बाद वादी एवं वादी के परिवार एवं गॉव के लोग वहॉ गये तथा कपडा आदि से वादी एवं वादी के पिरवार के लोग खोपड़ी एवं शरीर के अन्य हडडी का पहचान अपने बेटा नन्देश्वर सिंह के रुप में किये उसके बाद वादी एवं वादी के परिवार वालों द्वारा तीतर–बीतर हडियों एवं खोपड़ी को एक कपड़ा में बॉधकर दफना दिया गया एवं दिनांक–11.02.2024 को नन्देश्वर सिंह का किर्या कर्म कर दिया गया। परन्तु अबतक उक्त हडडी एवं कपड़ा से पुरी तरह से स्पष्ट नहीं हो सका है कि उक्त कंकाल नन्देश्वर सिंह का है तथा ये अबतक स्पष्ट नहीं है कि नन्देश्वर सिंह कहीं भाग गया है या मृत है। उक्त लापता लड़का नन्देश्वर सिंह का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता लड़का नन्देश्वर सिंह किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया**– उम्र– करीब 13 वर्ष, रंग–सांवला,
लम्बाई– करीब 03 फीट, चेहरा–गोलाकार,
भाषा–हिन्दी (मगही भाषा), शिक्षा–अनपढ़,
पहनावा–लाल रंग का शर्ट एवं हाफ पैन्ट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 361264 (Police)25-26*D

संपादकीय

## ओलंपिक के लिए अहमदाबाद को बनाना होगा वैश्विक शहर

गुजरात की राजधानी और ऐतिहासिक शहर अहमदाबाद, पर्यावरण-अनुकूल होने के साथ-साथ तेजी से बढ़ते व्यावसायिक केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है. कल को यह भारत की 'खेल राजधानी' बन सकता है, और मुंबई, दिल्ली से यह दर्जा छीन सकता है, क्योंकि यहां कई वैश्विक खेल आयोजन होने वाले हैं, और दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में विश्व कप क्रिकेट चैंपियनशिप भी पहले ही खेली जा चुकी है. इसका श्रेय निस्संदेह भारतीय क्रिकेट संगठन के पूर्व सचिव और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जय शाह को जाता है, जिन्होंने अपने प्रिय शहर को एक नया रूप दिया है. पिछले पांच-छह सालों में मैंने उस चारदीवारी वाले शहर की कई यात्राएं की हैं, जिसे कभी कर्णावती के नाम से जाना जाता था. अहमदाबाद को साबरमती नदी का आशीर्वाद प्राप्त है जो वहां के शहरी जीवन में एक सुंदर प्राकृतिक आयाम जोड़ती है. गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 1997 में एक पुरानी नदी के किनारों के आसपास नदी तट विकास परियोजना को गति दी थी; पहले से ही गठित रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन को नदी के दोनों किनारों के सौंदर्यीकरण के लिए भारी धनराशि (कुछ लोग कहते हैं कि 1500-2000 करोड़ रुपए) उपलब्ध कराई गई थी, जिससे काम लगातार जारी रहा. नदी विशेषज्ञों ने रिवर फ्रंट अवधारणा की आलोचना की थी, जो - सही हो या गलत - अब पूरे देश में लोकप्रिय हो रही है. किनारे पर कई बाग-बगीचे विकसित किए गए हैं और यहां की हरियाली गुजराती नागरिकों और बाहरी पर्यटकों को सुकून देती है. हालांकि जुड़वां शहरों गांधीनगर और अहमदाबाद में जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह थी उनकी चौड़ी सड़कें, अच्छी तरह से लगाए गए पेड़ और तुलनात्मक रूप से कम ट्रैफिक जाम और जलभराव. बेशक, पुराने शहर की अपनी गंभीर समस्याएं हैं. यहां बड़ी संख्या में तोते और मोर देखने को मिल जाते हैं, जो आपको मुंबई या इंदौर में आसानी से नहीं मिलते. मेरे जैसे पक्षी प्रेमी के लिए, राष्ट्रीय पक्षी को व्यस्त 'अटीरा' (अहमदाबाद वस्त्र उद्योग अनुसंधान संघ) इलाके में बड़ी संख्या में निडरता से विचरण करते और बैठते देखना एक अद्भुत नजारा था, जहां मैंने उन्हें पहली बार 70 के दशक में अपने फुफेरे भाई डॉ. अशोक गर्दे के खूबसूरत घर में बचपन में देखा था. वे उस समय 'अटीरा' के निदेशक थे और अपने समय के एक शीर्ष कपड़ा विशेषज्ञ थे. संख्यात्मक रूप से देखें तो इस टेक्सटाइल सिटी' में पेड़ों की संख्या कम है, लेकिन कई जगहों पर घासफूस या झाड़ियां असामान्य रूप से बड़ी संख्या में तोते और मोरों को आकर्षित करते दिखाई देते हैं. पुराने पेड़ों के साथ-साथ नए पेड़, मुख्यतः नीम के पेड़, मुख्य सड़कों और अंदर की छोटी सड़कों के किनारे बहुतायत में दिखाई देते हैं. नीम के पौधे नए लग रहे थे. कुछ स्थानीय विशेषज्ञों ने इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया कि पिछला वृक्षारोपण अभियान विफल रहा, क्योंकि इसमें गए गए लगभग 40 प्रतिशत पेड़ ही बचे थे. सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अगले अभियानों में अधिक से अधिक पौधे जीवित रहें. अगर शहर एक दशक में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की योजना बना रहा है, तो अहमदाबाद नगर निगम, जिसे एक कुशल स्थानीय निकाय कहा जाता है, को विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए और भी ज्यादा पेड़ लगाने होंगे तथा काकरिया झील या वस्त्रापुर झील जैसे नए जल निकायों का निर्माण और संरक्षण करना होगा. पौधों का जीवित रहना, जियो-टैगिंग, निगरानी और संरक्षण ऐसे वृक्षारोपण अभियानों को टिकाऊ बनाने में काफी मददगार साबित होंगे. अहमदाबाद में शहरी जैव विविधता में सुधार की और भी गुंजाइश है. अगर इसे आज नहीं बचाया गया तो कल बहुत देर हो सकती है क्योंकि शहर का विस्तार हर दिशा में हो रहा है. मोटर कार आदि की बिक्री बढ़ रही है. भविष्य में आबादी बढ़ेगी, आसमान छूती इमारतों की संख्या बढ़ेगी और बुलेट ट्रेन का इंतजार करने वाले और भी ज्यादा मुंबईकर शहर में आएंगे. आज जब अहमदाबाद विश्वस्तरीय शहर बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, तो उसे अपने सुंदर प्राकृतिक जीवों और संसाधनों की देखभाल करनी चाहिए तथा अद्भुत एम्सटर्डम या हरियाली से भरपूर बीजिंग से कुछ बातें सीखनी चाहिए.

# पीएम की चीन व जापान यात्रा के वैश्विक प्रभाव क्या पड़ेंगे?

**अमेरिका से गहराते आर्थिक व नीतिगत तनाव के बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया चीन-जापान यात्रा के अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मायने बेहद अहम हैं और प्रतिरक्षा रणनीतियों व विकास के लिहाज से भारत के प्रति इसके दुनियावी असर भी बेहद महत्वपूर्ण और कारगर साबित होंगे। ऐसा इसलिए कि पीएम मोदी की इस यात्रा के माध्यम से जहां चीन से द्विपक्षीय सम्बन्धों में गर्माहट आई है, वहीं जापान से पहले से चले आ रहे मधुर सम्बन्धों को और अधिक मजबूती मिली है और कारोबारी विकास का मार्ग प्रशस्त होने के आसार बढ़े हैं।**

**कमलेश पांडे**

पीएम की इस यात्रा से साफ पता चलता है कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को आतुर भारत अब अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के हिसाब से अमेरिका और चीन के साथ गिव एंड टेक के रिश्ते रखते हुए रूस के साथ अपने भरोसेमंद रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाना चाहता है। वहीं, अमेरिकी, चीनी और पाकिस्तान परस्त अरब देशों की भावी चुनौतियों का मजबूती पूर्वक सामना करने के लिए दूसरी पंक्ति के देशों, यथा- जापान, इजरायल, फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, ईरान आदि के साथ मजबूत रणनीतिक सम्बन्ध विकसित करना चाहता है। वहीं, द्विपक्षीय व्यापार हेतु फ्री ट्रेड अग्रीमेंट करने की रणनीति पर भी भारत अमल कर रहा है। इस नजरिए से पीएम मोदी की जापान यात्रा भी बहुत फायदेमंद रही है।

वहीं, चीन के तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पीएम मोदी की मुलाक़ात बेहद सकारात्मक बताई गई है। यहीं पर आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ मोदी ने जो गर्मजोशी दिखाई, वह शेष दुनिया के लिए एक व्यापक संकेत है। इसके अलावा, मोदी, पुतिन और जिनपिंग की त्रिपक्षीय मुलाकात के हास्य हाव-भाव वाले फ़ोटो ने पश्चिमी दुनिया के नेताओं की नींद उड़ा डाली है। दरअसल, वैश्विक दुनियादारी में हर वक्त खरे उतरे भारत-रूस सम्बन्धों में दरार डालने की जो अमेरिकी चाल चली गई, उसके साइड इफेक्ट्स स्वरूप भारत-चीन ने जो सूझबूझ प्रदर्शित किया है, उससे अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिज्ञों की बोलती बंद हो चुकी है।

देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ जो द्विपक्षीय मुलाक़ात हुई, इससे दोनों के आपसी रिश्तों में जमी बर्फ कुछ पिघलती प्रतीत हुई है। यह भारत के लिए एक शुभ संकेत है। तभी तो पीएम मोदी के साथ बैठक में शी जिनपिंग ने दो टूक कहा है कि वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है। इसलिए दोनों देशों का साथ आना लाजिमी है। इस हेतु जारी कोशिशों को बढ़ावा मिलना दोनों देशों के लिए हित बर्द्धक रहेगा।

कहना न होगा कि चीन और भारत सिर्फ़ प्राचीन सभ्यताएँ ही नहीं, बल्कि दुनिया के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं, जो



ग्लोबल साउथ के प्रमुख स्तम्भ हैं। इसलिए दोनों देशों के लिए यह अहम है कि वो अच्छे संबंध रखने वाले दोस्त बने रहें और ऐसे साझेदार बनें जो एक-दूसरे की सफलता में योगदान करें। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि दोनों देशों के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हुए हैं। भारत चीन के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

देखा जाए तो अमेरिका द्वारा भारत को घेरने के लिए जिस अब्राहम परिवार यानी ईसाई-यहूदी-मुस्लिम की एकता पर बल दिया जा रहा है, वह यदि सफल होता है तो चीन और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का साथ भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण और तलबगार हो जाएगा, क्योंकि यहां हिन्दू धर्म से निकले बौद्ध धर्म का प्रभाव ज्यादा है। यूँ तो मोदी-जिनपिंग की मुलाक़ात ऐसे समय पर हुई है, जब भारत 50 फ़ीसदी अमेरिकी टैरिफ़ से उपजे आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है, क्योंकि इस टैरिफ़ से भारत के निर्यात क्षेत्र पर अच्छा-ख़ासा असर पड़ेगा। जबतक कि वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाए। इसलिए अब भारत और चीन भी आपसी सीमा विवादों के तल्खी भरे अतीत के उलट अपने संबंधों को एक नया स्वरूप देने पर लगातार ज़ोर दे रहे हैं। जिसके लिए पिछले 6 माह से कवायद तेज है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत और चीन दोनों देशों के बीच संबंध, मौजूदा वक़्त में दुनिया में हो रहे बदलावों पर निर्भर करते हैं और इन रिश्तों में मोदी की चीन यात्रा एक मोड़ है, क्योंकि भारत और चीन दुनिया की पाँच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। अभी तक चीन दूसरे और भारत चौथे पायदान पर खड़ा है। हालांकि भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को ततपर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) के अनुसार, 5 ट्रिलियन डॉलर के शेयर बाज़ार के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की राह पर है, जबकि चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। चूंकि दुनिया ने चीन और अमेरिका के संबंधों को बहुत अहमियत दी है। इसलिए अब वक़्त आ गया है कि दोनों देश सिर्फ इस बात पर ध्यान दें कि दुनिया की दूसरी और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ यानी चीन और भारत, कैसे एक साथ काम कर सकते हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच संबंध में एक बड़ी चुनौती सीमा विवाद भी है। ऐसा इसलिए कि भारत और चीन के बीच लंबे समय से अनसुलझा सीमा विवाद भी रहा है।

हालांकि, दोनों देश आपसी विवादों को मिटाना चाहते हैं। विगत छह महीनों में भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। कैलाश-मानसरोवर यात्रा भी शुरू हो चुकी है। इसके अलावा, वीज़ा में और ढील दी जा सकती है और अन्य व्यापारिक समझौतों पर भी हस्ताक्षर हो सकते हैं। वहीं, जो देश दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए भारत और चीन को उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए इन दोनों देशों के बीच आपसी संवाद होते रहना चाहिए। क्योंकि सीमा पर तकरार के अलावा भी दोनों देशों के बीच कई विवाद हैं। इनमें भारत में रह रहे तिब्बत के बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा और ब्रह्मपुत्र को लेकर विवाद प्रमुख हैं। पीओके और अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीनी नजरिया भी भारत के लिए अस्वीकार्य है। रही बात, चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना बनाने की, तो भारत इससे बहुत खुश नहीं है। इसी तरह पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में चीन की गुप्त भूमिका भी इन संबंधों के लिए एक गम्भीर चुनौती है। इसके अलावा, हाल के दिनों में पड़ोसी देशों के साथ भारत के उतने अच्छे संबंध नहीं रहे। जबकि चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफ़ग़ानिस्तान का प्रमुख व्यापारिक साझेदार बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने तियानजिन हवाई अड्डे पर उतरने के बाद अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा कि वह एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान विभिन्न देशों के नेताओं से मिलने के लिए उत्सुक हैं। ऐसा इसलिए कि भले ही एससीओ का प्रभाव सीमित है और इसमें शामिल देशों के बीच संबंध बहुत अच्छे नहीं हैं। फिर भी मोदी सरकार एक सार्थक पहल करने की इच्छुक है। पिछले वर्ष कजान में राष्ट्रपति शी के साथ मोदी की मुलाकात के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में स्थिर और सकारात्मक प्रगति हुई है। भारत तो रूस के साथ साथ चीन व अन्य एससीओ सदस्य देशों के साथ आपसी रिश्ते में सुधार हेतु प्रयत्नशील है। लेकिन कैसे ये संबंध बहुत आगे तक जाएँगे, इसकी बहुत गुंजाइश बनानी पड़ेगी। वैसे तो, भारत और चीन के बीच व्यापारिक संबंध बहुत गहरे हैं। भारत और चीन के बीच वर्तमान में 100 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार जारी है। भारत इसे और बढ़ाने के साथ-साथ चीन से टेक्नोलॉजी के ट्रांसफ़र की भी इच्छा रखता है। ऐसे में सीधा सवाल है कि भारत और चीन एक दूसरे से क्या चाहते हैं? तो जवाब होगा कि भले ही भारतीय प्रधानमंत्री मोदी पिछले कई सालों से एससीओ की बैठकों में शामिल नहीं हुए थे। लेकिन उन्होंने अपने मंत्रियों को इस बैठक में अवश्य भेजा था। वहीं अब, जब अमेरिका के साथ भारत के संबंध तनावपूर्ण हो गए, तो भारत उन्हें यह दिखाना चाहता है कि उसके पास और भी अधिक विकल्प हैं। यह ठीक है कि भारत और अमेरिका के बीच तनाव की वजह वो अमेरिकी कंपनियाँ हैं जो भारत में काम कर रही हैं, और जिसकी वजह से नौकरियाँ अमेरिका से बाहर जा रही हैं। लेकिन भारत ने राष्ट्रपति ट्रंप को पाकिस्तान के साथ युद्धविराम का श्रेय नहीं दिया और रूस से तेल ख़रीदने जैसे मुद्दों से भी ट्रंप नाराज़ हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत और चीन के बीच एक रणनीतिक संघर्ष चल रहा है और यह लंबे समय तक चलेगा। क्योंकि भारत की वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा है और वह चीन को इस दौड़ में अपना प्रतिद्वंद्वी और बाधा मानता है। ठीक उसी तरह से जैसे अमेरिका भारत को। चूंकि भारत के पास चीन के साथ रणनीतिक साझेदारी की कोई संभावना नहीं है और अंततः भारत को अपने लक्ष्यों को पाने के लिए लिए पश्चिमी खेमे के प्रति पुराने रुख़ पर ही काम करना होगा।

अध्यात्म

## समय अमूल्य है और हमें एक-एक पल का सही उपयोग करना चाहिए



गौतम बुद्ध के कई शिष्य थे, उनमें एक बूढ़ा शिष्य भी था। वह बूढ़ा शिष्य भी बुद्ध के साथ ही रहता था। इस शिष्य स्वभाव बहुत ही भोला-भाला था। एक दिन बुद्ध उस बूढ़े शिष्य के पास पहुंचे और उससे पूछा कि आपकी उम्र कितनी है?

वृद्ध शिष्य बोला कि करीब सत्तर साल होगी।

बुद्ध ने मुस्कान के साथ कहा कि नहीं, आप ये सही उम्र नहीं है।

ये सुनकर बूढ़ा व्यक्ति थोड़ा असहज हो गया, क्योंकि वह जानता था कि बुद्ध बिना वजह कुछ भी नहीं कहते हैं। अगर बुद्ध ये बात कह रहे हैं तो इसका भी कुछ मतलब है।

उस शिष्य ने बुद्ध से कहा कि मैंने तो मेरी उम्र सही बताई है। मेरे बाल सफेद हो गए हैं, दांत गिर गए हैं। मेरे पोते-पोती हैं। मैं सत्तर वर्ष का ही हूं।

उसकी बात सुनकर बुद्ध ने कहा कि मेरे हिसाब से तुम्हारी उम्र एक साल है।

ये बात बूढ़े व्यक्ति ने कहा कि आप ऐसा क्यों कह रहे हैं?

बुद्ध ने उसे समझाते हुए कहा कि सच तो ये है कि तुमने जो उनहत्तर साल दुनियादारी में व्यतीत किए हैं, वो तो व्यर्थ ही थे। जब से तुमने धर्म को खोजना शुरू किया है, जब से तुम सदाचारी हुए हो, जब से तुमने ध्यान करना शुरू किया है, तब से ही तुम्हारा जीवन शुरू हुआ है और ये सब तुमने एक साल पहले ही शुरू किया है, यानी तुम्हारी उम्र एक साल है।

बुद्ध ने यहां संदेश दिया है कि समय अमूल्य है और हमें एक-एक पल का उपयोग सही तरीके से करना चाहिए। आमतौर पर लोग अधिकतर समय व्यर्थ कामों में खर्च कर देते हैं। जबकि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनका कोई अर्थ हो। हमें रोज सोचना चाहिए कि हमने आज कौन-कौन से अच्छे काम किए हैं, हम कितनी देर ध्यान कर रहे हैं, शांति पाने के लिए क्या कर रहे हैं। इन बातों का ध्यान रखकर काम करेंगे तो जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।

# बच्चों के तनाव को बढ़ा देती है पिटाई...

**दुनिया में हर वर्ष करोड़ों बच्चों और किशोरों को किसी न किसी रूप में शारीरिक दंड झेलना पड़ता है। प्राय- इसे 'अनुशासन' या 'सुधार' का उपाय कह दिया जाता है, लेकिन सच यह है कि इस तरह के कृत्य बच्चों के लिए दर्द, अपमान और मानसिक आघात की वजह बनते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की एक हालिया रपट में कहा गया है कि बच्चों पर आक्रामक होना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इससे न तो बच्चों का व्यवहार सुधरता है और न ही उनका जीवन बेहतर बनता है। उलटे, यह उनके व्यक्तित्व, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। भारत में भी बच्चों को शारीरिक दंड देना एक बड़ी समस्या है।**

**अमरपाल सिंह वर्मा**

घर से लेकर स्कूलों तक बच्चों के प्रति आक्रामक व्यवहार आम बात है। कई लोगों को इसमें कुछ भी असामान्य नहीं लगता। मगर बड़ा सवाल यह है कि क्या सचमुच इस तरह के व्यवहार से बच्चे सुधरते हैं, या फिर उनमें हीन भावना और हिंसा की मानसिकता घर कर जाती है?

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रपट में इस सवाल का स्पष्ट जवाब है। इसमें कहा गया है कि दुनिया भर में अठारह साल से कम उम्र के आधे से अधिक बच्चे हर वर्ष किसी न किसी रूप में शारीरिक दंड का शिकार होते हैं। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, शारीरिक सजा को अक्सर हम केवल मारपीट तक सीमित समझते हैं, लेकिन इसकी परिभाषा कहीं व्यापक है। बच्चों के कान खींचना, उन्हें घुटनों पर बैठाना, घंटों खड़ा रखना, अपमानित करना, भूखा रखना या ऐसी कोई भी सजा जो उन्हें शारीरिक या मानसिक पीड़ा देती है, सब इसी श्रेणी में आती है। बच्चों पर हाथ उठाने का मतलब उनकी गरिमा को चोट पहुंचाना भी है। इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा है कि यह सब केवल घरों में ही नहीं होता, बल्कि स्कूलों और छात्रावासों में भी 'अनुशासन' के नाम पर इस तरह की आक्रामकता अक्सर देखने को मिलती है।

शारीरिक दंड केवल दर्द ही नहीं देता, बल्कि यह बच्चों के दिल और दिमाग पर स्थायी घाव छोड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जिन बच्चों को शारीरिक दंड झेलना पड़ता है, उनके विकास की राह पर आगे बढ़ने की संभावना अपने साथियों की तुलना में चौबीस फीसद कम होती है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि पिटाई बच्चों के तनाव को बढ़ा देती है, जिससे मस्तिष्क की संरचना और कार्य प्रभावित होते हैं। इसका असर केवल पढ़ाई-लिखाई पर ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सामाजिक व्यवहार पर भी पड़ता है। ऐसे बच्चे अक्सर गुमसुम और सहमे हुए रहते हैं। वे अपनी बात कहने से डरते हैं और उनमें चिंता और अवसाद गहराने लगता है।

इससे एक और अहम पहलू उजागर होता है कि शारीरिक दंड हिंसा को समाज में सामान्य बना देता है। जिन बच्चों को बचपन में आक्रामक व्यवहार झेलना पड़ता है, वे बड़े होकर वही तरीका अपनाते हैं। यानी यह चक्र पीढ़ियों तक चलता रहता है। ऐसे बच्चे बड़े होकर जब खुद माता-पिता बनते हैं, तो वे भी अपने बच्चों के साथ इसी तरह पेश आते हैं। कई बार यही बच्चे हिंसक प्रवृत्तियों के साथ समाज में अपराध की ओर बढ़ जाते हैं। शारीरिक दंड बच्चों के अधिकारों का भी गंभीर उल्लंघन है। बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र समिति ने इसे उस सजा के रूप में परिभाषित किया है, जिसमें शारीरिक बल का प्रयोग कर बच्चों को दर्द या परेशानी पहुंचाई जाती है, चाहे वह कितना भी साधारण क्यों न हो। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में दो से चौदह वर्ष की आयु के लगभग साठ फीसद बच्चों को घर और स्कूल में नियमित रूप से शारीरिक दंड का सामना करना पड़ता है। भारत में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण



आयोग ने शारीरिक दंड के कई रूप बताए हैं। इनमें बच्चों को असुविधाजनक मुद्रा में खड़ा करना, सिर पर बैग रख कर बैठाना, घुटनों के बल बैठाना और उन्हें बंद करके रखना शामिल है।

दरअसल, बच्चों की पिटाई केवल एक घर या एक कक्षा की समस्या नहीं है। यह समाज के भीतर हिंसा की संस्कृति को जड़ से सींचने का काम करती है। दुनिया के सड़सठ देशों में शारीरिक दंड पर पूर्ण प्रतिबंध है। भारत में भी शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के तहत स्कूलों में बच्चों की पिटाई गैर कानूनी है। मगर कानून और हकीकत के बीच का फासला बहुत बड़ा है। इसका प्रमाण स्कूलों में आए दिन बच्चों से मारपीट की घटनाएं हैं। कई मामलों में तो बच्चों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है। इसी वर्ष मई में प्रयागराज के एक स्कूल में नर्सरी के एक बच्चे को शिक्षिकाओं ने इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। बीते अप्रैल में राजस्थान के प्रतापगढ़ में निजी स्कूल में एक बच्ची को न केवल मारा-पीटा गया, बल्कि उसके हाथ-पांव बांध कर घंटों बैठाए रखा गया। वर्ष 2022 में राजस्थान के जालोर स्थित एक स्कूल में शिक्षक द्वारा मासूम की पिटाई का मामला सामने आया था। ऐसी घटनाओं की पूरी श्रृंखला है। ग्रामीण इलाकों और कस्बों के स्कूलों में अब भी बच्चों को पीटना आम बात है। अफसोस है कि घरों में माता-पिता भी बच्चों को मारना 'जरूरी' मानते हैं। हम अक्सर इन्हें 'सामान्य' मान कर नजरअंदाज कर देते हैं। लिहाजा जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक कागज पर लिखे कानून से कोई बदलाव नहीं होगा। कई बार लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि पिटाई से अनुशासन आता है। अगर पिटाई नहीं की जाए तो अनुशासन कैसे संभव है? यह गलत धारणा है, क्योंकि बच्चों के साथ इस तरह के व्यवहार के बिना भी उन्हें सही दिशा दी जा सकती है। सकारात्मक अनुशासन इसका विकल्प हो सकता है। इसके तहत बच्चों से संवाद कर उनकी भावनाएं समझी जा सकती हैं। उन्हें यह बताना जरूरी है कि कौन-सा काम क्यों गलत है। बच्चों के साथ धैर्य से पेश आना होगा। नासमझी में बच्चे गलतियां करते हैं। जब वे गलती करें, तो उन्हें डांटने- फटकारने के बजाय प्यार से समझाया जाना चाहिए।

यह समझना बहुत जरूरी है कि बच्चे वही सीखते हैं, जो देखते हैं। अगर घर और विद्यालय में उन्हें सम्मान और प्यार मिलेगा, तो वे भी ऐसा ही आचरण करेंगे। अच्छे व्यवहार पर तारीफ और प्रोत्साहन बच्चों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करता है। स्कूलों में नियम और सीमाएं आवश्यक हैं, पर उन्हें बच्चों को आतंकित करके नहीं, बल्कि विश्वास और समझ-बूझ से लागू करने की जरूरत है। जो शिक्षक आदतन बच्चों को शारीरिक सजा देते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई जरूरी है। मासूम बच्चों से जुड़े इस संवेदनशील मामले में जिम्मेदारी को केवल माता-पिता अथवा शिक्षकों तक सीमित नहीं किया जा सकता है। यह सामूहिक जिम्मेदारी है। समूचे समाज को यह मानना होगा कि बच्चों के साथ आक्रामक व्यवहार अनुशासन का साधन नहीं, बल्कि हिंसा है। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। बच्चे हमारा भविष्य हैं। सम्मान और सुरक्षा के साथ बड़े होना उनका अधिकार है। यह अधिकार उनसे किसी भी सूरत में छीना नहीं जाना चाहिए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
लेन-देन के मामले में आप अत्यन्त भाग्यशाली रहेंगे। घर के बुजुर्ग आपका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करेंगे। अध्यात्मिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं।

**वृषभ**
दिन उतार-चढ़ाव वाला हो सकता है। आलस्य और प्रमाद में समय व्यर्थ न करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर अत्यधिक सचेत रहने की आवश्यकता है।

**मिथुन**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिये दिन अच्छा है।

**कर्क**
आज किसी को चुभने वाले वक्तव्य न दें। आय के साधन बढ़ सकते हैं। दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का अत्यधिक दबाव रहेगा। इस दबाव के कारण घर में कलह भी हो सकती है। बातचीत करते हुये शब्द चयन सही प्रकार से करें।

**कन्या**
क्तचाप और शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। इलेक्ट्रानिक उपकरणों में खराबी आ सकती है। आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है।

**तुला**
आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी प्रतिभा को लेकर अति-आत्मविश्वास में रहेंगे। परिवार के साथ कहीं पर्यटन के लिये जा सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बँटा सकते हैं।

**धनु**
धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। घर में भाई-बहनों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। घर में मनपसन्द भोजन का स्वाद लेंगे।

**मकर**
प्रेम सम्बन्धों को लेकर विचलित न हों। प्रेमीजन की भावनाओं का सम्मान करें। आज किसी को धन उधार में न दें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है। नसों में खिंचाव की समस्या रहेगी।

**कुंभ**
आपकी छवि में काफी सुधार आयेगा। सन्तान की शिक्षा पर आप अत्यधिक ध्यान देंगे। नये विचारों को अपनाने में आप संकोच नहीं करेंगे।

**मीन**
करियर से जुड़े मामलों के लिये दिन बहुत शुभ रहने वाला है। भविष्य की योजनाओं को आप समय देंगे। किसी पुराने लीगल मामले का निपटारा हो सकता है।

# नाला निर्माण को लेकर दिया धरना

## हल्की बारिश में ही हो जाता है जलजमाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** क्षेत्र के कटरमाला दक्षिणी पंचायत के बलहा गांव के वार्ड संख्या 9 में सड़क निर्माण से पहले नाला का निर्माण को लेकर जिप ने धरना दिया। धरना का नेतृत्व पूर्व जिला परिषद् सदस्य दिलीप महतों ने किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व जिला परिषद् सदस्य दिलीप महतों ने बताया कि सड़क का निर्माण पहले से किया गया है। लेकिन नाला निर्माण को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि उदासीन बने हुए हैं। जिसको लेकर जल जमाव की समस्या बनी रहती है। नाला निर्माण को लेकर उनके द्वारा उप विकास आयुक्त, जिला परिषद् अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, 20 सूत्री अध्यक्ष विजय तांती सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि से भी मौखिक रूप से पहल किया गया। जिसमें नाला निर्माण का आश्वासन भी मिला, लेकिन पीसीसी सड़क का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क निर्माण कार्य से उनका कोई विरोध नहीं है। लेकिन नाला निर्माण सर्व प्रथम आवश्यक है। इस दौरान जानकारी देते हुए स्थानीय ग्रामीणों में शंभू महतों, सुमन कुमार, रोहित कुमार, सुरेश सदा, नंदलाल पासवान, उमाशंकर चौधरी, मनोहर ठाकुर, लालो देवी, शुकुल देवी, अनार देवी आदि सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने कहा कि यह सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण हल्की बारिश होने के बाद ही जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिसके बाद लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन

## जलवायु अनुकूल खेती एवं मिलेट्स उत्पादन पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत मनरेगा सभागार भवन में सोमवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को बदलते जलवायु परिवर्तन के अनुरूप खेती के नए तौर-तरीकों से अवगत कराना तथा मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती को प्रोत्साहित करना था। गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों ने किसानों को विस्तृत रूप से बताया कि किस प्रकार जलवायु परिवर्तन का सीधा प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ता है और इसका समाधान केवल वैज्ञानिक तरीके से खेती करने, फसल विविधीकरण अपनाने और जलवायु अनुकूल फसलों की ओर रुझान बढ़ाने से ही संभव है। उन्होंने मिलेट्स की खेती को न सिर्फ पोषण की दृष्टि से लाभकारी बताया, बल्कि इसे किसानों के लिए आर्थिक रूप से भी फायदेमंद बताया। विशेषज्ञों ने कहा कि मिलेट्स में अधिक पोषण तत्व पाए जाते हैं और इसकी खेती कम पानी तथा कम लागत में आसानी से की जा सकती है। यह सूखा एवं जलवायु परिवर्तन की परिस्थितियों में भी उपज देने में सक्षम है। कार्यक्रम में किसानों को जैविक खेती, फसल चक्र, जल संरक्षण तकनीक एवं आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग की भी जानकारी दी गई गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों ने किसानों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कृषि योजनाओं, अनुदान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। गोष्ठी में उपस्थित किसानों के सवालों के जवाब दिए गए और उन्हें व्यवहारिक सुझाव भी दिए गए किसानों ने इस कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसी गोष्ठियां समय-समय पर होती रहनी चाहिए ताकि उन्हें नवीनतम कृषि तकनीकों और योजनाओं की जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ा सकें।

## एक नजर

### दो वारंटी गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में कारीचक चौक के पास से चौदह लीटर देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान करीचक गांव निवासी कोको चौधरी के पुत्र राम जतन चौधरी के रूप में हुई है। वही दूसरे कारोबारी को मुजफ्फरा गांव वार्ड संख्या 8 से महेश्वर चौधरी के पुत्र विवेक कुमार को सात लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि दोनों शराब कारोबारी के साथ ही थाना कांड संख्या 178/25 के प्राथमिक अभियुक्त भगवानपुर थाना क्षेत्र के भीठ गांव वार्ड संख्या 14 निवासी अशोक साहू के पुत्र प्रवीण कुमार को भी गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया है।

### नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के महेशवाड़ा गोलीबारी कांड के नामजद वांछित को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वांछित महेशवाड़ा पंचायत के रमौली के कमल सहनी का पुत्र राहुल कुमार है। वह अन्य साथियों के साथ शनिवार की मध्य रात्रि वार्ड सदस्या शांति देवी तथा प्रमिला देवी के घर पर चढ़कर रंगदारी मांगने तथा गाली गलौज व मारपीट कर फायरिंग करने के आरोप में वांछित था। अन्य वांछित की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकाने पर लगातार छापामारी जारी है। थाना अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि जल्द ही बचे अपराधियों का भी गिरफ्तारी हो जाएगा ।

### भारत के दो रत्न पुस्तक का विमोचन

**तेघड़ा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नवोदय विद्यालय समस्तीपुर की शिक्षिका एवं रूपसवाज बछबाड़ा की बेटी आचार्य अर्चना चौधरी अर्पण के नव प्रकाशित काव्य भारत के दो रत्न का भव्य लोकार्पण किया गया। तेघड़ा स्थित डीपीएस स्कूल परिसर में तरुण सांस्तिक चेतना समिति के बैनर तले रविवार को राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व डीएसपी सह भाजपा नेता सुनील कुंवर, तमिलनाडु से पधारे प्रख्यात कवि एवं गीतकार ईश्वर करूण, डा. सचिदानंद पाठक, डीपीएस स्कूल के निदेशक राजीव कुमार, आयोजन समिति के संस्थापक सह संरक्षक सीताराम शेरपुरी, कवि आनंद जायसवाल, हास्य-व्यंग्य के मशहूर कवि मिन्टू कुमार झा, प्रो सत्यसंध भरतद्वाज, कवि श्रीराम राय, मशहूर गजलकार राजेन्द्र राजन, रंजना लता, कवि सौरभ वाचस्पति, हरिशंकर राय एवं अरबिंद कुमार चौधरी के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्धि कवि सीताराम शेरपुरी एवं मंच संचालन नेहा राज ने किया।

### कचहरी सचिव एवं न्याय मित्रों की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड कार्यालय के वीडियो कंफ्रेंघसिंग हॉल में ग्राम कचहरी के सचिव तथा न्याय मित्रों की बैठक सोमवार को हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी निधि प्रिया ने की। उन्होंने ग्राम कचहरी को सक्रिय करने पर बल दिया। ग्राम कचहरी में आये मामले को ऑनलाइन प्रविष्टि करने का निर्देश दिया। संचालित राजस्व महाभियान के शिविर में उपस्थित होकर सहयोग करने का भी निर्देश दिया। ग्राम कचहरी में फौजदारी तथा दीवानी मामलों को प्रतिमाह ससमय प्रतिवेदन समर्पित करने का भी निर्देश दिया। मौके पर कार्यपालक सहायक नेहा कुमारी, गुड्डू कुमार, न्याय मित्र उज्ज्वल कुमार, श्वेता मिश्रा, बबली कुमारी, कौशल कुमार, कचहरी सचिव माला कुमारी, मनीषा कुमारी, लक्की कुमारी, अनिल कुमार मल्लिक, राम उद्गार महतो, कौशल किशोर राय, मो रहमत आदि मौजूद थे।

### तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से शराब मामले सहित कई अन्य मामले में तीन अभियुक्त को डंडारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि डंडारी थाना कांड संख्या 79/18 मामला दर्ज था। जिस मामले के एनबीडब्लू वारंटी थाना क्षेत्र के कटहरी गांव निवासी मो. हसीब का पुत्र मो. सोनाजीर के रूप में बताया गया। वहीं दूसरे डंडारी थाना सनहा संख्या 180६25 बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत शराब की नशे में हंगामा करते हुए नशेड़ी को डंडारी पुलिस ने गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया। वहीं गिरफ्तार नशेड़ी की पहचान थाना क्षेत्र के विशनपुर ग्राम निवासी स्व. मो. मिस्कीन का पुत्र मो. जलील के रूप में बताया गया। तीसरे पूर्व के कांडों में नालसी वाद के अभियुक्त डंडारी थाना क्षेत्र के कामेचक गांव निवासी स्व. अनूप सदा का पुत्र सीताराम सदा के रूप में बताया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ डंडारी थाना में अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत के लिए बेगूसराय भेज दिया गया।

### शब्दाक्षर जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शब्दाक्षर के तीन दिवसीय कार्यक्रम में जहानाबाद जिले के शब्दाक्षर जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन को राष्ट्रीय सम्मान मिला। विदित हो कि झुंझुनू राजस्थान में राष्ट्रीय काव्य समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में देश भर के 25 राज्यों एवं 165 जिलों से आये शब्दाक्षर पदाधिकारियों ने लगातार तीन दिनों तक अपनी अपनी काव्य प्रस्तुति दिया। बताया गया कि इस दौरान गीत एवं गजलों से गुंजायमान सभास्थल में उपस्थित हजारों की संख्या में उपस्थित श्रोताओं ने खूब तालिया बजाईं एवं कवियों का हौसला बढाया। सावित्री सुमन के गीत 'भगवद्गीता पढा करो' पर श्रोता झूम उठे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवि प्रताप सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष गीतऋषि श्री बुद्धिनाथ मिश्र एवं मुख्य अतिथि डा. दयाशंकर जांगिड़ तथा बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ ने साफा पगडी, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन को सम्मानित किया।

### आई बैंक ने नेत्रदाता परिवारों को किया सम्मानित

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एम्स पटना आई बैंक ने 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े (25 अगस्त से 8 सितंबर 2025) के समापन अवसर पर नेत्रदाता परिवारों, नर्सिंग अधिकारियों, आई बैंक काउंसलरों व छात्रों को सम्मानित किया. इस दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिनका उद्देश्य नेत्रदान के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और कॉर्नियल अंधत्व को समाप्त करने का संदेश देना था। 01 सितंबर को जागरूकता कार्यक्रम, 03 सितंबर को जागरूकता पदयात्रा, 06 सितंबर को पटना के स्कूलों के छात्रों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और 08 सितंबर को आईपीडी फोयर क्षेत्र में पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गई। समापन समारोह में प्रो. (डॉ.) अमित राज, प्रभारी आई बैंक एवं विभागाध्यक्ष नेत्र रोग विभाग, ने स्वागत भाषण दिया और समाज को नेत्रदान जैसे पुनीत कार्य में जुड़ने का आह्वान किया. वहीं, प्रो. (डॉ.) सौरभ वर्शनेय, कार्यकारी निदेशक व सीईओ एम्स पटना ने आई बैंक टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन दान और करुणा की संस्कृति को समाज में स्थापित करने की दिशा में अहम हैं। विशेष आकर्षण के रूप में छात्रों द्वारा स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता में भागीदारी की गई. दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल और मानव भारती इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने नेत्रदान के महत्व को अपनी कला के माध्यम से प्रस्तुत किया. इसके अलावा नर्सिंग टीम ने भावनात्मक नाटक पेश किया और प्रेरणादायक वीडियो भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) उमेश कुमार भदानी, प्रो. (डॉ.) संजय पांडे, प्रो. (डॉ.) त्रिभुवन कुमार, प्रो. (डॉ.) अमित पाटिल समेत कई विभागाध्यक्ष और फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे. समारोह का संचालन डॉ. दिव्या केसारवानी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सोनी सिन्हा ने किया।

# विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**नावकोठी।** प्रखंड के समसा पंचायत के अपग्रेड मिडल स्कूल बगरस विशनपुर में विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन सोमवार को किया गया। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक प्रियरंजन कुमार ने की। उन्होंने बताया कि बच्चों को मौजूदा समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के चुनौतियां और उसके संभावनाओं पर विशेष रूप से शोध करना चाहिए। .त्रिम बुद्धिमत्ता चुनौतियां एवं संभावना विषय पर विस्तृत परिचर्चा करायी गयी। इसमें विद्यालय के जूनियर वैज्ञानिक तथा अनुभवी शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रधानाध्यापक श्री कुमार ने कहा की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढते प्रचलन से पारंपरिक सेक्टर की नौकरियां समाप्त हो जायेगी। इसके बड़े पैमाने पर गलत इस्तेमाल हो रहा है। लोग साइबर क्राइम के शिकार हो रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट एवं एआई के मदद से ब्लैकमेलिंग जोरों पर है। वहीं इसके इस्तेमाल को सावधानी पूर्वक करने की नसीहत दी। एआई डेवलपर, डाटा साइंटिस्ट, मनोरंजन के क्षेत्र में क्रिएटिविटी, मानव सहायता, ड्रोन, रोबोट एवं वइस असिस्टेंट आदि की संभावनाएं हैं। आर्थिक क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के अनलाइन बिजनेस जारी है। आज का विज्ञान संगोष्ठी विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है। संगोष्ठी में वर्ग 8 से अंकित कुमार का प्रदर्शन सबसे सराहनीय रहा।इसमें वर्ग 8 के अजीत कुमार,वर्ग 7 की राजनंदनी कुमारी, वर्ग 8 की साक्षी कुमारी तथा इसी वर्ग की आंचल ने अपने विचार से प्रभावित किया। मौके पर ओमप्रकाश, अमन कुमार और विशाल वैभव एवं स्कूली छात्र छात्रा मौजूद थे।

## दो घरों में चोरी

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तेघड़ा थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव में शनिवार की रात चोरों द्वारा दो घरों में घुसकर 40 से 50 लाख के जेवरात और कीमती सामानों की चोरी कर ली गई। चोरी की घटना से आहत परिवारों ने तेघड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए चोरी गए सामानों की बरामद्गी के लिए फरियाद की है। बताया गया है कि चोरों द्वारा कीमती गहने और सामान रखे बक्सों को निशाना बनाया गया। घटना की सूचना मिलने पर तेघड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि दुलारपुर निवासी भूपेश सिंह के पुत्र अभिनव भारद्वाज ने चोरी की सूचना देते हुए आवेदन दिया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि भूपेश सिंह के घर में सीसीटीवी भी लगा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

# शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अररिया।** इस वर्ष केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में विषय अनुसार अच्छा परिणाम आने पर विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, गणित एवं फिजिकल एजुकेशन के शिक्षकों को विद्यालय द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। अंग्रेजी विषय में 40 से अधिक बच्चे 90% से ऊपर आने पर मौसमी साहा, गणित विषय में 90% से ज्यादा 30 बच्चों का अंक आने पर शिक्षक रतन मिश्रा व फिजिकल एजुकेशन में 90 से 100% अंक 99 बच्चो को आने पर शिक्षक कौशिक घोष तथा विज्ञान विषय में 52 बच्चों का 90 से 100% अंक आने पर शीक्षक मृणाल प्रधान, के सी झा, संजय मंडल एवं सामाजिक विज्ञान के लिए अर्जुन कुमार झा अजीत मिश्रा सौभीक घोष को संस्था के निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान ने 5000 का चेक देकर सम्मानित किया। जैसा कि बता दें मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं के छात्रछात्राओं को अच्छे परिणाम आने पर लैपटॉप व शिक्षाप्रद वस्तुएं प्रदान किया गया। शिक्षक एवं बच्चों में प्रतियोगिता की भावना जागृत हो इसके लिए आगामी दिन पठान पठान व अन्य गतिविधियों में विशेष ध्यान दिया जाएगा। मोहिनी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रामस्वरूप रुंगटा एवं उपाध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद रुंगटा ने विद्यालय के दिन प्रतिदिन प्रगति वह अच्छे परिणाम आने पर शिक्षक एवं विद्यार्थियों को बधाई दी इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर पाराशर त्यागी प्रशासनिक प्रभारी अभिनंदन नौटियाल ने भी सभी शिक्षकों एवं बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं टीमवर्क के साथ मिलजुल कर कार्य करने पर जोर दिया।

# वीआईपी का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के महेशपुर पंचायत अंतर्गत चकसदात गांव स्थित कैलाश साहनी के आवासीय परिसर में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जय जय राम सहनी ने की। मंच संचालन रंजीत निषाद ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश सहनी ने कहा कि किसी भी संगठन की रीढ़ कार्यकर्ता होती हैं। बिहार में महागठबंधन के पक्ष में माहौल बन रहा है। अगर हमारी सरकार बनती है तो सबसे पहले जो भी सुविधा होगी सबसे पहले जानता तक पहुंचेगी स कैलाश सहनी ने कहा की जनता हमारे लिए भगवान है अगर हमारी सरकार बनती हैं तो जो भी सुविधा होगी सीधे जानता तक पहुंचेगी जिलाध्यक्ष जय जय राम सहनी और जिला प्रभारी दुलार चंद सहनी ने कहा कि जनता एनडीए के नेतृत्व को नकार रही है। नेताओं ने जाति-पात से ऊपर उठकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया।जिला अध्यक्ष ने बताया कि बेगूसराय जिले में बछवाड़ा, तेघड़ा, मटिहानी और चेरियाबरियारपुर विधानसभा सीटों पर पार्टी दावेदारी कर रही है। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव किरण कुमारी, प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद सहनी, सुनीता सहनी, डा. इकबाल हासिम, प्रदेश सचिव सुनील सहनी और चिकित्सा प्रकोष्ठ के डा. शंकर कुमार समेत कई नेता मौजूद थे।

# विश्व साक्षरता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी।** महादलित, अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल द्वारा संचालित केन्द्र पर विश्व साक्षरता दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन सोमवार को किया गया। अपग्रेडेड मिडिल स्कूल सैदपुर में आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता केआरपी दयामणी कुमारी ने की। उन्होंने कहा कि दो दशक पूर्व महिला साक्षरता दर पुरुष साक्षरता दर से काफी पीछे था। साक्षरता आंदोलन के बदौलत इसमें काफी इजाफा हुआ है। महिला पुरुष के साथ साथ अब कंधे से कंधे मिलाकर पढ रही है। खासकर कामकाजी महिला जो असाक्षर थी, साक्षरता केन्द्रों पर आकर अक्षर तथा संख्या ज्ञान प्राप्त कर रही है। महिला यदि पढना, लिखना जान जाती है तो उसे कोई ठग नहीं सकता है। परिवार के बच्चों को पढाई, लिखाई में मदद्गार साबित हो सकती है। सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से स्वतरूलाभान्वित हो सकती है। आज हमें इस दिवस पर निरक्षरता को समूल समाप्त करने की प्रण लेने की जरूरत है।

# जदयू की बैठक में सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** नगर के छोटी बलिया पटेल चौक स्थित महावीर कम्प्लेक्स में जदयू के पूर्व राज्य परिषर सदस्य व पूर्व प्रमुख वरीय अधिवक्ता सह अनुमंडल अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ब्रजकिशोर मेहता ने पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में हुए विकास कार्य की सराहना की साथ ही उनके विकास कार्य को जनता के घर घर पहुंचकर उनसे संवाद कर जानकारी देते हुए जदयू को वोट देकर पुनः नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की अपील करने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओ के अनुरोध पर ब्रजकिशोर मेहता ने कहा हमने तीन दशक से आजीवन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पार्टी से जुड़कर वफादार कार्यकर्ता के रूप में पार्टी का कार्य कर रहा हूं। हमने शुरू से मजदूर से लेकर बुद्धिजीवियों, खिलाड़ियों, युवाओं का संघ संगठन बनाकर उनके हक व समस्याओं को उठाने व उनके हित मे कार्य किया। करीब दो दशक तक प्रखंड प्रमुख रहकर जनता का सेवा किया। हमे दो वार पार्टी लोकसभा व विधानसभा से टिकट देने का आश्वासन दिया था लेकिन दो कार्यकर्ता के अडिग होने पर मुझे टिकट नही दिया। अब तीन दशक से पार्टी का सेवा किया संघ संगठन को मजबूत किया। इस बार विधानसभा से पार्टी का टिकट देने का दावा करता हूं।

# जूनियर स्कॉटिश स्कूल में धूमधाम से मनाया गया ग्रैंडपेरेंट्स डे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अररिया।** जूनियर स्कॉटिश स्कूल में सोमवार को ग्रैंडपेरेंट्स डे बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर का आयोजन बच्चों के जीवन में दादा-दादी और नाना-नानी के अपार स्नेह, मार्गदर्शन और योगदान को सम्मानित करने के लिए किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मोंटेसरी वर्ग के बच्चों द्वारा स्वागत गीत से हुई। इसके बाद बच्चों ने अपने हस्तनिर्मित कार्ड और फूल भेंट कर दादा-दादी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर आयोजित केक कटिंग समारोह ने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। बच्चों, अभिभावकों और दादा-दादी ने मिलकर ड्राइंग, क्राफ्टिंग, पौधारोपण और कविता-पाठ जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा विद्यालय परिवार हंसी, उमंग और आत्मीयता से सराबोर हो गया। इस अवसर पर निदेशक अनूप कुमार ने सभी अभिभावकों और दादा-दादी का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सराहना की। असिस्टेंट मैनेजर कुमार आर्यन ने कहा कि ऐसे आयोजन केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का साधन नहीं होते, बल्कि यह उन्हें सामाजिक मूल्यों से जोड़ते हैं। इन कार्यक्रमों से बच्चों, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन के बीच आपसी विश्वास और जुड़ाव मजबूत होता है। साथ ही बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ता है और वे व्यवहारिक तथा सामाजिक ज्ञान भी प्राप्त करते हैं। विद्यालय प्रबंधन का प्रयास रहेगा कि इस प्रकार के उपयोगी और प्रेरणादायी कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहें। कार्यक्रम का समापन प्रसन्न चेहरों और बच्चों व उनके दादा-दादी के बीच और भी मजबूत रिश्तों के साथ हुआ।

# महिला सशक्तिकरण पर तेजस्वी की राह पर सोनाली सिंह, चौपाल में गूंजा विकास का मुद्दा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** समाजसेवी सह राजद नेत्री सोनाली सिंह के नेतृत्व में बड़हरा प्रखंड के पश्चिमी बबुरा पंचायत स्थित राजकीयकृत प्लस टू विद्यालय में महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के सम्मान में चौपाल का आयोजन किया गया। उन्हें चुनरी ओढ़ा कर सम्मान दिया। चौपाल में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं और समाजसेविका का भव्य स्वागत किया। सोनाली से महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याएं खुलकर रखीं जिनमें नाली-गली की व्यवस्था, महिलाओं का विकास, राशन कार्ड, पेंशन और पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की कमी जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उन की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सोनाली सिंह ने कहा कि पंचायतों में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है और महिलाओं की समस्याओं पर चुनाव जीतने के बाद ध्यान नहीं दिया जाता जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि महिलाएं भी समाज में पुरुषों के बराबर सम्मान की हकदार हैं लेकिन उन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। मेरे नेता माननीय तेजस्वी यादव 'माई-बहिन मान' योजना के माध्यम से महिलाओं को सम्मान और अधिकार दिलाने का काम कर रहे हैं। इसलिए आप सभी आगामी विधानसभा चुनाव में उनके हाथों को मजबूत करें ताकि महिलाओं को उनका हक मिल सके। चौपाल के समापन पर सोनाली सिंह ने महिलाओं को साड़ी उपहार में देकर सम्मानित किया। उपहार पाकर महिलाओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी और उन्होंने सोनाली सिंह को आशीर्वाद देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। मौके पर राज नारायण सिंह,भोला पासवान, राम मूर्ति प्रसाद, संजय सिंह, बबुरा सरपंच माधुरी देवी, श्याम बाबा,भोला शर्मा, जितेंद्र पासवान, धर्मेंद साह, छेदी सिंह और राहुल साह, गौतम ऋषि, हनी कुमार, राजा कुमार, जयराम सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# अतिपिछड़ा अधिकार सम्मेलन की तैयारी कर पेश करेंगे उम्मीदवारी : राजेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** जदयू नेता सह लाखो पंचायत के मुखिया पति राजेश कुमार आगामी 21 सितंबर को कांग्रेस अतिपिछड़ा अधिकार सम्मेलन का आयोजन करेंगे। सोमवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर राजेश ने बताया की वे 21 सितंबर को विधिवत कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रह्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अतिपिछड़ों की आवाज को मजबूती से उठाते हैं। इसलिए मैंने कांग्रेस पार्टी जइन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने दावा किया कि सम्मेलन में हजारों की संख्या में भीड़ जुटेगी और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी इसमें शामिल होंगे। राजेश कुमार 2020 में बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र (146) से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं। राजनीतिक हलकों में यह कयास लगाया जा रहा है कि कांग्रेस में शामिल होने के बाद वे पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं। हालांकि इस पर निर्णय शीर्ष नेतृत्व करेगा यह बात भी कही है। राजेश कुमार की पत्नी रिंकू देवी लाखों पंचायत से लगातार तीन बार मुखिया चुनी गई हैं। राजेश कुमार मुखिया प्रतिनिधि निधि के रूप में पंचायत में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जिससे स्थानीय राजनीति में उनका मजबूत पकड़ माना जाता है।

# जंगलराज के युवराज हैं तेजस्वी : विजय कुमार सिन्हा

## मखदुमपुर में एकजुटता के संकल्प के साथ एनडीए का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मखदुमपुर नगर पंचायत कार्यालय के पास स्थित बस स्टैंड में किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं भवन निर्माण मंत्री जयंत कुशवाहा ने शिरकत किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में एकजुट होकर रहने और एनडीए समर्थित उम्मीदवार को जीताने की अपील की। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने तेजस्वी यादव पर कटाक्ष किया, उन्होंने कहा के तेजस्वी यादव जंगल राज के युवराज हैं और उन्हें अंधेरा पसंद है। आगे उन्होंने कहा कि आज पूरे राज्य में फोर लेन और सिक्स लेन की सड़क बना दी गई है, और इसी सड़क पर तेजस्वी यादव ठुमका लगाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कहा कि राज्य में अमन -शांति और भाईचारा का माहौल है। राज्य में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं, यह बात तेजस्वी और उनके पार्टी को पसंद नहीं है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भवन निर्माण मंत्री जयंत कुशवाहा ने कहा कि हमारी सरकार विकास के लिए संकल्पित है। बिहारी के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो विकास की लकीरें खींची है उसके समानांतर लकीर खींचने की बात विपक्ष सपने में भी नहीं सोच सकती है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने किया, जबकि मंच का संचालन जदयू जिलाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने किया। मौके पर एनडीए समर्थित सभी दलों के नेता एवं जिला अध्यक्ष ने सम्मेलन को संबोधित किया। मौके पर पूर्व सांसद चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी, हम नेता रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा, पंपी शर्मा, मनीष कुमार, भाजपा नेता जोगेंद्र पासवान, अनिल ठाकुर, तिलक देव शर्मा, पिंटू कुशवाहा, प्रिंस कुमार,राहुल पासवान, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं भवन निर्माण मंत्री जयंत कुशवाहा का कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त स्वागत किया। मंच पर इन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# अपनी जान गवांकर भी चार घरों का चिराग रौशन कर गई शिवानी

### छोटी सी उम्र में शिवानी की अद्भुत बहादुरी को लोगों ने किया सलाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत बनवरिया गांव के बधार में नहर में नहाने के दौरान एक एक कर चार बच्चे नहर के तेज धार में बहने लगे, इस दौरान नहर किनारे खड़ी 9 वर्षीय शिवानी को आसपास कोई नहीं दिखा लिहाजा डूबते हुए बच्चों को बचाने के लिए वो नहर में छलांग लगा दी। बड़ी शिद्दत और जद्दोजेहद के बाद वो डूब रहे चारों बच्चों को बचाने में सफल तो हो गई लेकिन नदी के तेज धार में बह गई। 9 साल की शिवानी कुमारी, जो राम ईश्वर मांझी की बेटी थी, ने अपनी जान की परवाह किए बिना साहस दिखाया, उसने अकेले दम पर एक-एक कर चारों बच्चों को पानी से बाहर निकाला। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी छोटी उम्र में शिवानी ने जिस तरह हिम्मत दिखाई, वह अद्भुत और प्रेरणादायक है। आज शिवानी लोगों के बीच नहीं है लेकिन उसके वीरता सदियों तक याद रखी जायेगी। उसने अपने बहादुरी से चार घरों के चिराग बुझने से बचा लिया, वह भी अपनी जान की कीमत पर। इस घटना के बाद गांव में मातम भी है और लोगों के जुबान पर शिवानी के दिलेरी और साहस के किस्से भी।

इस घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि चारों बच्चों को बचाने के बाद जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक शिवानी खुद पानी की गहराई में चली गई थी।शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर दौड़े और काफी मशक्कत के बाद बच्ची का शव बाहर निकाला गया।घटना की सूचना मिलते ही हुलासगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।पुलिस ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है। वहीं शिवानी की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।हर कोई उसकी बहादुरी को सलाम कर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि शिवानी भले ही अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसकी वीरता हमेशा याद रखी जाएगी। साथ ही लोगों ने सरकार से मांग की है कि शिवानी के परिवार को उचित आर्थिक सहायता और सम्मान मिले। इस दौरान सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना देते हुए पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन से सहायता राशि दिलाने की बात कही। साथ ही उन्होंने दिवंगत बहादुर बेटी शिवानी को राष्ट्रपति से वीरता पुरस्कार प्रदान करने के लिए अनुशंसा करने की बात भी कही है।

# नूरी एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर व रक्तदान शिविर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** रविवार को नूरी एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में स्थानीय बंधन पैलेस में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन मौलाना फैजान सरवर, समाजसेवी महफूज आलम, डॉ. जावेद, डॉ. आबिद, डॉ. अशरफ नसीम, अलीमुद्दीन, साजिद उर्फ टिंकू, महफूज नूरी, राजू नूरी, टुनटुन खान, जीशान, इमादपुरी, सैयद तनवीर उर्फ गुलशन और सरवर नूरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर सोसाइटी के सदस्यों ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए समय-समय पर किए जाते रहेंगे। शिविर का संचालन डॉ. आदिल और डॉ. माजिद ने किया। इसमें 15 लोगों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। वहीं लगभग 200 मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ दीं, जिनमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. बोरशा राय बिस्वास, दंत चिकित्सक डॉ. अशरफ नसीम, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. इमरान, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जावेद, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जुनैद तथा सामान्य चिकित्सक डॉ. तबरेज़ आलम और डॉ. साजिद शामिल रहे। इन सभी डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार इलाज एवं जांच की सुविधा प्रदान की।

## जेवर चमकाने के बहाने वृद्ध महिला से सोने की चेन की ठगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के अब्दुलपुर मोहल्ले में जेवर चमकाने के नाम पर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता 55 वर्षीय रमाती देवी ने बताया कि रविवार को बाइक सवार तीन युवक मोहल्ले में पहुंचे और लोगों को बर्तन एवं जेवर साफ करने के लिए पाउडर मुफ्त में बाँटने लगे। उन्होंने मौके पर कई लोगों के पुराने जेवर साफ कर विश्वास भी जीत लिया। इसी दौरान दो युवक रमाती देवी के घर में घुस गए। पहले उन्होंने महिला की बिछिया साफ कर लौटा दी। इसके बाद एक युवक ने उनके गले की सोने की चैन लेकर कहा कि इसे भी साफ कर देता हूं। थोड़ी देर बाद उसने चैन को एक छोटे प्लास्टिक पाउच में पैक कर महिला को सौंप दिया और बाहर निकल गया। जब महिला ने पैकेट खोला तो उसमें छोटे-छोटे कंकर मिले और सोने की चैन गायब थी।

# स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के दुग्गुल पंचायत में सोमवार दोपहर स्वास्थ्य उपकेंद्र का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन जिला पार्षद प्रदीप कुमार चौरसिया, सरपंच विनय कुमार सिंह और प्रभारी स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। डॉ. विकास कुमार ने बताया कि उपकेंद्र शुरू होने से अब स्थानीय लोगों को सामान्य बीमारियों के इलाज और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। यहां गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण सहित अन्य बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन के बाद डाटा एंट्री ऑपरेटर सुनील कुमार मेहता और एएनएम सुषमा कौर ने करीब 60 मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में दुग्गुल पैक्स अध्यक्ष मो. मसूद जफर, प्रबंधक मो. सारिक जफर, पूर्व अध्यक्ष मो. हेसामुल हक, समाजसेवी संजय सिंह, डॉ. शिवनंदन यादव, अमरेंद्र सिंह, परमानंद सिंह, भोला मेहता, मुनि मेहता, अजय सिन्हा, अमनीकांत मेहता, दिनेश सिंह, गुंजन सिंह, राकेश चौरसिया, मनीष रवानी, अखिलेश चौरसिया, सुभाष चौरसिया, प्रवेश सिंह, फतेह सिंह, राधे सिंह, जुदागिर रविदास, रूपेश मौर्या सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस उपकेंद्र से अब गांव और आसपास के क्षेत्र के मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़ी राहत मिलेगी।

# इस वर्ष पितृपक्ष चंद्र ग्रहण से शुरू हुआ और सूर्य ग्रहण पर होगा समाप्त



**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद।** इस वर्ष शुरू हो रहे पितृपक्ष में एक अद्भुत सहयोग 100 वर्षों के बाद बन रहा है। इस वर्ष पितृपक्ष जो 7 सितंबर से शुरू हुआ है तथा समापन 21 सितंबर को होना है। पितृपक्ष की शुरुआत में चंद्र ग्रहण का संयोग बना, वही पितृ पक्ष के समापन पर सूर्य ग्रहण भी लगेगा। ऐसा अद्भुत संयोग 100 वर्षों के बाद बन रहा है। ज्योतिष आचार्य का मानना है कि पितृपक्ष इस वर्ष काफी शुभ होगा। यह पितृपक्ष बहुत ही शक्तिशाली और फलदाई माना गया है। इस संबंध में आचार्य शैलेन्द्र शर्मा बताते हैं कि इस काल में अपने पितरों का स्मरण कर उन्हें धन्यवाद देकर उनके आशीर्वाद से जीवन को समृद्ध बनाने का अवसर प्राप्त होता है। इस दौरान प्रतिदिन दक्षिण दिशा की ओर मुख करके काले तिल से तर्पण करना शुभ और फलदाई होगा। उन्होंने आगे बताया कि सर्वपितृ अमावस्या के दिन चावल, घी हल्दी और काला नमक मिलाकर तीन पिंड बनाएं और केले के पत्ते पर रखकर कौवे को अर्पित करें। सूर्य ग्रहण के दिन उपवास करना भी श्रेष्ठ होगा। उन्होंने कहा कि विशेषकर सूर्य ग्रहण पर नमक का सेवन बिलकुल न करें। नियम और श्रद्धा से किए गए कर्म पितरों को संतुष्ट कर घर परिवार में सुख शांति और उन्नति का आशीर्वाद दिलाते हैं।

# महादलित टोली में महिला केंद्रित योजनाओं हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड के कंसारा महादलित टोले में महिला केंद्रित योजनाओं के जानकारी हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हुलासगंज प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने की। इस अवसर पर लैंगिक विशेषज्ञ शैलेश कुमार एवं केस वर्कर अंजूषा कुमारी ने उपस्थित महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह निषेध, दहेज उन्मूलन, महिलाओं की मतदान में भागीदारी, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, घरेलू हिंसा अधिनियम, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना तथा महिला सशक्तिकरण जैसी विभिन्न योजनाओं और कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इसके अतिरिक्त बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने महावारी स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किशोरियों एवं महिलाओं के बीच महावारी स्वच्छता प्रबंधन किट का वितरण किया।कार्यक्रम में महिला प्रवेक्षिका अनिता कुमारी, प्रखंड समन्वयक ओम प्रकाश कुमार गांव की महिलाओ, युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## विषैले सर्प के डसने से महिला ज़ख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विषैले सांप के काटने से एक महिला ज़ख्मी हो गई। मामला हरिहरगंज थाना क्षेत्र के खड़गपुर गांव की है। महिला की पहचान उस गांव निवासी दुर्गा मेहता की पत्नी निर्मला देवी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि महिला अपने घर से बधार तरफ घास काटने गई थी। इस दौरान विषैले सांप ने महिला के पैर को काट लिया। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे और इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है।

# रास्ते के विवाद में मारपीट, तीन लोग जख्मी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें दंपत्ति सहित तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के धनांवा गांव की है। जख्मियों में उस गांव निवासी सूरजमल कुमार, उसकी पत्नी गीता देवी एवं भतीजा अमरकांत कुमार शामिल है। घटना के बाद तीनों ज़ख्मियों को इलाज के लिए दाउदनगर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गीता देवी एवं अमरकांत की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोटें आई है, जिनका इलाज किसी निजी क्लीनिक में कराया गया है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान ज़ख्मियों ने बताया कि पड़ोसी उनके जमीन में दोनों तरफ से जबरन रास्ता बनवा रहा था, जबकि वह जमीन के बीच से रास्ता देने को तैयार है। सोमवार को ठेकेदार रास्ता बनाने पहुंचा था, जहां सूरजमल ने काम रुकवा दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गई। इसके बाद दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे को मारपीट करने पर उतारू हो गए। आक्रोश में आकर पड़ोसी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर लाठी-डंडे और लोहे के रॉड से हमला कर दिया, जिसके कारण तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दी गई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि धनांवा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की जानकारी मिली है। घटना का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है। जख्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। आवेदन या फर्द बयान मिलने के बाद एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक जख्मी

**औरंगाबाद।** एनएच - 139 पर ओबरा थाना क्षेत्र के अतरौली मोड़ के समीप दो बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ही अतरौली गांव निवासी विनोद चौधरी के पुत्र आकाश कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि आकाश गायक है। आज औरंगाबाद के किसी स्टूडियो में गाना की शूटिंग करने जा रहा था। जैसे ही वह गांव से निकलकर अतरौली मोड पर पहुंचा, तभी दूसरे बाइक से टकराकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर परिजन पहुंचे और उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार जख्मी

औरंगाबाद। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेड़िया मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक 25 वर्षीय युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ही अमना भरवार गांव निवासी ललन सिंह के पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दीपक अपने घर से मदनपुर तरफ किसी काम से गया था। वापस लौटने के दौरान भेड़िया मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से महिला ज़ख्मी

**औरंगाबाद।** सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला घायल हो गई। घटना एनएच - 19 पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुआ धाम मोड़ के समीप की है। घायल महिला की पहचान महुआ धाम निवासी कृष्णा यादव की पत्नी कुनिया देवी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल महिला ने बताया कि वह मदनपुर भाई से मुलाकात करने गयी थी, जहां से वापस अपने घर लौटने के दौरान यह हादसा हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। इधर, घटना की सूचना पर वार्ड संघ के जिलाध्यक्ष अभय पासवान सदर अस्पताल पहुंचे और महिला के इलाज में लापरवाही देख चिकित्सकों से बेहतर इलाज की बात कही। इसके बाद उन्होंने महिला से उसके घर का पता पूछा और परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और महिला का हाल जाना।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक जख्मी

**औरंगाबाद।** संडा-बालूगंज रोड स्थित अंबा थाना क्षेत्र के झखरी गांव के समीप एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। इस घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा गांव निवासी सुदर्शन चंद्रवंशी के पुत्र अमन कुमार एवं लालमोहन यादव के पुत्र दीपक कुमार शामिल है। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को ऑटो से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। घायलों की पहचान होने पर घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। परिजनों ने बताया कि दोनों युवक आपस में दोस्त है। सोमवार को घर से कॉलेज जाने की बात कह कर निकले थे। इसके बाद बिना किसी को कुछ बताएं दीपक के बुआ के घर बालूगंज चला गया, जहां से लौटने के दौरान उस जगह पर अनियंत्रित बोलेरो की चपेट में दोनों आ गए। घटना के बाद चालक बोलेरो लेकर फरार हो गया। फिलहाल दोनों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। अमन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो युवक जख्मी हुए है जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं अज्ञात बोलोरो वाहन की तलाश की जा रही है।

### विभिन्न कांडों के वारंटी और अभियुक्त गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने रविवार की रात्रि छापेमारी कर विभिन्न कांडों के अभियुक्त एवं वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के मोजहिदा गांव निवासी रामाशीष दुसाध, रोहतास जिला के सोनवर्षा गांव निवासी सरोज मिश्रा तथा कुटुंबा थाना क्षेत्र के हनेया गांव निवास अमित कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि उपरोक्त सभी लोगों के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# शब्दाक्षर के राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में औरंगाबाद के साहित्यकारों का जलवा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के बैनर तले राजस्थान के झुंझुनू स्थित बंधे के बालाजी मंदिर सभागार में आयोजित त्रिदिवसीय राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में औरंगाबाद के साहित्यकारों ने अपनी उपस्थिति से जिले का मान बढ़ाया। इस आयोजन में देश के 25 राज्यों से आए सैकड़ों कवि और साहित्यकार शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की स्तुति एवं स्वस्तिवाचन के साथ हुआ। राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह और आयोजन प्रमुख डॉ. दयाशंकर जांगिड़ की अगुवाई में अतिथियों का स्वागत मोतियों की माला, अंगवस्त्र, उत्तरीय और स्मृति-चिह्न देकर किया गया। दस सत्रों में आयोजित कवि सम्मेलनों में से दो सत्रों का संचालन बिहार प्रदेश सचिव विनय मामूली बुद्धि और औरंगाबाद जिला अध्यक्ष नागेंद्र कुमार केशरी ने किया, जो बिहार विशेषकर औरंगाबाद के लिए गौरव का विषय रहा। इस दौरान गीत ऋषि डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने कहा कि कवियों को रचनाओं से पूर्व विविध भाषाओं और छंदों का गहन अध्ययन करना चाहिए तथा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए काव्य सृजन करना चाहिए। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह और राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धनंजय जयपुरी ने साहित्य के उत्थान के लिए समय-समय पर संगोष्ठी और कवि सम्मेलनों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। कवि सम्मेलन में मनोज पद्मनाभ, मुकेश मारवाड़ी, जनार्दन मिश्र जलज, अनामिका सिंह, संतोष हिन्दवी, राजकुमार प्रतापगढ़िया, सविता बांगड़, अशोक व्यग्र, मधु गोयल, सावित्री सुमन, लखन डेहरिया, मुकेश गोयल, कुसुम अग्नि और अंबिका मोदी सहित कई कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# बिहार की बदहाली और दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेवार : डॉ. अभिराम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रतनी फरीदपुर प्रखंड के रुस्तमचक गांव के खेल मैदान में जन सुराज पार्टी की ओर से"बिहार बदलाव सभा" आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए जन सुराज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य डॉ. अभिराम शर्मा ने कहा कि बिहार आज पूरी तरह हर क्षेत्र में संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने बिहार की मौजूदा चुनौतियों खासकर बेरोजगारी, बदहाल शिक्षा व्यवस्था, पलायन और किसानों की दुर्दशा पर चर्चा की तथा इसके लिए सरकार को जिम्मेवार बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जन सुराज केवल सत्ता पाने के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि यह पार्टी व्यवस्था परिवर्तन का पक्षधर है,। जन सुराज पार्टी बिहार के आत्मसम्मान और गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए बिहारियों को एकजुट कर रही है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय समस्याओं पर खुलकर बात रखी, साथ ही इसके लिए पिछले 35 सालों से चली आ रही शासन व्यवस्था को जिम्मेवार ठहराया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील किया कि वे बिहार में बदलाव के लिए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के हाथों को मजबूत करें और बिहार में होने वाले व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा बनें। रुस्तमचक में आयोजित इस सभा ने भी स्थानीय लोगों में यह उम्मीद जगाई है कि बिहार में पारदर्शी और जनहितकारी शासन संभव है।सभा में सैकड़ों लोगों के बीच परिवार लाभ कार्ड का वितरण किया गया। डॉ. अभिराम शर्मा ने उन्हें बताया कि अगर जन सुराज पार्टी इस बार के विधान सभा चुनाव में बिहार की सत्ता में आती है तो हर जरूरतमंद परिवार को इस परिवार लाभ कार्ड के माध्यम से प्रतिमाह बीस हजार रुपए तक की आर्थिक मदद पहुंचाई जाएगी। सभा का संचालन पंकज कुमार ने किया। इस मौके पर किसान नेता तिलेश्वर कौशिक, जन सुराज के जिला महामंत्री रामबाबू पासवान, जिला सचिव संजय शर्मा, अनुमंडल महामंत्री मुकेश महादेव, अरविंद चौधरी आदि ने अपने विचार रखे। सभा में मुरहारा पंचायत के रुस्तमचक के अलावा उत्तरापट्टी, देवनन्दन बिगहा, सुरही, मुरहारा, गोपालपुर आदि गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे।

# जहानाबाद शहर का नाम बदलकर "मांडवी नगर" किए जाने की मांग पकड़ रही जोर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले की जनता ने अपने नगर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्वरूप को पुनः स्थापित करने की जोरदार मांग शुरू कर दी है। जिलेभर में युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी वर्गों ने एक स्वर में कहा कि जहानाबाद का नाम बदलकर उसके प्राचीन नाम "मांडवी नगर" को पुनः मान्यता दी जाए। स्थानीय इतिहासकारों और बुजुर्गों के अनुसार, यह नगर भगवान श्रीराम के भाई भरत जी की पत्नी मांडवी के नाम पर जाना जाता था। पुराने खतियानों और अभिलेखों में आज भी "मांडवी जहानाबाद" लिखा मिलता है। साथ ही, इस भूमि का संबंध राजा जह्नु और गंगा की परंपरा से भी रहा है, जिससे इसकी धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता और बढ़ जाती है। ऐसी मान्यता है कि मुगल शासक औरंगजेब की बहन जहांआरा के नाम पर इस नगर का नाम जहानाबाद कर दिया गया था। स्थानीय जनमानस का कहना है कि विदेशी प्रभाव के चलते इस नगर का नाम "जहानाबाद" कर दिया गया था, जो स्थानीय संस्कृति और परंपरा का प्रतिनिधित्व नहीं करता। अब समय आ गया है कि नगर को उसकी असली पहचान और गौरव लौटाया जाए। ग्राम-ग्राम और मोहल्लों में चल रहे जनआंदोलन में लोग बैनर-पोस्टर लेकर यह मांग कर रहे हैं कि सरकार तत्काल पहल करते हुए जहानाबाद का नाम बदलकर "मांडवी नगर" घोषित करे।जैसा कि ज्ञात हो कि जहानाबाद शहर, मुगल शासन से लेकर अंग्रेजी शासन तक प्रमुख रूप से व्यापार का केंद्र और अनाज के मंडी के रूप में जाना जाता था।

## न्यायालय के आदेश पर चारपहिया वाहन मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र में शराब तस्करी के मामले में जब्त किए गए एक चारपहिया वाहन को सोमवार को औरंगाबाद न्यायालय के आदेश पर मुक्त कर दिया गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने जानकारी दी कि कांड संख्या 95/24 के तहत पुलिस ने छापामारी कर आई-20 कार को पकड़ा था। तलाशी के दौरान वाहन से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई थी। इस संबंध में तीन तस्करों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया था। उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। शराब और वाहन दोनों को पुलिस ने जब्त कर थाने में रखा था। बाद में न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण में आदेश पारित होने के बाद वाहन को मुक्त कर दिया गया।

# पिंडदान का प्रथम द्वार कहलाता है पुनपुन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। पितृ पक्ष के प्रथम दिन पुनपुन बांटने संगम पर रडुआ धाम के पास जेपी सेनानी सह खादी ग्रामोद्योग समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने अपने दामाद मनोहर कुमार के साथ पितरों का तर्पण किया। यह कर्मकांड पंडित अरूण पाठक ने संपन्न करवाया। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि पितरों को याद कर शांति की अनुभूति किया। पितृ पक्ष के पहले दिन पुनपुन नदी में पिंड तर्पण का विशेष महत्व है क्योंकि यह पिंडदान का प्रथम द्वार कहलाता है। मान्यताओं के अनुसार भगवान राम ने सबसे पहले अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए यहीं तर्पण किया था, जिसके बाद गया में पिंडदान विधि पूरी की गई थी। इसलिए पुनपुन में तर्पण किए बिना गया में किया गया श्राद्ध अधूरा और निष्फल माना जाता है।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर दी गई जानकारी

## आवेदन की प्रक्रिया तथा अर्हता पर विस्तार से की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का सफल क्रियान्वयन हेतु नगर परिषद मसौढी के द्वारा सम्राट अशोक भवन में गठित क्षेत्र स्तरीय संगठनों के पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार के द्वारा उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन की प्रक्रिया तथा अहर्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। अहर्ता पर चर्चा करते हुए बतलाया गया की नगर निकाय क्षेत्र के हर परिवार से एक महिला को इस योजना का लाभ दिया जाना है। उसके लिए जरूरी है



कि महिला का उम्र 18-60 वर्ष के बीच हो एवं परिवार में कोई भी किसी तरह का कोई सरकारी नौकरी या संविदा नौकरी में नहीं होना चाहिए, इस योजना का लाभ नगर निकाय क्षेत्र के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की सदस्य को क्षेत्र स्तरीय संगठन के अनुमोदन के पश्चात आवेदन नगर निकाय कार्यालय में जमा किया जाना है, साथ ही इस योजना का लाभ फुटपाथ विक्रेता, स्लम बस्ती की महिला तथा नगर निकाय में दैनिक आधार पर कार्यरत सफाई कर्मी भी लाभ ले सकते हैं। एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को ऑफलाईन एवं फुटपाथ विक्रेता स्लम बस्ती की महिलाओं एवं दैनिक कार्य कर्मचारियों का आवेदन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त करने की कार्रवाई 8 .9 .2025 से प्रारंभ कर दी गई है इसके लिए नगर परिषद कार्यालय में तीन हेल्पडेस्क की व्यवस्था की गई है। जिसमें कर्मी की प्रति नियुक्ति कर दी गई है सरकार का उद्देश्य है कि नगर परिषद क्षेत्र के हर परिवार को अर्हता रखने वाले परिवार को लाभ मिल सके कार्यक्रम में निकिता सिंह नगर मिशन प्रबंधक,रामावतार शास्त्री, अमिन रामाधार यादव, खुशबू कुमारी, नीलू कुमारी, पिंकी देवी, अंजू देवी, शारदा देवी, सीआरपी एवं क्षेत्र क्षेत्र स्तरीय संगठन के सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया।

## 27 छात्रों का हुआ एनसीसी में चयन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एसएमडी कॉलेज पुनपुन में एनसीसी के नए सत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया अपनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। 29 बिहार बटालियन से आए हुए पीआई स्टाफ सूबेदार धनंजय कुमार सिंह, संजीत कुमार शाह, सुबोध कुमार सिंह के द्वारा 27 विद्यार्थियों का चयन किया गया साथ ही चयन प्रक्रिया शारीरिक दक्षता परीक्षण और लिखित परीक्षा के माध्यम से किया। एसएमडी कॉलेज पुनपुन के एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रवाद और नेतृत्व के गुर्णो को विकसित करने का एक उत्कृष्ट मंच है। उन्होंने कैडेटों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। और एनसीसी के उद्देश्यों एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी में शामिल होने से विद्यार्थियों को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनने का अवसर मिलेगा।

## एक नजर

### एलआईसी ऑफिस के पास से बाइक चोरी

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत स्थित एलआईसी ऑफिस के पास से धीरज कुमार की बाइक चोरों ने चुरा ली। धीरज कुमार ने बताया कि वे नगर बाजार के नीरखपुर स्थित एलआईसी ऑफिस में काम से गए थे। ऑफिस के अंदर जाने से पहले उन्होंने बाइक बाहर खड़ी की थी। लेकिन जब वे वापस लौटे तो देखा कि बाइक गायब थी। बाइक की डिक्की में नगदी रुपये और कई जरूरी कागजात भी रखे हुए थे। इस मामले में पालीगंज थाने की पुलिस ने बताया कि बाइक चोरी का आवेदन दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### महिला समेत 3 वारंटी गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के भलुआ गांव से लहसुना पुलिस ने एक महिला समेत तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया की भलुआ गांव से फरार 3 वारंटी को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें अरुण बिंद पिता झमीन बिंद, सियामणि देवी पति अरुण बिंद, अरुण बिंद को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया की धोखे से दूसरी शादी करने का इन सबों पर मामला है जिसे मामले में फरार चल रहे आरोपियों पर न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है वहीं पुनपुन पुलिस ने भी एक न्यायालय द्वारा निर्गत फरार वारंट को गिरफ्तार किया गया है।

### धर्मवीर हत्याकांड मामले का नामजद आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धर्मवीर हत्याकांड में नामजद आरोपी रहे राहुल कुमार पिता विजय यादव जियाउद्दीनचक जो फिलहाल पटना में किसी निजी अस्पताल में गोली लगने से जख्मी में इलाज रहता था, जहां उसे स्वस्थ होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि मामला बीते 10 अगस्त को है जहां पर धर्मवीर हत्याकांड का नामजद आरोपी राहुल कुमार को बाइक पर सवार ने गोली मारकर जख्मी कर दी थी,जिसे अस्पताल मे इलाजरत था, और उसी रात राजेंद्र पासवान और उसके बेटे विनोद पासवान को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी पूरे मामले पुलिस जांच में जुटी है।

### मोबाइल चोर की जमकर पिटाई

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित जय मां काली काम्प्लेक्स में सोमवार की दोपहर जय हो मोबाइल वाला दुकान से स्क्रीन टच मोबाइल चोरी करते एक युवक को रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को सौपा है। दुकान में चोरी करते युवक का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें युवक दुकानदार के हटते ही काउंटर से मोबाइल पॉकेट में रखता दिख रहा है जिसके बाद दुकानदार को युवक पर संदेह हुआ और वह अपने काउंटर से मोबाइल गायब देखा। जिसके बाद दुकानदार ने युवक से पूछताछ की उसके पास से मोबाइल बरामद कर पुलिस को सूचना दी। बताया जाता है की इस दौरान चोर की जमकर पिटाई भी की गई, पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दुकानदार के अनुसार युवक पहले भी दो बार दुकान से मोबाइल की चोरी कर चुका है। युवक शुभम राज, लखीसराय का रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं ऐसे चोरी के मामले को लेकर अन्य दुकानदार भी हरकत में आ गए है मौके पर आसपास के दुकानदार भी जमा हो गए।

### शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एसएसबी सीमांत मुख्यालय व 40 वाहिनी एसएसबी की संदीक्षा ओर से सोमवार को जनकधारी इंटर स्कूल में एक शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसएसबी वाइव्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन (संदीक्षा) की कार्यवाहक अध्यक्षा सुभ्रा साहा राय ने कहा कि गुरू वो दीपक है, जो अज्ञान के अंधकार को ज्ञान की रोशनी से मिटा देते है। श्रीमती राय ने स्कूल के 10वी व 12 वीं के छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग कर उनको अपने लक्ष्यों को पाने हेतु प्रेरित किया गया। श्रीमती राय ने स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कर प्रकृति से अपना संबंध मजबूत करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया.स्कूल की प्राचार्या अनिता भारती ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से छात्रों को प्रोत्साहित होते है। मौके पर संदीक्षा के सदस्य ज्योति जायसवाल, जयबती बरगोहाई समेत महिला कर्मी मौजूद थे।

### दलित एवं पिछड़ा उम्मीदवार बनाए जाने की मांग

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न पार्टी और समुदाय के नेता अपनी ताकत दिखाने में लग गए हैं।सोमवार को बिक्रम के सेलगढ़ में राजद नेता ई बल्ली यादव ने दलित,अतिपिछड़ा एवं पिछड़े जाति के समर्थकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।बैठक में ई बल्ली यादव ने कहा कि बिक्रम विधानसभा से पिछले 25 वर्षों से स्वर्ण समाज के लोगों को प्रत्याशी बनाया जाता है इस बार दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा समाज के लोगों को महागठबंधन के प्रत्याशी स्वीकार होंगे। उन्होंने कहा कि हर बार हम लोगों का ठगा गया है इस बार हम लोगों एक जुट होकर अपनी ताकत का एहसास कराएंगे।बैठक में संजय राम,कृष्ण कुमार अकेला, जिला पार्षद मेजर चंद्रवंशी, नागेंद्र कुशवाहा,प्रखंड प्रमुख रामेश्वर पासवान, मुखिया अजीत वर्मा, तनवीर अहमद, आरिफ, पूर्व प्रमुख शैलेश महतो, उज्ज्वल यादव, सुजीत रविदास, राजद प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव, मुखिया मेघनाथ, अखिलेश गोप, कमलेश यादव, दीपू यादव , संजय यादव, दीपक राम आदि मौजूद थे।

### हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में प्रधानाचार्य डॉ. शंभु कुमार यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना और सबरी हेल्पेज के संयुक्त तत्वावधान में मेंटल हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सबरी हेल्पेज के संस्थापक व मनोवैज्ञानिक आरती बी. आर. सिंह भी उपस्थित थे, जिन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मेंटल हेल्थ विषय पर महत्वपूर्ण टिप्स दिया।

## विधानसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर मसौढी विधानसभा क्षेत्र के सभी सेक्टर पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को अनुमंडल कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अभिषेक कुमार ने की। इस दौरान उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्यों के प्रति सचेत रहने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर पदाधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों का नियमित भ्रमण करें और वहां उपलब्ध भौतिक सुविधाओं की विस्तृत रिपोर्ट समय पर समर्पित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय, रैंप तथा अन्य आवश्यक



सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर चुनाव कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहे। गौरतलावे की मसौढ़ी विधानसभा में कुल 436 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां पर 41 सेक्टर पदाधिकारी हैं और प्रत्येक सेक्टर पदाधिकारी को ऑप्शन 10 मतदान केदो की जिम्मेदारी दी गई है इसके साथ-साथ एसडीएम अभिषेक कुमार ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वैसे बूथ जहां पर अगर कोई दबंग है वोट देने के प्रति डरा रहा है तो हमारी जिम्मेवारी है कि हर मतदाताओं को उनका मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

## एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** मेरा युवा भारत एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दनियावां से समीपवर्ती रायपुरा, फतुहा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर पौधारोपण किया गया। मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि धरती की हरियाली में ही जीवन की खुशहाली है। पर्यावरण से छेड़छाड़ का सीधा असर जलवायु परिवर्तन पर हो रहा है। जहां कभी बागों से गुलजार गुलजारबाग हुआ करता था वहां हमने एशिया के सबसे बड़ा कॉलोनी कंकड़बाग बना दिया। विकास के इस अंधा दौड़ में जिस तरह पेड़ो की अंधाधुन कटाई हो रही है यह मानव सभ्यता के लिए




खतरे की घण्टी है। ग्लोवलवार्मिंग, ओजेन परत में छेद, पृथ्वी के तापमान में बढ़ोतरी, वायुमंडल में कार्बन का बढ़ना मानव सभ्यता के लिए बुरे दौर हैं। उन्होंने सभी लोगो से अपील की है कि अपने जमीन के एक तिहाई हिस्से पर पेड़ लगाएं। फाउंडेशन आम, अमरूद, जामुन, कटहल, लीची, सागवान, महोगनी के पेड़ उपलब्ध करा रहा है। वहीं भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत पटना के स्वयंसेवक हिमांशु शर्मा घूम घूम लगातार पेड़ लगा रहे है। हर गांव में पर्यावरण प्रहरी बनाया जा रहा है जो लगातार पर्यावरण के रक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाएंगे। मौके पर रवि प्रकाश, विकाश कुमार समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## धर्मवीर हत्याकांड के फरार आठ अभियुक्तों के घर ढोल बजाकर साटा गया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के जियाउद्दीन चक में हुए धर्मवीर हत्याकांड के फरार अभियुक्तों के घर पर सोमवार की दोपहर ढोल बजाकर पूरे गांव में आठ आरोपियों के घर पर इश्तेहार साटा गया है। साटे गए इश्तेहार में. विजय यादव पे स्व रामस्वरूप यादव,दीपक यादव पे विजय यादव, चंदन कुमार पे ख़ुब्बल यादव, चुन्नू कुमार पे ख़ुब्बल यादव, कारू यादव उर्फ राजकिशोर यादव, कान्हा यादव उर्फ श्रवण यादव पे लोरिक यादव, लल्लू उर्फ प्रमोद यादव पे युगल यादव पे भगवान प्रसाद, परमानंद यादव उर्फ स्वामी विवेकानंद पे युगल यादव है हलांकि बिते 19 अगस्त को भी फरार तीन आरोपियों के घर पर भी इश्तेहार साटा गया है जिसमें सोहराई यादव, दीपक यादव और विजय यादव के घर पर इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी गई थी। दरअसल बताया जाता है कि धनरूआ थाना कांड संख्या 490/25 के तहत धर्मवीर हत्याकांड में 8 लोगों पर नामजद हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें कुल तीन लोग गिरफ्तार किया जा चुके हैं। फरार चार लोगों में एक अस्पताल में इलाजरत था जिसे भी गिरफ्तार किया गया है। बाकी लोगों पर उसके घर पर ढोल बजाकर विधवत तौर पर इश्तेहार साटा गया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि फरार अभियुक्तों के घर पर विधिवत तौर पर गली में ढोल बजाते हुए घर पर पदाधिकारी ने इश्तेहार साटकर उसे सरेंडर करने की चेतावनी दी है।

### घर में सोए व्यक्ति की चाकू गोद कर हत्या

**बाढ़।** अनुमंडल में बेलछी प्रखंड के कोरारी गांव में देर रात एक व्यक्ति की चाकू से गोद-गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक बिपिन उर्फ टूल्लू महतो घर पर अकेले रहते थे। उनकी दो छोटी-छोटी बच्चियां और एक लड़का है। पत्नी के साथ विवाद के बाद वह उन्हें छोड़कर चली गई थी। तभी से वे अपने बच्चों के साथ घर पर अकेले रहते थे। कल रात काफी देर तक वे ग्रामीणों के साथ घर के बाहर बातचीत करते देखे गए थे। सुबह उनकी बेटी अचानक घर से बाहर दौड़ते हुए निकली। उसने पड़ोस की एक महिला से बताया कि उनके पापा के सर से खून निकल रहा है। सभी ग्रामीण दौड़े दौड़े टूल्लू महतो के घर पर पहुंचे। उनके शरीर पर किसी धारदार हथियार से कई गंभीर जख्म के निशान मौजूद थे। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस को प्राथमिक अनुसंधान में हत्या के कारण का अभी कोई पता नहीं चला है। पुलिस घटनास्थल की जांच में जुटी है।

## विश्व फिजियोथिरेपी दिवस पर संस्थान में भव्य समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** वर्ष 1990 से पूर्व बिहार में आमजन तो दूर, चिकित्सकगण भी यह नहीं जानते थे कि 'फ़िज़ियोथेरापी' है क्या. केवल अस्थि-रोग विशेषज्ञ ही इससे परिचित थे, लेकिन दुर्भाग्य से वे इसके विकास के पक्षधर नहीं थे क्योंकि उन्हें भय था कि इसके प्रचलन से उनकी निजी प्रैक्टिस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. इस स्थिति में देश का पहला मान्यता प्राप्त निजी संस्थान इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च ही था जिसने साहसिक कदम उठाया और बिहार को इस चिकित्सा पद्धति से परिचित कराया. संस्थान ने बड़ी संख्या में प्रशिक्षित और दक्ष फ़िज़ियोथेरापिस्ट देश को दिए जिन्होंने इसे राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित और विकसित किया। यह बातें सोमवार को विश्व फ़िज़ियोथेरापी दिवस पर बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए निदेशक-प्रमुख डॉ. अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान में फ़िज़ियोथेरापी की भूमिका लगातार तेज़ी से बढ़ रही है. अब यह केवल अस्थि, नस, पेशी, जोड़ और स्नायु से जुड़े रोगों तक सीमित नहीं है, बल्कि लगभग सभी प्रकार की बीमारियों में इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही है. कई रोग ऐसे हैं जिनमें फ़िज़ियोथेरापी के बिना कोई लाभ संभव ही नहीं है।

## बाइक सवार दो अपराधियों ने मुंशी को मारी गोली, जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो अपराधियों ने मुरारचक के पास बाइक सवार उपेंद्र कुमार को गोली मारकर कर जख्मी कर दिया गया। जख्मी उपेंद्र व्यवहार न्यायलय में निजी मुंशी का कार्य करता है. जख्मी उपेंद्र सोमवार को अपने घर ढिबरा से सुबह करीब साढ़े दस बजे अपनी बाइक से कोर्ट जाने के दौरान मुरारचक मोड़ पर पीछे से बाइक सवार दो अपराधियों ने हत्या की नीयत से गोलीबारी कर दिया जिससे गर्दन के पास गोली से दाहिने कंधे को जख्मी करते हुए निकल गई। गोली लगाने के बाद वही खून से लथपथ होकर गिर गया। स्थानीय लोगों ने जख्मी उपेंद्र को इलाज के लिए सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जख्मी के पुत्र रवि ने बताया कि पिता ने फोन कर घटना की जानकारी दी थी. रवि ने बताया कि पिता कोर्ट जा रहे थे. जख्मी उपेंद्र सगुना का मूल निवासी है। घटना की सूचना पर सिटी एसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन करने में जुटे गये है। सिटी एसपी भानू प्रतात सिंह ने बताया कि जख्मी उपेंद्र बयान दर्ज कर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुरानी रंजिश को लेकर अपराधियों ने गोली मार कर जख्मी कर दिया है। जख्मी का हालत ठीक है। सिटी एसपी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

## दलित-महादलित सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगा एनडीए सम्मेलन : अरुण मांझी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** फुलवारी विधानसभा क्षेत्र में 11 सितंबर को फुलवारी ब्लॉक कैम्पस में तालाब के पास मैदान में होने वाले एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर एससी/एसटी प्रकोष्ठ एनडीए की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता सौरभ मांझी (मुखिया) ने की और सम्मेलन की तैयारी एवं जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर चर्चा हुई. इस दौरान संजय कुमार मांझी (हम) को तैयारी का संयोजक चुना गया.मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं जद (यू) एससी/एसटी प्रकोष्ठ के राज्य प्रभारी अरुण मांझी ने कहा कि 11 सितंबर का एनडीए सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। नीतीश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचाएं. आजादी के बाद पहली बार दलित, महादलित और उपेक्षित वर्ग को सशक्तिकरण का लाभ मिला है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में इस वर्ग को सम्मान, सुरक्षा और अधिकार की गारंटी मिली है, इसलिए दलित समाज ने इस सरकार को अपनी सरकार माना है।

## जानिए पुनपुन को क्यों कहते हैं आदि गंगा

### भगवान श्रीराम ने इसी पुनपुन नदी के घाट पर किया था पहले पिंड का तर्पण

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धरती के स्वरूप और उसके विकास को लेकर सप्त ऋषि एक घने जंगल में तपस्या कर रहे थे, उस वक्त उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मदेव प्रकट हुए तो सभी ऋषि उनके चरण धोने के लिए पानी खोजने लगे। ऐसे में सभी ऋषियों ने अपने-अपने पसीने को एकत्रित कर कमंडल में रखकर चरण धोने की कोशिश की लेकिन बार-बार वह पानी गिर जा रहा था, ऐसे में ब्रह्मदेव के मुख से अनायास पुनः पुनः शब्द निकला और इस शब्द के निकलते ही आकाश से जल का एक स्रोत निकल कर धरती पर आया जिसे



पुनपुन नदी के नाम से जाना जाता है। इसी वजह से इसे आदि गंगा कहा जाता है। ब्रह्मदेव ने सप्त ऋषियों को कहा कि आपकी तपस्या पूर्ण हुई है। आज के बाद जो भी मनुष्य इस नदी तट पर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान करेंगे, उनके पिंड का तर्पण संपन्न होगा. तब से पुनपुन नदी के घाट पर पितृपक्ष के अवसर पर पिंडदान का काम शुरू हो जाता है। गरुड़ पुराण में भी ऐसी व्याख्या की गई है. ब्रह्मदेव के आशीर्वाद से ही यहां पर पितृपक्ष शुरुआत हुई थी. भगवान श्रीराम ने भी अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पहले पिंड का तर्पण इसी पुनपुन नदी घाट पर किया था, ऐसी पुराणों में चर्चा है. उसके बाद ही गया के फल्गु नदी तट पर जाकर पिंडदान कर पूरे विधि-विधान का तर्पण किया था. ऐसे में इस पुनपुन नदी घाट को पिंडदान का प्रथम द्वार भी कहा जाता है। पुनपुन के महत्व को देखते हुए सरकार ने इसे अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला के रूप में मान्यता दी है, हर साल देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु यहां पिंड का तर्पण करने आते हैं.पुनपुन नदी के उद्गम और इसकी पूरी कहानी पुराणों में वर्णित है. ब्रह्मदेव के मुख से निकले पुनपुन शब्द से पुनपुन नदी का उद्गम हुआ है और यह मां गंगा का चौथा स्वरूप है, इसलिए इसे आदि गंगा कहते हैं।

## प्रखंड-अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सर्वदलीय धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ऐसा पहली बार हुआ है कि मसौढ़ी प्रखंड और अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पक्ष और विपक्ष के कई नेता धरना पर बैठे दिखे, जहां बीजेपी के जिला मंत्री राकेश कुमार एवं राजद के प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार समेत कई अन्य किसान नेता शामिल रहे। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला मंत्री राकेश कुमार ने की मौके पर कई पंचायत से आये किसान, मुखिया, वार्ड सदस्य, उप मुखिया सरपंच आदि शामिल हुए। किसान नेता अनिल सिंह ने बताया कि अंचल में भ्रष्टाचार व्याप्त है। हमारे गांव नादौन में 2 दिन राजस्व शिविर लगा लेकिन एक भी रैयतों का काम नहीं हुआ। किसानों को बरगलाया



जा रहा है। वहीं भाजपा के जिला मंत्री राकेश कुमार ने कहा कि पांच सूत्री मांगों को लेकर हम सबों ने धरना कार्यक्रम का आयोजन किया है, जिसमें ऑनलाइन काउंटर पर शीघ्र चालु किया जाए, पेंशनधारी को पेंशन पंचायतवार बनवाया जाए, दाखिल खारिज के काम में कर्मचारियों द्वारा जो दलालों के माध्यम से मोटी रकम वसूली जाती है उसे पर रोक लगाया जाए, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सर्वप्रथम गरीब परिवार को दिया जाए, इसमें हो रहे कमीशन खोरी पर लगाम लाया जाए और शौचालय सबसे गरीब परिवारों को दिया जाए इसके अलावा प्रखंड और अंचल में दलाल मुक्त कराया जाए। बहरहाल चल रहे धरना कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार और अंचल अधिकारी प्रभात रंजन मौके पर पहुंचे और लोगों को आश्वस्त किया कि सभी मांगों को पूरा किया जाएगा, धरना कार्यक्रम में शाहाबाद मुखिया रवि प्रकाश, राकेश कुमार, पंचायत समिति बबन केवट, सत्येंद्र सिंह, विमल कुमार, सुबोध सिंह, राकेश कुमार समेत दो दर्जन से अधिक लोग शामिल रहे।

## हॉकी एशिया कप में सोनीपत के अभिषेक प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने

### ● सुमित की डिफेंस का बड़ा योगदान रहा

**सोनीपत (एजेंसी)।** हॉकी एशिया कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साउथ कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम



किया। 8 साल बाद भारत ने यह उपलब्धि हासिल की है। इस जीत में हरियाणा के तीन खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा, जिनमें सोनीपत के अभिषेक नैन और सुमित कुराड़ ने बेहतरीन खेल दिखाया। अभिषेक नैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 6 गोल किए, जिसमें कजाकिस्तान के खिलाफ 4 और चीन के खिलाफ 2 गोल शामिल हैं। वहीं सुमित कुराड़ ने डिफेंडर के रूप में मोर्चा संभालते हुए विरोधी टीम को ज्यादा मौके नहीं दिए और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। टीम के साथ तालमेल बनाते हुए सभी खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया।




# भारत ने हॉकी में चौथी बार खिताब जीतकर

# वर्ल्ड कप में भी जगह बनाई

**राजगीर (एजेंसी)।** भारत ने मेंस हॉकी एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को टीम इंडिया ने डिफेंडिंग चैंपियन साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया। भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2026 के वर्ल्ड कप में भी जगह बना ली।

भारत से फाइनल मैच के पहले ही मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दाग दिया था। दूसरे क्वार्टर में फिर दिलप्रीत सिंह ने गोल दागा और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में दिलप्रीत ने एक और गोल किया। चौथे क्वार्टर में अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा और भारत को 4-0 से आगे कर दिया। साउथ कोरिया से सोन डायन ने इकलौता गोल किया।

## डिफेंडिंग चैंपियन साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया



### भारत ने पहले ही मिनट में गोल दागा

पहले क्वार्टर के पहले ही मिनट में भारत से सुखजीत सिंह ने फील्ड गोल दाग दिया। भारत को 9वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक भी मिला, लेकिन जुगराज सिंह गोल नहीं कर सके। पहला क्वार्टर खत्म होने के बाद भारत 1-0 से आगे रहा।

- **दूसरे क्वार्टर में भारत 2-0 से आगे हुआ** – दूसरे क्वार्टर के शुरुआती 10 मिनट में दोनों ही टीमें गोल नहीं कर सकीं। फिर 28वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने फील्ड गोल किया और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। साउथ कोरिया ने दबाव बनाने की कोशिश जरूर की, लेकिन टीम को गोल करने का मौका नहीं मिला।
- **तीसरे क्वार्टर में दिलप्रीत का एक और गोल** – तीसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत से दिलप्रीत सिंह ने अपना दूसरा फील्ड गोल दाग दिया। राजकुमार पाल ने उन्हें गोलपोस्ट के करीब पास दिया था, दिलप्रीत ने मौके को भुनाया और आसान सा गोल दाग दिया। इसी के साथ भारत 3-0 से आगे हो गया।

### चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने 1-1 गोल किया

चौथे क्वार्टर के 5वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। अमित रोहिदास ने मौके को भुनाया और गोल कर दिया। अगले ही मिनट में साउथ कोरिया को भी पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। यहां सोन डायन ने गोल किया और स्कोर 4-1 कर दिया। 4-1 के स्कोर के साथ ही मैच खत्म हुआ और भारत ने चौथी बार एशिया कप जीत लिया।

### भारत ने अजेय रहते हुए ट्रॉफी उठाई

भारत 2025 के हॉकी एशिया कप में अजेय रहा। टीम ने पूल स्टेज में चीन, जापान और कजाकिस्तान को हराया। चीन के खिलाफ मैच करीबी रहा, बाकी दोनों मैच भारत ने एकतरफा अंदाज में जीत लिए। सुपर-4 स्टेज में भारत का इकलौता ड्रॉ मैच साउथ कोरिया के खिलाफ आया, जहां दोनों टीमें 2-2 गोल ही कर सकीं। भारत ने यहां से मलेशिया को 4-1 और चीन को 7-0 के बड़े अंतर से हरा दिया।

### भारत टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल टीम

हॉकी एशिया कप में भारत के नाम 4 खिताब हो गए। यह साउथ कोरिया के बाद सबसे ज्यादा टाइटल का रिकॉर्ड है। कोरिया ने 5 टाइटल जीते हैं। इन दोनों के अलावा पाकिस्तान ने भी 3 टाइटल जीते हैं, 3 में से 2 बार पाकिस्तान ने भारत को ही फाइनल हराया था। वहीं एक बार राउंड रॉबिन में टीम चैंपियन बनी थी।

## जोस बटलर मात्र 43 रन हैं दूर, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हासिल करेंगे बड़ी उपलब्धि

**साउथेम्प्टन (यूके) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर साउथेम्प्टन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने तीसरे वनडे से पहले अपने देश के लिए 12,000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने से 43 रन दूर हैं। अगर बटलर इस



मुकाम तक पहुंच जाते हैं, तो वह ऐसा करने वाले केवल सातवें अंग्रेजी बल्लेबाज होंगे। वर्तमान में 387 मैचों में बटलर ने 36.12 की औसत, 95.49 के स्ट्राइक रेट, 14 शतकों और 73 अर्धशतकों के साथ 11,957 रन बनाए हैं। वह इंग्लैंड के अब तक के सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में बटलर ने पिछले दो वनडे मैचों में 15 और 61 रन बनाए थे। इस साल 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बटलर ने 35.50 की औसत, 113 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट, 4 अर्धशतकों और 96 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 639 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के लिए 57 टेस्ट मैचों में बटलर ने 100 पारियों में 31.94 की औसत, 2 शतकों और 18 अर्धशतकों के साथ 2,907 रन बनाए हैं जिसमें 152* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। इंग्लैंड के लिए उनका आखिरी टेस्ट 2022 में आया था, लेकिन वह हमेशा से ही सीमित ओवरों के क्रिकेट में थ्री लायंस के लिए लगातार रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं।

# पाकिस्तान ने ट्राई सीरीज जीता

### फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया; नवाज ने लिए पांच विकेट



**शारजाह (एजेंसी)।** टी-20 एशिया कप से ठीक पहले पाकिस्तान ने ट्राई सीरीज जीत ली है। टीम ने रविवार को फाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 75 रनों से हराया। शारजाह में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने 141 रन बनाए। फिर मोहम्मद नवाज के सटीक गेंदबाजी के दम पर अफगानी टीम को 66 रन पर ऑलआउट कर दिया। नवाज ने हैट्रिक सहित 5 विकेट झटके। नवाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**कोई पाकिस्तानी बैटर 30 का आंकड़ा पार नहीं कर सका** – कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। साहिबजादा फरहान पहले ही ओवर में बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। कोई भी बल्लेबाज 30 रन से ज्यादा नहीं बना सका। फखर जमान ने सर्वाधिक 27 रन बनाए, जबकि मोहम्मद नवाज ने 25 रनों की अहम पारी खेली और टीम को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया। राशिद खान, फजल हक फारूखी और नूर अहमद की धारदार गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान की टीम मुश्किल से 141 रन तक पहुंची।

**अफगानिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप**–142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने मात्र 46 रन तक अपने 7 विकेट गंवा दिए। टॉप ऑर्डर के सात में से केवल सेदिकुल्लाह अटल ही दहाई अंक तक पहुंच सके। तीन बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल पाए। स्टार ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज 5 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान इब्राहिम जादरान केवल 9 रन बना सके।

**मोहम्मद नवाज ने 5 विकेट लिए** – मोहम्मद नवाज ने हैट्रिक सहित कुल 5 विकेट चटकाए। उन्होंने अपने चार ओवरों में मात्र 19 रन दिए। उनकी हैट्रिक शानदार रही। पहले 5.5 ओवर में दरवेश रसूली को आउट किया, अगली ही गेंद पर अजमतुल्लाह उमरजई को चलता किया और फिर अगले ओवर की पहली गेंद पर इब्राहिम जादरान को पवेलियन भेजकर हैट्रिक पूरी की। सूफियान मुकीम ने 2.5 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट लिए, वहीं अबरार अहमद ने भी दो बल्लेबाजों को आउट किया। शाहीन शाह अफरीदी को एक सफलता मिली।

### वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025

## लक्ष्य चाहर प्री-क्वार्टर फाइनल में, जैस्मिन क्वार्टर फाइनल में, निखत भिड़ेंगी जापान की युना निशिनाका से

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। पुरुषों के 80 किग्रा भार वर्ग में लक्ष्य चाहर प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में पहुंच गए हैं, जबकि महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में जैस्मिन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य चाहर ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन के हुसैन इशैश को 5-0 से मात दी। उन्होंने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की



और पहले राउंड में बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में हुसैन ने वापसी की कोशिश की, लेकिन तीसरे राउंड में लक्ष्य ने फिर से दबदबा बनाया और शानदार जीत दर्ज की। सभी पांचों जजों ने सर्वसम्मति से फैसला लक्ष्य के पक्ष में दिया। महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में जैस्मिन ने ब्राजील की जूसिएलन सेकेंरा रोमेउ को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# अल्काराज ने सिनर को हराकर जीता यूएस ओपन

### छठा ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया, वर्ल्ड नंबर-1 प्लेयर भी बने

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज ने साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन जीत लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में इटली के जैनिक सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराया। 22 साल के अल्काराज ने करियर का छठा ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। अल्काराज ने दूसरी बार स ओपन जीता। पिछली बार वे 2022 में चैंपियन बने थे। न्यूयॉर्क में स्पेनिश स्टार अल्काराज ने शानदार शुरुआत की और पहला सेट 6-2 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में सिनर ने वापसी करते हुए 6-3 से जीत दर्ज की। तीसरे सेट में अल्काराज ने दबदबा बनाया और एक गेम गंवाते हुए 6-1 से सेट अपने नाम किया। चौथे सेट में सिनर ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन अल्काराज ने 6-4 से जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ ही अल्काराज सिनर से वर्ल्ड नंबर-1 का ताज भी छीन लिया। अल्काराज 2023 के बाद पहली बार वर्ल्ड नंबर-1 बने हैं। वे 5वीं बार वर्ल्ड नंबर 1 के रूप में अपनी पारी शुरू करेंगे।



इससे पहले वे कुल मिलाकर 37 हफ्ते नंबर-1 रह चुके हैं।

**2025 में तीसरी बार भिड़े ग्रैंड स्लैम फाइनल में** – यह इस साल का तीसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल था जिसमें अल्काराज और सिनर आमने-सामने हुए। जून में हुए फ्रेंच ओपन फाइनल में अल्काराज विजेता बने थे, जबकि जुलाई में विंबलडन के फाइनल में सिनर ने अल्काराज को हराया था।

- **सेमीफाइनल में अल्काराज ने जोकोविच और सिनर ने ऑगर-अलियासिमे को हराया** – अल्काराज ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-6(4), 6-2 से हराया। वहीं, सिनर ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई।
- **पिछले आठ ग्रैंड स्लैम पर अल्काराज-सिनर का कब्जा** – पिछली आठ ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियां अल्काराज और सिनर ने आपस में बांटी हैं। पिछले 13 ग्रैंड स्लैम में से 10 खिताब इन दोनों खिलाड़ियों के नाम रहे हैं। अब तक अल्काराज 6 और सिनर 4 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं।
- **सिनर बने चौथे खिलाड़ी जिन्होंने एक साल में चारों ग्रैंड स्लैम फाइनल खेले** – सिनर लगातार पांचवें ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे हैं, जिसकी शुरुआत 2024 स ओपन से हुई थी। वह एक साल में सभी चार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे खिलाड़ी बने।

# पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह अमृतसर आईएएस कमिश्नर साक्षी से मिलेंगे

### कहा-आप जैसी शख्सियतें हौसला देती हैं, हॉकी कप्तान बोले-लोगों के साथ खड़े रहना फर्ज

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब इस समय भीषण बाढ़ संकट से जूझ रहा है। खेतों से लेकर शहरों और गांवों तक पानी ने भारी नुकसान पहुंचाया है। हजारों परिवारों को सुरक्षित ठिकानों



युवराज सिंह – पूर्व क्रिकेटर | साक्षी साहनी – डीसी अमृतसर | हरमनप्रीत – कैप्टन, हॉकी टीम

पर जाना पड़ा है, जबकि फसलें और लोगों का रोजगार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालात से निपटने के लिए प्रशासन और स्थानीय लोग लगातार राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं।

इसी बीच अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर आईएएस साक्षी सहनी की कार्यशैली पूरे राज्य में उम्मीद की किरण बनी है। क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी सोशल मीडिया पर उनकी सराहना करते हुए लिखा कि पंजाब ने मुश्किल समय का सामना किया है और ऐसे हालात में आईएएस साक्षी सहनी जैसी शख्सियतें हमें हौसला देती हैं।

अमृतसर की पहली महिला डिप्टी कमिश्नर के रूप में उन्होंने बाढ़ के दौरान सबसे आगे रहकर नेतृत्व किया, सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में मौजूद रहीं, लोगों की समस्याएं सुनीं, कार्रवाई की और अपने लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहीं।

# पाकिस्तान करेगा त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला में मेंजबानी

### अफगानिस्तान-श्रीलंका के खिलाफ शेड्यूल जारी किया

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान नवंबर में अपनी पहली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा जिसमें अफगानिस्तान और श्रीलंका भी हिस्सा लेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद सैयद ने बयान में कहा, 'हम पाकिस्तान की पहली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में श्रीलंका और अफगानिस्तान की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा, 'यह प्रतियोगिता ना केवल अगले साल के आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए बेहतरीन मौका देगी बल्कि प्रशंसकों को अलग-अलग जगहों पर रोमांचक क्रिकेट भी देखने को मिलेगा। तीनों टीम एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी जिसके बाद शीर्ष दो टीम 29 नवंबर को लाहौर में फाइनल खेलेंगी।

त्रिकोणीय श्रृंखला की शुरुआत 17 नवंबर को रावलपिंडी में होगी जब पाकिस्तान का सामना



अफगानिस्तान से होगा। रावलपिंडी के लाहौर में भी श्रृंखला के मुकाबले होंगे। अफगानिस्तान पहली बार पाकिस्तान में टी20 मैच खेलेगा।

### कार्यक्रम

- **17 नवंबर** – पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान, रावलपिंडी
- **18 नवंबर**– श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान, रावलपिंडी
- **22 नवंबर**– पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, लाहौर
- **23 नवंबर**– पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान, लाहौर
- **25 नवंबर**– श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान, लाहौर
- **27 नवंबर**– पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, लाहौर
- **29 नवंबर**– फाइनल, लाहौर।

### इंग्लैंड ने तोड़ा भारत का विश्व रिकॉर्ड

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ दर्ज की वनडे में सबसे बड़ी जीत

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका पर 342 रनों की जीत के साथ वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। इस ऐतिहासिक जीत ने रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत के पिछले विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। जो भारत के नाम श्रीलंका पर 317 रनों की जीत का था।

इंग्लैंड ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में 5 विकेट पर 414 रन का विशाल स्कोर बनाया। इस पारी में अनुभवी जो रूट ने अपना 19वां वनडे शतक और उभरते हुए खिलाड़ी जैकब बेथेल ने वनडे क्रिकेट में अपना पहला शतक लगाया। दोनों के शतकों ने इस बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। रूट और बेथेल ने तीसरे विकेट के लिए 182 रनों की शानदार साझेदारी की। जिसके बाद जोस बटलर ने 32 गेंदों में 62 रनों की तेज पारी खेलकर स्कोर को और मजबूत



किया जिससे इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका के सामने 415 रनों का विशाल लक्ष्य रखा।

जवाब में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया और शुरुआती पावरप्ले में ही छह विकेट गंवा दिए। जोफ्रा आर्चर ने धमाकेदार शुरुआत की और लगातार मेडन ओवरों में एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन के विकेट चटकाए। उन्हें ब्रायडन कार्स का भी अच्छा साथ मिला। दक्षिण अफ्रीकी की स्थिति और भी खराब हो गई क्योंकि वे अपने कप्तान टेम्बा बावुमा के बिना खेल रहे थे जिन्हें पहली पारी के दौरान चोट लग गई थी। फिर लेग स्पिनर आदिल राशिद ने तीन विकेट लेकर निचले क्रम के बल्लेबाजो को आउट कर इंग्लैंड की शानदार जीत सुनिश्चित की।

गौर है कि हैरी ब्रूक की टीम पहले दो मैच हारकर तीन मैचों की सीरीज पहले ही गंवा चुकी थी। लेकिन इस जीत ने उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ाया होगा। यह नतीजा दक्षिण अफ्रीका की वनडे इतिहास की सबसे बड़ी हार के तौर पर भी देखा जाएगा।

# प्राथमिकता के आधार पर करें लंबित मामलों का निष्पादन : श्रीकांत शास्त्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फॉलो-अप मीटिंग एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, योजनाओं एवं लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई तथा विभागवार प्रस्तुत एजेंडा का पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया। बैठक में सर्वप्रथम जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला, सदर एवं दाउदनगर अनुमंडल स्तर पर दायर लंबित परिवादों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सीपीग्राम से संबंधित 23 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 236 आवेदन तथा 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम से संबंधित 77 आवेदन अब भी लंबित है। इस पर जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस मामले में किसी भी स्तर पर शिथिलता बरतना स्वीकार्य नहीं होगी। इसके पश्चात लोक सेवा के अधिकार (आरटीपीएस) अंतर्गत विभिन्न सेवाओं जैसे आवासीय, जाति, आय, ओबीसी, इडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र सहित जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र आदि लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने स्तर पर लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। साथ ही पेंशन, पारिवारिक लाभ, राशन कार्ड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) तथा एलपीसी के लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राशन कार्ड संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए सदर एवं दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारियों को शीघ्र




अग्रेतर कार्रवाई करने को कहा। बैठक के दौरान जिला विधि शाखा में लंबित सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी वादों की विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर कर विधि शाखा में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने तथा अपने-अपने न्यायालयीन वादों की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। बैठक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की भी समीक्षा की गई। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पंचायती राज विभाग से हस्तांतरित वार्डों में कुल 1163 टोले चिन्हित किए गए है जिनमें से 887 टोले के लिए एनओसी प्राप्त हो चुका है जबकि शेष 276 टोले का एनओसी विभिन्न अंचलों से प्राप्त किया जाना शेष है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी कनीय अभियंता और अंचलाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर लंबित एनओसी शीघ्र प्राप्त करें और नल-जल योजना के अंतर्गत सभी छूटे हुए टोलों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के क्रम में जल-जीवन-हरियाली योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों जैसे सार्वजनिक तालाब, आहार-पईन का जीर्णोद्धार, चेक-डैम निर्माण, नए जल स्रोतों का सृजन, सार्वजनिक कुओं का नवीनीकरण, वर्षा जल संचयन प्रणाली (रेन वाटर हार्वेस्टिंग), पौधशालाओं की स्थापना, सघन वृक्षारोपण तथा जैविक खेती जैसी गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए क्योंकि इन योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीण जनता को मिलता है और यह पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। समेकित बाल विकास सेवा विभाग की समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, मरम्मती, पेयजल, बिजली और शौचालय की उपलब्धता पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने पीएचइडी के कनीय अभियंता एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों पर नल-जल की उपलब्धता सुनिश्चित करें और इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। साथ ही बिजली विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में भी अधिष्ठापन कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं की समीक्षा कर स्पष्ट निर्देश दिया कि आमजन को उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का निष्पादन पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जनता को लाभकारी योजनाओं का समुचित लाभ उपलब्ध कराना है और इसके लिए सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा एवं तत्परता से निभाएं। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) विनीता कुमारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नदी में डूबने से दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/गोह।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में डूबने से दो लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंदेया थाना क्षेत्र अंतर्गत सुग्गी गांव के पास शौच के लिए गए युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान उसी गांव निवासी लालमोहन यादव के 40 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई। जानकारी के मुताबिक रविवार को विकास घर से दक्षिण दिशा की ओर शौच के लिए निकला था। लौटते वक्त पैर फिसल गया और वह नगर में गिर गया। पानी अधिक होने के कारण वह डूब गया। आसपास में मौजूद लोगों ने जब उसे डूबते देखा तो शोर मचाकर इसकी जानकारी अन्य ग्रामीण और उसके परिजन को दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं उपहारा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के बेला गांव के पास



सोमवार को पुनपुन नदी से एक अधेड़ का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के शंकरडीह गांव निवासी 50 वर्षीय निरंजन उर्फ लुटन चौधरी के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों को सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग की है। थानाध्यक्ष मनेष कुमार ने बताया कि पुनपुन नदी से सड़े गले अवस्था में अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान होने पर पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# करاटे प्रतियोगिता में औरंगाबाद के छात्रों ने जीता गोल्ड मेडल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कराटे प्रतियोगिता में औरंगाबाद के चार छात्रों ने गोल्ड मेडल जीता है। वहीं एक छात्र ने सिल्वर और एक छात्र ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। गोल्ड मेडल जीतने वालों में विशाल, बुशरा अफरोज, अंकित, आदित्य शामिल हैं। वहीं अभिषेक यादव ने सिल्वर और दिव्यांश ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। कोच प्रशांत कुमार और सचिन कुमार ने बताया कि झारखंड में बगोदर में दो दिवसीय ऑल इंडिया रेनबुकन चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें औरंगाबाद जिले के छह खिलाड़ी बिहार टीम की तरफ से भाग लिए थे। प्रतियोगिता में बिहार को 5वां स्थान मिला और सभी छह खिलाड़ियों ने मेडल जीता है।

# अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर करें कार्रवाई : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित की गयी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने मातृ-शिशु, परिवार कल्याण, नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, गैर संचारी रोग, संस्थागत प्रसव, अस्पतालों में दवा एवं डायग्नोस्टिक सेवाओं की उपलब्धता, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के संचालन की समीक्षा की गयी तथा विभिन्न निर्देश दिए गए। जिले के सभी सरकारी



अस्पतालों में साफ सफाई की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, आवश्यक दवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं अस्पताल प्रबंधन को मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते सेवा भावना से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही सिविल सर्जन को सुझाव दिया कि अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, क्लिनिकों, अल्ट्रासाउंड केन्द्रों एवं जांच केन्द्रों के विरुद्ध कार्रवाई किया जाय। सभी हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों पर सरकार के द्वारा निर्धारित सूची के अनुसार दवा एवं जांच की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. लालसा सिन्हा के साथ अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन, सभी उपाधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला लेखा प्रबंधक मो. अफरोज हैदर, डीसीएम आनंद प्रकाश, अनुश्रवण पदाधिकारी अविनाश कुमार वर्मा, उपेंद्र कुमार चौबे, सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य प्रबंधक सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, डेवलपमेंट पार्टनर विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ मो. नकीब, यूनिसेफ के एसएमसी मो. नैयर, यूएनडीपी के वीसीसी एम मो. अर्शी खान, पिरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीडर विश्वास कुमार, सी थ्री के प्रतिनिधि ब्रजकिशोर मंडल, पीएसआई के प्रोग्राम मैनेजर शैलेश तिवारी एवं अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गुमटी से गांजा बरामद कारोबारी गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** फेसर पुलिस ने गांजा के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के दिल मोहम्मदगंज निवासी मिथिलेश कुमार के रूप में की गई है। इसके पास से 913 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को किराना की गुमटी में गांजा बेचने की सूचना मिली। इसी आधार पर पुलिस की टीम ने गुमटी में छापेमारी की। तलाशी के दौरान पुलिस ने गुमटी से कई पुड़िया गांजा बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने गांजा बिक्री की बात स्वीकार की है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि गुमटी से 913 ग्राम गांजा के साथ कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# पंच-सरपंचों को भी मिले पेंशन : राजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के सम्राट अशोक सभागार में औरंगाबाद जिला पंच सरपंच संघ के महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित पूर्व विधान पार्षद राजन कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वेतन ही नहीं पंच सरपंचों को पेंशन भी मिलना चाहिए। पंच सरपंच से संबंधित जितनी भी समस्याएं हैं उसका समाधान जल्द से जल्द कर लिया जाएगा। सरकार द्वारा निर्णय ले लिया गया है सिर्फ क्रियान्वयन बाकी है। उन्होंने जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों से इस संबंध में बात करने की बात कही। संघ के संरक्षक रविंद्र सिंह ने कहा



कि अन्य जनप्रतिनिधियों की तुलना में पंच सरपंचों को काफी कम सुविधा प्रदान किया गया है। उन्होंने इस पर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। पंच सरपंचों से संबंधित समस्याओं को लेकर राजन कुमार सिंह के नेतृत्व में औरंगाबाद के जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिलाध्यक्ष पप्पू ज्वाला सिंह ने सरकार से चिकित्सीय सहायता, प्रतिनिधि सामान्य या दुर्घटना निधन लाभ, सरपंच को सुरक्षा प्रदान करने ग्राम कचहरी हेतु उपस्कर स्वच्छता कर्मी, चौकीदार एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सरपंच के समन्वय से संबंधित अपनी मांग रखी। कार्यक्रम में औरंगाबाद प्रखंड से करीब 300 से अधिक पंच-सरपंचों ने हिस्सा लिया जिसमें महिलाओं की संख्या अत्यधिक रही।

# गांजा कारोबारी सहित अन्य मामलों में 21 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे में 21 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एनडीपीएस एक्ट में ण्क, हत्या के प्रयास में 4, शराब के शीर्ष कांडों में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 783 वाहनों की जांच की गई जिसमें 51000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। वारंट निष्पादन की संख्या 8, कुर्की निष्पादन की संख्या एक है। वहीं 290.2 लीटर देसी एवं 0.72 विदेशी शराब एवं 913 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के आदेश पर लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। एसपी की माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके, उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं।

# मास्टर प्रशिक्षक ही निर्वाचन प्रक्रिया की रीढ़ : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों के क्रम में सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित किया गया। गौरतलब है कि निर्वाचन प्रक्रिया के सफल, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित संचालन हेतु प्रत्येक स्तर पर मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। इसी कड़ी में मास्टर प्रशिक्षकों की टीम का गठन किया जा रहा है, जिनके माध्यम से आगे मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर कुल 359 महिला एवं पुरुष मास्टर प्रशिक्षकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने संबोधन में कहा कि मास्टर प्रशिक्षक ही निर्वाचन प्रक्रिया की रीढ़ है, क्योंकि उन्हीं के द्वारा प्रशिक्षित मतदानकर्मी ही चुनाव को निर्विघ्न, शांति एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराते हैं। उन्होंने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण के प्रत्येक बिंदु को गंभीरता से आत्मसात करें तथा किसी भी प्रकार की शंका या संदेह को दूर कर लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के दौरान प्रत्येक मतदान कर्मी मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ही कार्य करता है, इसलिए यह आवश्यक है कि प्रशिक्षक स्वयं पूर्ण रूप से दक्ष हों। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया, प्रपत्रों की जानकारी, ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन, मॉक पोल, मतदान केंद्र प्रबंधन एवं अन्य सभी तकनीकी पहलुओं पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य मास्टर प्रशिक्षक राजकुमार प्रसाद गुप्ता की उपस्थिति में प्रशिक्षण सत्र संपन्न हुआ जिसमें उन्होंने अत्यंत सरल एवं व्यवहारिक शैली में सभी आवश्यक बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। जिलाधिकारी ने अंत में सभी मास्टर प्रशिक्षकों से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं दक्षता के साथ करें ताकि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 औरंगाबाद जिला में शांति, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# 160 लीटर महुआ शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा(औरंगाबाद)।** ओबरा पुलिस ने रविवार की शाम महादेवा सोन दियारा क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाकर भारी मात्रा में शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 160 लीटर देशी महुआ शराब जब्त करने के साथ ही करीब तीन हजार लीटर फूला हुआ जावा महुआ को नष्ट कर दिया। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि इस क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ शराब की चुलाई की जाती है और भट्ठियों पर तैयार कर बेचा जाता है। सूचना की पुष्टि होते ही पीएसआई दीपक कुमार अंकित, एसआई अनिल कुमार और सुशील कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने चार बड़े जर्किन में 160 लीटर शराब बरामद की और चार अवैध भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि शराब धंधेबाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की छापामारी लगातार जारी रहेगी और अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोगों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का मानना है कि सोन दियारा क्षेत्र में की गई यह बरामदगी बड़ी उपलब्धि है और इससे अवैध शराब धंधे पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

# मारपीट में सात घायल

**हसपुरा(नबिटा संवाददाता)।** हसपुरा बाजार के पुरानी थाना रोड में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने का मामला सामने है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मामले में सनहा दर्ज किया गया है। दोनों पक्षों से एक महिला समेत सात घायल लोग हैं। घायलों में उदय कुमार, अनुपम यादव, मुजीलाल सिंह, नीतू देवी, बैजनाथ सिंह, शालीब कुमार, उमेश यादव शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज हसपुरा सीएचसी अस्पताल में किया गया। इनमें गंभीर हालत देखते हुए उदय कुमार व अनुपम यादव को छोड़ पांच लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

# डीएम ने सुनी 15 परिवादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को जनता दरबार लगाकर 15 परिवादियों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों में मुख्यतः कब्रिस्तान घेराबंदी, भूमि बंदोबस्ती, अतिक्रमण हटाने, दाखिल-खारिज, भूमि कब्जा, कुआं जीर्णोद्धार में अनियमितता, नल-जल योजना की समस्याएं, आशा बहाली में अनियमितता, सड़क, नाली एवं गली निर्माण जैसी जनसरोकार से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। कार्यक्रम के दौरान जम्होर ग्राम कचहरी सरपंच सह जिला अध्यक्ष पप्पु ज्वाला सिंह द्वारा ग्राम कचहरी जनप्रतिनिधियों के सुविधा एवं संचालन में सहयोग से संबंधित मुद्दा रखा गया। इसी क्रम में कासमा थाना के गोरा पोखर निवासी अनरूद्ध दास द्वारा भूमि बंदोबस्ती से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रखंड क्षेत्र के ही गौरा पोखर निवासी कमलेश दास ने गांव के चरागाह भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग रखी। प्रखंड क्षेत्र के ही बिरूआ गांव निवासी सरयू यादव एवं अन्य द्वारा त्रुटिपूर्ण जमाबंदी पंजी संशोधन हेतु आवेदन दिया गया। रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के करमी टोले तिवारी निवासी लालधारी चौधरी ने निजी भूमि पर अवैध ढंग से सड़क एवं नाली निर्माण कार्य पर रोक लगाने का अनुरोध किया। इसी प्रकार रफीगंज प्रखंड के पड़रिया निवासी मो. कासिम अंसारी ने गैरमजरूआ जमीन से अवैध कब्जा हटाने तथा खुदवां थाना क्षेत्र के मलवा निवासी मो. इमागुदीन अंसारी द्वारा मलवा कब्रिस्तान की घेराबंदी संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# ओबरा में दिखेगी बर्धमान की झलक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** काली पूजा की तैयारियां ओबरा में जोर-शोर से शुरू हो गई है। इस बार नगरवासियों को बंगाल के बर्धमान की झलक अपने शहर में ही देखने को मिलेगी। मुख्यालय स्थित काली मंदिर परिसर और पटना-पथ (एनएच) पर बंगाल के वर्धमान के पूजा पंडाल की तर्ज पर मां काली की प्रतिमा विराजमान होगी। काली पूजा कमेटी के उपाध्यक्ष नंटू जायसवाल ने बताया कि पंडाल आकर्षक और ऊंचा बनाया जा रहा है। निर्माण में करीब डेढ़ लाख रुपये की लागत आने की संभावना है, जबकि पूरी पूजा के आयोजन पर खर्च लगभग चार लाख रुपये तक

## भव्य पंडाल में विराजेंगी मां काली




पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि इस बार पंडाल युद्ध स्तर पर तैयार किया जा रहा है और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पंडाल का निर्माण आसनसोल के कारीगरों और स्थानीय कलाकारों की देखरेख में होगा। कमेटी का दावा है कि यह पंडाल ओबरा का अब तक का सबसे भव्य पंडाल होगा और नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस वर्ष सजावट और मूर्ति निर्माण पर अधिक राशि खर्च हो रही है। महंगाई बढ़ने के कारण मूर्ति निर्माण, अन्य सामग्रियों और लेबर चार्ज की लागत में वृद्धि हुई है। कमेटी सदस्यों का कहना है कि इस बार की पूजा सजावट और भव्यता के मामले में अलग पहचान बनाएगी। नगरवासियों को उम्मीद है कि बंगाल की परंपरा और ओबरा की सांस्कृतिक ऊर्जा मिलकर एक अद्भुत धार्मिक वातावरण तैयार करेगी।

# लाखों की चोरी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गोह थाना क्षेत्र के डिहुरी गांव में अज्ञात चोरों ने नकदी सहित लाखों के जेवरात उड़ा लिये। चोरी की यह घटना उक्त गांव निवासी नागेश्वर यादव के घर में रविवार की रात हुई है। उन्होंने बताया कि रविवार की रात पूरे परिवार के साथ खाना खाकर अपने कमरे में सोया हुआ था। इसी दौरान घर की खिड़की के पीछे से अज्ञात चोर खिड़की तोड़कर घर में घुस गए। इस दौरान चोरों ने घर में रखे बक्से को तोड़कर 15 हजार रुपये नकद सहित लाखों रुपये के जेवरात को चोरी कर आसानी से फरार हो गये। सूचना पर गोह थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है। वैसे पुलिस कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# विधिक स्वयं सेवक करेंगे मतदाताओं की समस्याओं का समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जिले के सभी 11 प्रखंडों मं प्रशिक्षित पारा विधिक स्वयं सेवकों को तैनात किया गया है। सभी तैनात पारा विधिक स्वयं सेवकों को आम मतदाताओं एवं राजनीतिक दलों को मतदाता सूची के संबध में ऑनलाइन दावें एवं आपत्तियों को दाखिल करने में सहयोग प्रदान करेंगें। साथ ही प्रखण्ड स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को उनके अधिकार बताते हुए उन्हें जागरूक करेंगे और जिन मतदाता का नाम सूची में कट गया है अथवा कोई त्रुटि हुआ है तो संबधित बीएलओ से सम्पर्क स्थापित कर त्रुटि को दूर कराने में सहयोग करेंगे। प्रखंडवार प्रतिनियुक्त पारा विधिक स्वयं सेवकों में बारून के लिए बेबी देवी और फुलेन्द्र कुमार, मदनपुर के लिए रोहित कुमार और कविता कुमारी, औरंगाबाद के लिए विरेन्द्र राम और सुरेन्द्र कुमार, नवीनगर के लिए आलोक कुमार पाण्डेय और दिनेश कुमार साव, कुटुंबा के लिए प्रकाश कुमार सिंह और माधुरी सिंह, देव के लिए इंदू कुमारी और रोमा पाठक, रफीगंज के लिए अरूण कुमार, गोह के लिए चन्द्रशेखर आजाद और अनिल कुमार, हसपुरा के लिए उपेन्द्र कुमार और रिमझीम कुमारी, दाउदनगर के लिए ज्ञानदत्त कुमार और रूबी कुमारी, ओबरा के लिए अविनाश कुमार पाठक और सुधीर कुमार त्रिवेदी शामिल है।